सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 26 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 288, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## जांच-पड़ताल के बाद किया निवेश : एलआईसी

एलआईसी ने कहा कि उसने अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश स्वतंत्र रूप से और विस्तृत जांच-पड़ताल के बाद किया। } 10

## पारंपरिक मीडिया को बचाने के लिए काम कर रही सरकार : वैष्णव

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा सरकार ने पारंपरिक मीडिया को इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे डिजिटलीकरण के कारण होने वाले व्यवधानों से बचाने के लिए कई पहलों की योजना बनाई है। } 12



# रोहित-कोहली ने दिखाया जलवा

### भारत ने 38.3 ओवर में ही ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया

एजेंसी

सिडनी। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया जो पहले दो मैच जीत ...शेष पृष्ठ 10 पर



# बिहार से घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालेंगे : शाह

### ❍ मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया ❍ जंगलराज की वापसी और विकास के बीच मुकाबला

एजेंसी

खगड़िया नालंदा। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय की वह गौरवगाथा पुनर्स्थापित की है, जिसे आज 100 बख्तियार खिलजी भी मिटा नहीं सकते।

बिहारशरीफ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बदौलत ही चुनाव दो चरणों में हो पा रहे हैं, और अगर जनता इसे एक और मौका दे तो अगली बार बिहार में चुनाव एक ही चरण में संपन्न होंगे। शाह ने विपक्षी नेताओं जैसे लालू प्रसाद, राहुल गांधी, ममता बनर्जी व मायावती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के फैसले के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि मोदी-सरकार ने बिहार को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि अब जंगलराज की वापसी नहीं होने देंगे और विकास-प्रदर्शन के आधार पर सरकार का चुनाव किया जाना चाहिए। इससे पहले खगड़िया जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव यह तय करेगा कि राज्य में जंगलराज वापस आएगा या यह विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहेगा। शाह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने को लेकर इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि हर एक घुसपैठिये का पता लगाया जाएगा, मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जाएगा और ऐसे लोगों को उनके देशों में वापस भेजा जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा, राहुल बाबा कहते हैं कि घुसपैठियों को बिहार में रहने दिया जाए। आप बताइए, क्या हमें घुसपैठियों को रहने देना चाहिए? चाहे वह जितनी भी रैलियां कर लें घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाल लें, वह घुसपैठियों को बचा नहीं सकते। गृह मंत्री ने दावा किया कि बिहार में फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और कहा, हमारी सरकार एक-एक घुसपैठिये को चुनकर देश से बाहर करेगी। उनका पता लगाया जाएगा और उन्हें वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा यह चुनाव किसी को विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनाने का चुनाव नहीं है। यह चुनाव तय करेगा कि बिहार में लालू-राबड़ी का जंगलराज लौटेगा या फिर राजग के आने पर विकसित बिहार पूरे देश में अपनी पहचान बनाएगा। शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी महागठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार और परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने केवल अपने परिवार की समृद्धि पर ध्यान दिया। गृह मंत्री ने दावा किया, नीतीश बाबू राज्य का समग्र विकास चाहते हैं, जबकि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री। इसलिए बिहार के बेटों-बेटियों की चिंता केवल नरेन्द्र मोदी जी और नीतीश कुमार जी ही कर सकते हैं। उनके खिलाफ एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, जबकि ...शेष पृष्ठ 10 पर



# सिविल एविएशन में तीव्र प्रगति कर रहा यूपी

### ❍ मुख्यमंत्री योगी ने किया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण ❍ सुरक्षा और उद्घाटन समारोह स्थल का लिया जायजा

विशेष संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉमेस्टिक टर्मिनल, उद्घाटन समारोह स्थल, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्डरूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना की प्रगति, आगामी कार्ययोजना और उद्घाटन समारोह की तैयारियों पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

इस दौरान, सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ और उद्घाटन समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए ठोस और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने को कहा। एयरपोर्ट से जुड़ी सड़क और मेट्रो लिंक परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने नागरिक उड्डयन, सुरक्षा, विस्फोटक निरोधक दस्ता, नियंत्रण इकाई, उप स्टेशन और आधारभूत संरचना से संबंधित अद्यतन जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के संचालन से जुड़े सभी तकनीकी, सुरक्षा एवं प्रशासनिक पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओओ किरण जैन ने एनआईए अनुज्ञा निर्गमन, यात्री सुरक्षा, रनवे, वायुसंचालन परीक्षण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ और चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता अस्वीकार्य होगी।

मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे से सड़क संपर्क, माल परिवहन संपर्क, अग्निशमन केंद्र, जल शोधन संयंत्र, जलभराव निस्तारण एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्थाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। नायल के सीईओ राकेश कुमार सिंह और नोडल अफसर शैलेन्द्र भाटिया ने प्रगति और कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि हवाई अड्डे के सभी कार्यों की प्रगति नियमित रूप से समीक्षा कर गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी जनसभा एवं रैली की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभा स्थल पर ...शेष पृष्ठ 10 पर





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस बीच सीएम योगी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की।

## संक्षेप

### अभिनेता सतीश शाह का 74 वर्ष की आयु में निधन



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सतीश शाह का शनिवार को निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। शाह के प्रबंधक ने यह जानकारी दी। शाह को फिल्म जाने भी दो यारो, मैं हूं ना और मशहूर टीवी शो, साराभाई वर्सेज साराभाई में अपने अभिनय के लिए खास तौर पर सराहा जाता है। तीस से ज्यादा वर्षों से सतीश ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आगरा में कार की टक्कर से 5 की मौत

आगरा। न्यू आगरा थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित कार ने शुक्रवार रात कई लोगों को बुरी तरह रौंद दिया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त शेष मणि उपाध्याय ने शनिवार को बताया कि यह हादसा थाना न्यू आगरा इलाके में केंद्रीय हिंदी संस्थान से आगे नगला बूढ़ी पर हुआ। हादसे में घायल पांच लोगों को सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज में भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बबली, भानु प्रताप, कमल, कृष्णा और बंटेश के रूप में हुई हैं। मृतकों में से भानु प्रताप एक निजी कंपनी के पार्सल डिलीवरी करने का काम करता था।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाक को सुनाई खरी-खरी

### अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने का आह्वान

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान के लिए लोकतंत्र को एक बाहरी अवधारणा बताते हुए उससे अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को रोकने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शुक्रवार को यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशनः लुकिंग इंटू फ्यूचर विषय पर आयोजित खुली बहस में पाकिस्तानी दूत के उल्लेखों का जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं व संवैधानिक ढांचे के अनुसार अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पर्वतनेनी हरीश

उन्होंने कहा हम निश्चित रूप से जानते हैं कि ये (लोकतांत्रिक) अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए बाहरी हैं। दूत ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने का आह्वान करते हैं, जहां की जनता पाकिस्तान के सैन्य कब्जे, दमन, क्रूरता व संसाधनों के अवैध दोहन के खिलाफ खुला विद्रोह कर रही है। हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को वास्तविक, व्यापक सुधारे करने होंगे और 80 साल पुरानी सुरक्षा परिषद की संरचना अब समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती। उन्होंने कहा, 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाली एक पुरानी परिषद संरचना 2025 की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार नहीं है। भारतीय दूत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने में ग्लोबल साउथ की आवाज को तवज्जो दी जानी चाहिए। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### इंदौर : ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़, एक गिरफ्तार

इंदौर। आईसीसी महिला क्रिकेट वियव कप में हिस्सा ले रही ऑस्ट्रेलिया की दो महिला क्रिकेटरों का मध्यप्रदेश के इंदौर में कथित तौर पर पीछा किया गया और उनमें से एक के साथ मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने खजराना रोड इलाके में बृहस्पतिवार सुबह हुई इस घटना के आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपनिरीक्षक निधि रघुवंशी ने बताया कि दोनों क्रिकेटर अपने होटल से बाहर निकलीं और एक कैफे की ओर जा रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। रघुवंशी के मुताबिक, उस व्यक्ति ने उनमें से एक क्रिकेटर को कथित तौर पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हुए बाबा केदार

### सीएम धामी के निर्देश पर शीतकालीन यात्रा के किये जा रहे सभी आवश्यक प्रबंध



प्रमुख संवाददाता

रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)। हिमालय की हिमाच्छादित वादियों में जय बाबा केदार के उद्घोष और सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच भगवान श्री केदारनाथ की पंचमुखी डोली शनिवार की दोपहर अपने शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में विराजमान हो गई। इस पवित्र क्षण का साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने फूल वर्षा कर और भक्ति गीतों के माध्यम से बाबा केदार का स्वागत किया। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में शीतकालीन यात्रा को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु वर्षभर बाबा केदारनाथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप

# लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा व स्नेहा सिंह सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा व स्नेहा सिंह ने डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित करते हुए एकल मुकाबलों में मेजबान की चुनौती कायम रखी। क्वार्टर फाइनल में पुरुष एकल में सिद्धार्थ मिश्रा ने वरीय खिलाड़ी लखीमपुर के सिद्धांत सालार को 21-16, 21-18 से पराजित किया। वहीं महिला एकल में स्नेहा सिंह ने दूसरी वरीय एनईआर की शिवांगी सिंह को कड़े मुकाबले में 21-10, 14-21, 21-12 से हराकर सबको चौका दिया जबकि यूपी बैडमिंटन अकादमी की अमोलिका सिंह ने हापुड़ की काजल पंवार को 21-16, 21-19 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया।

बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी गोमती नगर में आयोजित पांच लाख रुपए की ईनामी राशि वाली चैंपियनशिप में मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में यूपी बैडमिंटन अकादमी के कुंवर शिवांग व सुजाता सिंह ने शीर्ष वरीय प्रदीप चौधरी व स्नेहा सिंह (अलीगढ़/लखनऊ) को 21-15, 21-17 से और दक्ष गौतम व सोनाली सिंह (आगरा/ यूपी बैडमिंटन अकादमी) ने दूसरी वरीय अंश गौड़ व सिमरन चौधरी (मुरादाबाद/यूपी पुलिस) को 21-14, 21-11 से हराकर उलटफेर भरी जीत दर्ज की।









महिला युगल क्वार्टर फाइनल में रमा सिंह व सोनाली सिंह (अलीगढ़/ यूपी बैडमिंटन अकादमी) ने अनुपमा व श्वेता राज (बांदा/बाराबंकी) को 21-12, 21-9 से हराया। चैंपियनशिप का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 26 अक्टूबर को आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती अलका दास एवं बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर दास होंगे। चैंपियनशिप की पांच लाख रुपए की प्राइजमनी हर साल की तरह बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति श्रीमती अलका दास द्वारा प्रदान की ...शेष पृष्ठ 10 पर

# खाद्य प्रसंस्करण का हब बन रहा उत्तर प्रदेश

## ग्लोबल ट्रेड रिसर्च रिपोर्ट में यूपी-गुजरात को बताया गया भारत का फूड प्रोसेसिंग का पावरहाउस

विशेष संवाददाता (vol)

**आगरा और फरूर्खाबाद में बन रहे अत्याधुनिक संयंत्र, किसानों को मिल रहा दोगुना लाभ**

**प्रदेश में लगभग 65,000 फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स से करीब 2.5 लाख को मिल रहा रोजगार**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक शक्ल दे रहा है। राज्य तेजी से भारत का फूड प्रोसेसिंग हब बनकर उभर रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में गुजरात और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख प्रोसेसिंग केंद्रों के रूप में रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्ति पक्ष पर जहां गुजरात के मेहसाणा और बनासकांठा में आधुनिक डिहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) संयंत्र विकसित हुए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के आगरा और फरूर्खाबाद जिलों में नए अत्याधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट्स स्थापित हो रहे हैं। इन संयंत्रों को कांट्रैक्ट फार्मिंग और कोल्ड स्टोरेज नेटवर्क का मजबूत आधार प्राप्त है, जिससे किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल रहा है। योगी सरकार का यह मिशन न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को एक कृषि से उद्योग परिवर्तन मॉडल के रूप में स्थापित कर रहा है—जहां खेत से लेकर फैक्ट्री तक हर स्तर पर विकास की गूंज सुनाई दे रही है।

**2.55 लाख युवाओं को रोजगार :** राज्य में फिलहाल 65,000 से अधिक फूड प्रोसेसिंग इकाइयां संचालित हैं, जिनसे करीब 2.55 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। सरकार का लक्ष्य हर जिले में कम से कम 1,000 नई प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित करना है, जिससे खेती को मूल्य संवर्धन और रोजगार दोनों के अवसर मिलेंगे। योगी सरकार ने अब तक 15 से अधिक एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क विकसित किए हैं, जिनमें बरेली, बाराबंकी, वाराणसी और गोरखपुर प्रमुख हैं। बरेली में बीएल एग्रो द्वारा करीब 1,660 करोड़ की इंटीग्रेटेड एग्रो प्रोसेसिंग हब की स्थापना प्रस्तावित है, जिसमें चावल मिलिंग, तेल निष्कर्षण और पैकेजिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी।

**निर्यात और नवाचार के नए आयाम गढ़ रहा उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश सरकार का विशेष फोकस अब फल-सब्जी प्रसंस्करण, हाई-वैल्यू क्रॉप्स और निर्यात-उन्मुख उद्योगों पर है, ताकि राज्य की कृषि उत्पादकता वैश्विक बाजार से सीधे जुड़ सके। इसी दिशा में आगरा में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर (उक्ढ) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की योजना बनाई गई है, जहां आलू और अन्य ट्यूबर फसलों पर अत्याधुनिक अनुसंधान होगा। यह पहल कानपुर, आगरा, लखनऊ और फरूर्खाबाद जैसे प्रमुख आलू उत्पादक जिलों के लिए बड़ा अवसर साबित होगी, जिससे किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतें और निर्यात संभावनाएं मिलेंगी। वर्तमान में अमेरिका, बांग्लादेश, यूएई और वियतनाम जैसे देश भारत से बड़े पैमाने पर प्रॉसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स का आयात कर रहे हैं, जिससे भारतीय प्रसंस्करण उद्योग को नई पहचान मिल रही है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत का उपभोक्ता व्यय $6 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगा, जो उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के लिए इस क्षेत्र में निवेश, रोजगार और निर्यात के अभूतपूर्व अवसर लेकर आएगा।

**नीति से मिल रही नई रफ्तार :** उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति देने के लिए योगी सरकार ने एक स्पष्ट और सशक्त वित्तीय व नीतिगत वातावरण तैयार किया है। राज्य की ह्यखाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है, जिसके तहत 19 नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

नीति के तहत उद्यमियों को उत्पादन-आधारित सब्सिडी, ब्याज सहायता, भूमि उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी और विकास शुल्क में छूट जैसी आकर्षक रियायतें दी जा रही हैं। इसके अलावा, सौर ऊर्जा, कोल्ड-चेन, क्लस्टर मॉडल और तकनीकी उन्नयन को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। नीति का मुख्य फोकस ह्लकच्चे माल की स्थानीय उपलब्धताह्व पर है, ताकि किसानों, प्रोसेसर्स और उद्यमियों के बीच त्रिस्तरीय वैल्यू चेन बन सके। बड़े बाजार, उत्पादन की कम लागत और दक्ष मानव संसाधन जैसी खूबियों के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे आकर्षक फूड प्रोसेसिंग निवेश केंद्रों में गिना जा रहा है।

# वर्टिकल व्यवस्था से मिलेगी राहत, योजना तैयार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लेसा की बिजली व्यवस्था में 1 नवंबर से एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। लखनऊ विद्युत आपूर्ति प्रशासन (लेसा) की पारंपरिक कार्यप्रणाली अब बदलने वाली है। उस दिन से लेसा में वर्टिकल सिस्टम पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा, एक ऐसी व्यवस्था जो उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान को तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी। इसके तहत एक कार्य एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय करेगा। इसके लागू होने से लखनऊ शहर के सभी उपभोक्ता को समय पर तय अधिकारी के अनुसार किया जायेगा।

एमडी रिया केजरीवाल ने शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि जिस तरह से अन्य प्रदेशों जैसे दिल्ली में बिजली व्यवस्था है कभी बिजली नही जाती है उसी तर्ज पर कार्य करना है। उन्होंने बताया कि कोई इस व्यवस्था के लागू होने से अधिकारी और कर्मचारी के ऊपर ज्यादा कार्य का दबाव भी नही बनेगा और उपभोक्ता को फोन के माध्यम से सही जानकारी समय पर मिल सकेगा।

**56 गाड़ी लेसा के अन्दर फाल्ट सही करने के लिए तैयार :** वर्टिकल व्यवस्था के अनुसार कोई भी उपभोक्ता मीटर में बिजली नही आ रही है, तार फाल्ट हो गया है या फिर बिजली का तार खंभे से हिल गया है या मीटर में फाल्ट है तो उसके लिए एक गाड़ी में लाईनमैन, और फाल्ट सही करने की सामग्री गाड़ी के माध्यम से तत्काल मौके पर पहुंचेगी। जिससे उपभोक्ता का कार्य समय पर हो सकेगा। इसके साथ हेल्प डेस्क पर तैनाती अभियंताओं का फोन नम्बर भी जारी किया जायेगा जिससे उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सके।

**क्या है वर्टिकल सिस्टम :** वर्टिकल सिस्टम एक ऐसी प्रशासनिक संरचना है, जिसमें हर शिकायत या कार्य के लिए एक सिंगल पॉइंट ऑफ कांटेक्ट तय किया जाता है। अब तक की व्यवस्था में उपभोक्ताओं को किसी एक समस्या के समाधान के लिए कई विभागों और अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ते थे।

**चार जोन में 21 हेल्प डेस्क तैयार :** वर्टिकल सिस्टम को सुचारू रूप से लागू करने के लिए लेसा के चार जोन अमौसी, लखनऊ मध्य, जानकीपुरम और गोमती नगर में कुल 21 हेल्प डेस्क स्थापित की जा रही हैं। जोन हेल्प डेस्क की संख्या इस तरह हैं, अमौसी जोन 7, लखनऊ मध्य जोन 6, जानकीपुरम जोन 4, गोमती नगर जोन 4

**1912 पर शिकायत को देना होगा जबाब :** वर्टिकल व्यवस्था के अनुसार कोई भी उपभोक्ता शिकायत 1912 पर करता है तो जिस भी अधिकारी को उपभोक्ता का कार्य करना है वह जिम्मेदारी के साथ समय पर कार्य नही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी होगी। इसके साथ ही उसे जिले या डिस्काम से बाहर कर दिया जायेगा। एमडी ने अधिकारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दी हैं। ताकि कोई भी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच न सके। जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और मूल्यांकन की व्यवस्था भी लागू की जा रही है।

**निजीकरण का इससे कोई मतलब नही है :** वर्टिकल व्यवस्था के तहत उपभोक्ता को कम समय में अच्छी सुविधा देने के लिए लागू किया जा रहा है। इसमें कोई भी अधिकारी इधर से उधर नही किया जायेगा। किसी भी संविदाकर्मी को जिले से बाहर नही किया जायेगा। जो जिस जगह पर कार्य कर रहा है वहीं पर करता रहेगा। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने बताया कि अब बिजली बिल संशोधन, मीटर खराब होने या आपूर्ति बाधित होने जैसी शिकायतों का समाधान एक ही हेल्प डेस्क से हो सकेगा।

# देव दीपावली में वाराणसी के घाटों पर जलेंगे करीब 25 लाख दीपक



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देव दीपावली 2025 पर काशी की उत्तरवाहिनी गंगा के दोनों तट दीपों की अद्भुत रोशनी से जगमगाएंगे। महादेव की नगरी में अर्धचंद्राकार घाट करीब 25 लाख दीयों की माला से सजकर साक्षात दिव्यता का रूप धारण करेंगे, तो गंगा पार रेत पर रंग, रोशनी और संगीत का समावेशी प्रदर्शन सृष्टि को आलोकित करेगा। वहीं, 3क प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो की अद्भुत झलक श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव कराएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय प्रयास है कि देवों की दिवाली वाराणसी आने वाले हर आगंतुक के लिए यादगार हो।

मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 03 से 05 नवम्बर तक काशी के चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक 3क प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मनमोहक प्रस्तुति में गंगा, काशी और देव दीपावली की पावन कथा को 25 मिनट के दर्शनीय अनुभव में पिरोया जाएगा, जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और 08 मिनट का लेजर शो सम्मिलित होगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया 3क प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए देव दीपावली, काशी-वाराणसी, भगवान शिव, गंगा और अन्य पौराणिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां होंगी। गंगा तट स्थित प्राचीन इमारतों की दीवारों और घाटों पर आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से विभिन्न छवियां उकेरी जाएंगी। हिंदी में संवाद के माध्यम से संबंधित कहानियां बताई जाएंगी। इस बार देव-दीपावली पर वाराणसी के घाटों पर करीब 25 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीये राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकि दीप घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। यह प्रकाश उत्सव घाटों को दिव्यता और सौंदर्य से भर देगा, जिससे गंगा घाट और पूरे शहर का दृश्य भक्तों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाएगा।

काशी के गंगा तट केवल दीपों से नहीं, बल्कि आकाश तक फैली रोशनी से भी जगमगाने वाले हैं। लगभग डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र में 10 मिनट तक चलने वाला शानदार फायर क्रैकर्स शो औसत 200 मीटर ऊंचाई तक रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरेगा, जो देखने वालों के लिए अलौकिक अनुभव प्रदान करेगा। यह शो ग्रीन फायर क्रैकर्स (पर्यावरण-अनुकूल आतिशबाजी), तकनीक और कंप्यूटर आधारित कोरियोग्राफी के साथ तैयार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को पूरा करता यह अद्भुत नजारा काशी की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देगा।

इस वर्ष देव दीपावली के अवसर पर काशी में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की संभावना है। इतनी बड़ी संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति को देखते हुए सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय प्रशासन व्यापक तैयारियां कर रही है, ताकि प्रत्येक आगंतुक को सुगम व सुरक्षित माहौल मिले।

# जनता के साथ संवाद और समन्वय बनाये रखें : धर्मपाल सिंह

## भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन ने पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ की अहम बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/लखीमपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शनिवार को लखीमपुर में पार्टी पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी द्वारा भारत रत्न, लौह पुरुष, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों और अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों व कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बूथ पर कार्य करने वाले सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से बूथ समितियों, पन्ना प्रमुखों और स्थानीय जनता के साथ संवाद एवं समन्वय बनाए रखें, ताकि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाएं सीधे जन-जन तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा, हमारे पास हमारी सरकार की उपलब्धियों का भंडार है। हमें बस सक्रिय होकर इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है और जनता को बताना है कि भाजपा सरकार ने कैसे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पार्टी द्वारा कई अभियान और संगठनात्मक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों में पार्टी के सभी नए और पुराने कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इन अभियानों और कार्यक्रमों के माध्यम से हम समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को पार्टी से जोड़ सकते हैं। इससे न केवल संगठन का विस्तार होगा बल्कि समाज के हर वर्ग में भाजपा के प्रति विश्वास और सहभागिता भी बढ़ेगी।

धर्मपाल सिंह ने आगामी सरदार@150 यूनिटी मार्च अभियान के विषय में बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की और सरदार पटेल के व्यक्तित्व, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। अभियान की रूपरेखा और उद्देश्य पर चर्चा करते हुए धर्मपाल सिंह ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा 31 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, समरसता और देशभक्ति की भावना को जाग्रत करना है। अभियान के अंतर्गत तीन प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तर पर 1 से 25 नवम्बर तक पद यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8 किलोमीटर लंबी पदयात्राएं आयोजित होंगी, जिनमें पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा, महिलाएं, किसान, व्यापारी और समाज के सभी वर्ग सक्रिय रूप से भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से पांच प्रतिनिधि जिनमें दो युवा मोर्चा पदाधिकारी तीन यूथ आइकॉन सम्मिलित होंगे, सरदार पटेल के जन्मस्थान करमसद से स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की राष्ट्रीय एकता यात्रा में सम्मिलित होंगे। यह यात्रा सरदार पटेल की एकता, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना का जीवंत प्रतीक होगी।

इसी तरह 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत सरदार पटेल की जयंती पर सभी जिलों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ जिले में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा से होगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में भी गूंजा छठ का गीत

**लखनऊ।** भारतीय रेल की सेमी हाई स्पीड और आधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा ने देशवासियों का ध्यान अपनी और आकृष्ट किया है। छठ के पावन अवसर पर नई दिल्ली और पटना के बीच चलाई जा रही अनेक विशेष गाड़ियों में एक वंदे भारत एक्सप्रेस भी है। शनिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों को छठ की पारंपरिक धुनों पर यात्रा करने का आनंद प्राप्त हुआ। अपनी तरह की इस पहली कोशिश के तहत भारतीय रेल ने कई पारंपरिक गीतों की धुनों को बजा कर सुनाया जिससे छठ के लिए अपने-अपने घर जा रहे यात्रियों का उत्साह कई गुना बढ़ गया। पूरे देश में अभी वंदे भारत एक्सप्रेस की 156 सेवाएं परिचालित हैं जबकि पटना और नई दिल्ली के बीच में विशेष ट्रेन के रूप में वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है जो वंदे भारत के नियमित सेवाओं के अतिरिक्त है।

# लविवि के स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के आगामी स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के लिए शनिवार को मंथन हाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने की, जो लखनऊ यूनिवर्सिटी एलम्नाई फाउंडेशन की मानद अध्यक्ष भी हैं। बैठक में प्रो. अरुप चक्रवर्ती उपाध्यक्ष लखनऊ यूनिवर्सिटी एलम्नाई फाउंडेशन, प्रो सुधीर महरोत्रा महामंत्री लखनऊ यूनिवर्सिटी एलम्नाई फाउंडेशन, प्रो आलोक धवन निदेशक सीबीएमआर, संयुक्त मंत्री लखनऊ यूनिवर्सिटी एलम्नाई फाउंडेशन और पूर्व सीईओ बायोटेक पार्क प्रो. प्रमोद टंडन भी उपस्थित रहे। बैठक में 15 से 25 नवंबर 2025 तक चलने वाले समारोह की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सम्मानित होने वाले पूर्व छात्रों के नामों पर चर्चा हुई, नामों को अंतिम रूप देने के लिए अगली बैठक में फैसला किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृतिकी के बैनर तले किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अति विशिष्ट पूर्व छात्रों के विशेष व्याख्यान आयोजित होंगे, जिसके लिए विभागाध्यक्षों को सूचित किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 25 नवंबर को मालवीय सभागार में होगा। विदित हो कि लखनऊ विश्वविद्यालय नवंबर 2025 में 105 साल का हो जाएगा। यह आयोजन पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों से सक्रिय सहयोग की अपील की है। समारोह में शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ पूर्व छात्रों के योगदान को उजागर किया जाएगा, जो विश्वविद्यालय के इतिहास को और समृद्ध करेगा।

# भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, लूट और घोटाले का रिकॉर्ड बना रही : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, लूट और घोटाले का रिकार्ड बना रही है। इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार और लूट करने में पवित्र नगरों अयोध्या और वाराणसी को भी नहीं छोड़ा। इस सरकार में हर दिन भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आ रहे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीनों के खरीद-फरोख्त से लेकर निर्माण और टेंडर हर कार्य में घोटाला ही घोटाला हुआ है। घोटाला करने वाले सब भाजपाई हैं। यही इनका असली चरित्र है। चित्रकूट कोषागार में पेंशन घोटाले में जमकर लूट हुई है। मृत पेंशनरों के नाम पर करोड़ों की रकम निकाल कर बंदरबांट कर ली गयी। यह घोटाला काफी बड़ा हैं। निर्माण कार्यों, सड़कों के निर्माण में जमकर कमीशनखोरी और लूट है। भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं में भ्रष्टाचार पहले ही उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर भ्रष्टाचार और इस सरकार के झूठ के कारण लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है। 9 साल की सरकार में यह सरकार सड़कों के गड्ढ़े नहीं भर पायी। गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रुपए के बजट की लूट हो गयी। सड़कों में गड्ढ़ों के कारण हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों की जानें जा रही है।

# सच करने की तैयारी है, संघर्ष अभी भी जारी है...

- **एबीवीपी के राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत, लखनऊ महानगर द्वारा विचारदीप काव्य संगोष्ठी का आयोजन**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच लखनऊ महानगर द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के गांधी प्रतिमा पार्क में विचारदीप काव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छठ पूजा विषय पर सजीव चित्रांकन किया गया तथा भारतीय संस्कृति, लोक-आस्था और काव्य परंपरा पर केंद्रित संगोष्ठी संपन्न हुई।

कार्यक्रम में युवा कवियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ करते हुए भारतीय परंपरा, सांस्कृतिक गौरव एवं सामाजिक चेतना के भावों को अभिव्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि विचारदीप जैसे आयोजन नव पीढ़ी में साहित्यिक चेतना जगाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय कला मंच की कार्यकर्ता एवं विश्वविद्यालय की ललित कला विभाग के विद्यार्थी शिवम, दिव्यांशी, सिद्धार्थ और आकाश ने छठ पूजा विषय पर सजीव चित्रांकन किया तथा कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत के प्रांत सह संयोजक आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम का आरम्भ संस्कृत विभाग के छात्र हर्षित और शोभित ने संस्कृत मंत्रोच्चरण से हुआ। कविता पाठ के क्रम में प्रखर ने अपनी कविता जो स्वप्न अभी तक देखें हैं, सच करने की तैयारी है! संघर्ष अभी भी जारी है! का पाठ किया। अभिषेक 'अभिराम' ने अपनी कविता ॅबने शिशुपाल जो कोई बनो फिर कृष्णा जैसा तुम! कविता का पाठ किया इसके अतिरिक्त रोहित, दिव्यांश, शिवम श्रीवास्तव, सत्यदेव, मानस मिश्र, हर्षित एवं शोभित ने अपनी स्वरचित कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। इसके बाद सभी कवियों और कला-साधक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवम सांवरा ने मनमोहक बांसुरी वादन प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर और भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त संयोजक कुसुम कनौजिया, अवध प्रान्त के क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री अभिनव 'खालसा', प्रान्त शोध कार्य संयोजक तान्या तिवारी तथा राष्ट्रीय कला मंच की प्रान्त सह संयोजक हर्षिका सहित तमाम विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फॉर्मर रजिस्ट्री में सीतापुर नंबर-1, प्रदेशभर में 54% किसानों का पंजीकरण पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में सीतापुर जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। अब तक यहां 74 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही बस्ती 74 प्रतिशत के साथ दूसरे और रामपुर 70 प्रतिशत रजिस्ट्री के साथ तीसरे स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जिससे करीब 1.5 करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अभियान प्रदेशव्यापी मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है।

**एक अप्रैल से रजिस्ट्री अनिवार्य :** 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिनकी रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। इसी कारण सभी जिलों में किसानों के पंजीकरण और सत्यापन की गति तेज की जा रही है। योगी सरकार ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 30 नवंबर तक हर गांव में किसान पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएं। इसके लिए कैंप चार्ट तैयार कर राज्य स्तर पर साझा करने को कहा गया है। साथ ही पीएम किसान सत्यापन का कार्य भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**4 हजार किसानों का प्रतिदिन हो रहा पंजीकरण :** वर्तमान में औसतन 4,000 किसानों का पंजीकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि नवंबर अंत तक प्रदेश के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण और सत्यापन पूर्ण हो जाए, ताकि कोई भी किसान अगली पीएम किसान किस्त से वंचित न रह जाए।

# योगी के प्रयासों से पुनः शुरू हुई संभल की पौराणिक 24 कोसी परिक्रमा

## 46 वर्षों बाद अपने आध्यात्मिक स्वरूप में लौट रहा संभल, सांस्कृतिक धरोहर को मिल रही पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

- **एक बार फिर संभल अपनी पौराणिक पहचान भगवान कल्कि की नगरी के रूप में जगमगा उठा**
- **1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा अब योगी सरकार के प्रयासों से फिर शुरू**

**लखनऊ।** संभल में इतिहास फिर से करवट ले रहा है। जहां कभी दंगों, पलायन और अवैध कब्जों की छाया थी, वहीं अब आस्था, अध्यात्म और सुरक्षा का सूर्योदय दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संभल एक बार फिर अपनी पौराणिक पहचान ह्यभगवान कल्कि की नगरीह्न के रूप में जगमगा उठा है। शुक्रवार रात्रि 2 बजे संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों की 24 कोसी परिक्रमा का शुभारंभ प्राचीन तीर्थ बेनीपुरचक स्थित श्रीवंशगोपाल से लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुआ। शंखनाद, भजन और जयघोषों के बीच निकली यह परिक्रमा 46 वर्षों बाद पुनः आरंभ हुई है। 1978 में सांप्रदायिक दंगों के कारण रुकी यह परंपरा 2024 में योगी सरकार के प्रयासों से फिर से जीवित हो उठी। धार्मिक मान्यता है कि इस परिक्रमा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह परिक्रमा श्रीवंशगोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर, क्षेमनाथ और चंदेश्वर तीर्थों से होते हुए पुनः वंशगोपाल तीर्थ पर लौटती है। इन तीन प्रमुख तीर्थों के मध्य 87 देवतीर्थ स्थित हैं, जो सम्भल की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक हैं।

### 2017 के बाद बदला संभल का परिदृश्य

1978 के दंगों के बाद सम्भल में जो भय, अविश्वास और पलायन का माहौल बना, उसने दशकों तक यहां के सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचाई। हिंदू परिवारों ने अपने घर, दुकानें और जमीनें छोड़ीं; मंदिरों पर कब्जे हुए और धार्मिक आयोजनों पर रोक लग गई। परंतु 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। सीएम योगी ने संभल की स्थिति को व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से लिया। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट ने उन सच्चाइयों को उजागर किया जिन्हें वर्षों तक दबाया गया। सत्ता संरक्षण में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ने की कोशिशें हुईं और हिंदुओं को सुनियोजित रूप से पलायन के लिए विवश किया गया। योगी सरकार ने इन सभी मामलों में कठोर कार्रवाई की। दंगों की साजिश में शामिल तत्वों को जेल भेजा गया, अवैध कब्जों को हटाया गया और सांप्रदायिक राजनीति पर अंकुश लगाया गया।

### अवैध कब्जों से मिली मुक्ति, धार्मिक धरोहरों का हुआ पुनरुद्धार

योगी सरकार ने संभल में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की ऐतिहासिक कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा-67 के तहत 495 वाद दर्ज हुए, जिनमें से 243 मामलों का निस्तारण कर 1067 अतिक्रमण हटाए गए। इस प्रक्रिया में 68.94 हेक्टेयर भूमि कब्जामुक्त कराई गई। यही नहीं, धार्मिक स्थलों पर हुए अवैध कब्जों पर भी निर्णायक कार्रवाई हुई। विशेष अभियान के तहत 37 अवैध कब्जे हटाए गए, जिसमें 16 मस्जिदें, 12 मजारें, 7 कब्रिस्तान और 2 मदरसे शामिल थे। कुल 2.623 हेक्टेयर भूमि को मुक्त कराया गया। साथ ही 68 पौराणिक तीर्थस्थलों और 19 प्राचीन कूपों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई है। कल्कि अवतार मंदिर समेत अनेक प्राचीन स्थलों पर पुनरुद्धार कार्य चल रहे हैं।

### संभल में मजबूत हुआ कानून का इकबाल

संभल में अब कानून का इकबाल मजबूत हुआ है। योगी सरकार ने बीते कुछ वर्षों में 2 नए थाने और 45 नई चौकियां स्थापित की हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी निगरानी और ड्रोन सर्वे की व्यवस्था की गई है। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक विश्वास की नींव रखी गई है। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए गए अभियानों से लाइन लॉस 82% से घटकर 18% पर पहुंच गया है, जिससे 84 करोड़ रुपये की राजकीय धनराशि की बचत हुई। आर्थिक दृष्टि से भी संभल ने छलांग लगाई है। ?2405 करोड़ के निर्यात के साथ यह अब प्रदेश में 10वें स्थान पर है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत संभल के मेटैलिक, वुडन और हैंडीक्राफ्ट उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

# लविवि में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवम्बर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की विषम सेमेस्टर दिसम्बर-2025 के नियमित/बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट एवं इक्जेम्टेड परीक्षा (स्नातक/परास्नातक आदि प्रथम सेमेस्टर के प्रवेशित छात्रों को छोड़कर) के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भरने की अंतिम तिथि 10 नवम्बर निर्धारित की जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। डीन व एचओडी कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मों को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची 15 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है। सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।

# भाषा विवि ने बढ़ायी परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने नियमत एवं स्ववित्तपोषी योजना के अंतर्गत संचालित सभी पाठ्यक्रमों के तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर शुल्क एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक विकास ने बताया कि पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक अनेक विद्यार्थियों ने शुल्क जमा नहीं किया था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सेमेस्टर शुल्क एवं विलंब शुल्क 2500 रुपये के साथ परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विकास द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह स्पष्ट किया गया है कि 31 अक्टूबर के पश्चात कोई भी परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन विद्यार्थियों ने इस अवधि में शुल्क जमा नहीं किया होगा, उनके परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपना सेमेस्टर शुल्क एवं परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय पोर्टल पर अवश्य जमा कर दें ताकि परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाएं।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल योजना के फ्लैटों की लॉटरी 10 नवम्बर से

## 03 नवम्बर तक फ्लैटों के लिए खुले हैं ऑनलाइन पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डालीबाग स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के भवनों की लॉटरी 10 एवं 11 नवम्बर को होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस बाबत आदेश जारी कर दिये हैं। लॉटरी का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। जहां पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवेदकों की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकाली जाएंगी। पूरी प्रक्रिया का यू-ट्यूब पर लाइव प्रसारण किया जाएगा।

डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,314 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि योजना में ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 03 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है। 20 मीटर चौड़ी बंधा रोड पर स्थित इस योजना से बालू अड्डा, 1090 चौराहा, नरही, सिकन्दरबाग एवं हजरतगंज चौराहा महज पांच से 10 मिनट की दूरी पर है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपए रखी गयी है। योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था व दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

एलडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के भवनों के लिए 4 अक्टूबर से ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था, जोकि 03 नवम्बर तक खुला रहेगा। इस दौरान इच्छुक लोग एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से भवनों के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए भवन के अनुमानित मूल्य की 05 प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत होगी।



• एलडीए ने डालीबाग में बनाए हैं 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैट

### अब तक 1658 लोगों ने कराया पंजीकरण

सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के 72 फ्लैटों के लिए अभी तक 8529 लोग एलडीए की वेबसाइट पर लॉगइन करके पंजीकरण पुस्तिका खरीद चुके हैं। जिनमें से 1658 लोगों ने वांछित धनराशि जमा कराकर सफलतापूर्वक पंजीकरण करा लिया है। अपर सचिव ने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों में से पात्र आवेदकों के मध्य ही लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए पंजीकरण अवधि समाप्त होने के बाद पात्र आवेदकों की सूची एलडीए की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। पहले दिन आरक्षित श्रेणी व दूसरे दिन सामान्य श्रेणी के आवेदकों के मध्य लॉटरी संपादित की जाएगी।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन में नारी सशक्तिकरण का संदेश

**लखनऊ।** सहकारिता भवन लखनऊ में शनिवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने भाग लिया और उपस्थित महिलाओं को आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा जब तक देश की महिला आत्मनिर्भर नहीं होगी, तब तक भारत आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। भारत की नारी शक्ति हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब हर महिला को शिक्षा, रोजगार और सम्मान समान रूप से प्राप्त होगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम लखनऊ महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक योजनाओं पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है और नगर निगम की प्रत्येक योजना में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## ननि के जोन कार्यालय आज खुलेंगे

• कर वसूली के लिए विशेष अभियान, जलकल विभाग भी रहेगा सक्रिय

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने नागरिकों की सुविधाओं और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से रविवार को विशेष कर वसूली अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अक्टूबर माह में त्योहारों के कारण कार्यदिवसों की संख्या कम रहने से राजस्व वसूली प्रभावित हुई है। ऐसे में निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए यह विशेष कदम उठाया गया है।

सार्वजनिक अवकाश रविवार को भी नगर निगम और जलकल विभाग के सभी जोन कार्यालय और कैश काउंटर प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपने करों का भुगतान आसानी से कर सकें। इस दौरान भवन स्वामियों से कर निर्धारण प्रपत्र भरवाए जाएंगे तथा अधिक से अधिक कर वसूली सुनिश्चित की जाएगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगर निगम के साथ-साथ जलकल विभाग के सभी जोनल कार्यालय भी इस दिन खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपने जल कर और अन्य संबंधित देयों का भुगतान कर सकें। इसके अतिरिक्त, विभिन्न जोनों में विशेष कैंपों का आयोजन भी किया गया है, जहाँ नागरिकों को कर भुगतान से संबंधित सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएँगी।

सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान की जानकारी प्राप्त कर सकें और समय पर कर भुगतान कर नगर निगम की विकास प्रक्रिया में सहभागी बनें। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि यह अभियान न केवल राजस्व वृद्धि के लिए है, बल्कि नागरिकों को सुविधाजनक, पारदर्शी और त्वरित सेवा प्रदान करने का एक प्रयास भी है। उन्होंने संबंधित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ इस विशेष अभियान में भाग लें।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने संपत्ति कर, जल कर और अन्य देयों का शीघ्र निपटान करें, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके और लखनऊ को एक स्वच्छ, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर नगर के रूप में आगे बढ़ाया जा सके।

## एलटीटी-गोरखपुर के लिए चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु 01035 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचालन लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) से 26 अक्टूबर को इकहरी यात्रा के लिए किया जायेगा। 01035 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 26 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) से 08.00 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 08.23 बजे, कल्याण से 08.51 बजे, इगतपुरी से 10.45 बजे, नासिक रोड से 11.38 बजे, भुसावल से 15.20 बजे, खंडवा से 17.55 बजे, इटारसी से 21.10 बजे, भोपाल से 23.15 बजे, दूसरे दिन बीना से 01.40 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) से 04.15 बजे उरई से 05.40 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 11.00 बजे, बाराबंकी से 12.05 बजे, गोंडा से 13.40 बजे, मनकापुर से 14.15 बजे, बस्ती से 15.20 बजे तथा खलीलाबाद से 16.00 बजे छूटकर गोरखपुर 17.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में, साधारण द्वितीय श्रेणी के 20 तथा एसएलआरडी के 01 एवं जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने को चला अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने शनिवार को अभियान चलाया। यह कार्रवाई इस दौरान प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न जोनों में नगर निगम की टीमें सुबह से ही सक्रिय रहीं। जोन-2 में चारबाग क्षेत्र में जोनल अधिकारी सुश्री शिल्पा कुमारी के निर्देशन में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण और गंदगी के मामलों में 5 चालान कर ?5000 का जुर्माना वसूला गया, जबकि प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग पर 12 चालान में 34,500 का जुर्माना लगाया गया।

इसी क्रम में वार्ड भवानीगंज क्षेत्र में टिकैत राय तालाब से बुलाकी अड्डा चौराहा तक अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई। इस दौरान 25 ठेले, 5 काउंटर, 30 अस्थायी दुकानें हटाई गईं।

साथ ही 1 लोहे का स्टूल, 6 प्लास्टिक कुर्सियाँ, 1 लकड़ी की बेंच, 3 तराजू, 6 कैरेट और 4 टायर जब्त किए गए। अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे दोबारा अतिक्रमण न करें। साथ ही क्षेत्रीय थानाध्यक्ष को पत्र भेजकर भविष्य में अतिक्रमण न होने देने के निर्देश दिए गए। वहीं जोन-7 के अंतर्गत विकासनगर सेक्टर-3 और आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई। इस दौरान 1 लोहे की गुमटी और 1 लकड़ी की गुमटी को जब्त किया गया। साथ ही 4 ठेले, 5 ठेलिया, 4 गुमटी और 2 लोहे के काउंटर हटाए गए। अतिक्रमणकारियों को पुनः चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि दोबारा कब्जा किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# रामकी से गलियों की सफाई न कराने को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महात्मा गाँधी विक्रमादित्य वार्ड के पार्षद अमित चौधरी ने वार्ड की गलियों में सफाई कराने के लिए रामकी कम्पनी के दस्तावेज/बॉण्ड पर किये गये हस्ताक्षर को निरस्त किए जाने का पत्र नगर आयुक्त को लिखा है। पार्षद का कहना है कि महात्मा गाँधी विक्रमादित्य वार्ड-17 में शुरूआती दौर में जब रामकी कम्पनी को मेन रोड पर सफाई का कार्य दिया गया था तो कुछ दिनों तक कार्य ठीक से कराया गया था। रामकी कम्पनी के अधिकारी आलोक रंजन एवं एसके वर्मा की ओर से मेरे कार्यालय पर आकर मुझे आवश्वासन दिया गया था कि जिस तरह वार्ड की मेन रोडों पर कार्य पूर्णकुशलता पूर्वक एवं सन्तोषजनक ढंग से किया जा रहा है, वैसे ही आन्तरिक गलियों में भी कार्य किया जायेगा। इनके आश्वासन पर मैने इनके दस्तावेज/बॉण्ड पर साइन करके इनको आन्तरिक गलियों में सफाई कराने को कहा गया था, अब कंपनी के काम से संतुष्ट न होने की वजह से इनके दस्तावेज पर किये गये हस्ताक्षर को निरस्त समझा जाये।

क्योंकि वर्तमान समय में जब मेन रोड पर सफाई कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जगह जगह गन्दगी बनी रहती है तो ये आन्तरिक गलियों में सफाई किस तरह से करायेगे ? पूर्व में इनके द्वारा मेन रोडों पर किया गया कार्य सिर्फ दिखावा था। वर्तमान में मेन रोड पर काफी गन्दगी रहती है। सफाई ठीक से नहीं होती है। सफाई न होने के कारण क्षेत्रीय जनता में काफी रोष है। कई बार मौखिक रूप से कार्य में सुधार के लिए कहा गया लेकिन सफाई कार्य में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं किया जा रहा है। जब मेन रोड पर कार्य ठीक से नहीं कराया जा रहा है तो आन्तरिक गलियों में किस तरह का कार्य कराया जायेगा। वार्ड की गलियों में जिस फर्म से सफाई का कार्य कराया जा रहा है उसी से कार्य कराया जायें।



## युवा सर्जनों को जटिल कपाल-चेहरे की सर्जरी में दक्ष बनाना है : प्रो. डॉ. राजीव अग्रवाल

**लखनऊ।** इंडो-गल्फ क्रेनियोफेशियल सोसाइटी (आईजीसीएस) की चौथी बैठक और पाठ्यक्रम शनिवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व एसजीपीजीआईएमएस लखनऊ के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. राजीव अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने किया। उन्होंने भारत में क्रेनियोफेशियल सर्जरी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन में भारत और ओमान के कई प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया, जिनमें डॉ. तैमूर अल बुलुशी, डॉ. सुल्तान अल शाकसी, डॉ. अदेल और एम्स ऋषिकेश की डॉ. मधुबारी वथुल्या शामिल रहे। पाठ्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ सुबह के सत्र में कपाल-चेहरे की शल्य तकनीकों पर व्याख्यान और पैनल चर्चा हुई, जबकि दोपहर में कटे होंठ, कटे तालु और खोपड़ी की हड्डियों को जोड़ने पर व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं। देशभर से आए रेजिडेंट और स्नातकोत्तर छात्रों ने इसमें भाग लिया। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवा सर्जनों को जटिल कपाल-चेहरे की सर्जरी में दक्ष बनाना है, ताकि अधिक से अधिक विकृति पीड़ित बच्चों को सामान्य जीवन मिल सके।



## पार्षद ने अप्पूबाग के छठ पूजा घाट की देखी तैयारी

**लखनऊ।** महानगर वार्ड अन्तर्गत 35वीं वाहिनी पीएसी स्थित अप्पूबाग स्थित छठ पूजा घाट पर असिस्टेंट कमाण्डेन्ट रंजीत सिंह के साथ पूर्व कार्यकारिणी सदस्य नगर निगम व पार्षद महानगर वार्ड हरीश चन्द्र लोधी ने छठ पूजा घाट का निरीक्षण कर साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान व्रती महिलाओं व परिवार की सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की। घाट पर साफ सफाई के साथ सुंदरीकरण कार्य का जायजा।

# बसपा सरकार में बने स्मारकों पार्कों में मॉर्निंग वॉक फ्री

**लखनऊ।** लखनऊ, नोएडा स्थित बसपा सरकार में बने स्मारकों और पार्कों में प्रदेश सरकार ने सुबह टहलना फ्री कर दिया है। अंबेडकर स्मारक में मॉर्निंग वॉक के लिए अंबेडकर स्मारक सुबह 5 बजे से 9 बजे तक के लिए निशुल्क खुला रहेगा। इससे पहले यह पार्क सैलानियों के लिए सुबह 11 बजे खुलता था। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित अंबेडकर पार्क के साथ ही लोग कांशीराम स्मारक, बौद्ध विहार शांति उपवन और कांशीराम इको ग्रीन गार्डन में मॉर्निंग वॉक का आनंद उठा सकेंगे। पिछले दिनों प्रमुख सचिव आवास गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में स्मारक, पार्कों की अनुक्षण एवं संचालन समिति की निदेशक मंडल की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया था। बता दें कि अभी स्मारकों और पार्कों में मासिक पास की व्यवस्था चल रही है।

लखनऊ का अंबेडकर स्मारक एक विशाल और खूबसूरत सार्वजनिक पार्क है जो डॉ. भीमराव अंबेडकर और अन्य समाज सुधारकों को समर्पित है। यह गोमती नगर में 107 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे गुलाबी पत्थरों से बनाया गया है, जो रात की रोशनी में और भी आकर्षक लगता है। पार्क में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की कई प्रतिमाएं हैं, जिनमें एक बड़ी प्रतिमा भी शामिल है जिसमें वह भारत का संविधान तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को सौंप रहे हैं। यहां बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम और बसपा अध्यक्ष मायावती जैसे अन्य समाज सुधारकों की भी प्रतिमाएं हैं।

स्मारक में पत्थर के विशाल हाथियों की मूर्तियां हैं जो बहुजन समाज पार्टी का प्रतीक है। अंबेडकर स्मारक पार्क के परिसर में बौद्ध वास्तुकला से प्रभावित स्तूप भी है।

# पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए कटिबद्ध

## जीएम उदय बोरवणकर ने बादशाहनगर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर ने मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल और वरिष्ठ शाखाधिकारियों की उपस्थिति में बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय, रेलवे कॉलोनी और रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुविधाओं की गुणवत्ता, विकास कार्यों की प्रगति और कर्मचारियों व यात्रियों की आवश्यकताओं का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरूआत बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय से हुई, जहां महाप्रबंधक ने ओपीडी ब्लॉक, फार्मेसी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, इनडोर यूनिट, इमरजेंसी वार्ड, महिला-पुरुष वार्ड, चिल्ड्रन वार्ड, रसोई और नवनिर्मित ओपीडी ब्लॉक का सूक्ष्म निरीक्षण किया।



उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कुशलक्षेम पूछा। श्री बोरवणकर ने अधिकारियों को चिकित्सालय में अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि रेल कर्मियों और उनके परिवारजनों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इसके उपरांत, महाप्रबंधक ने बादशाहनगर रेलवे कॉलोनी का दौरा किया, जहां उन्होंने कर्मचारियों के आवासों की स्थिति, स्वच्छता और उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। कॉलोनी में स्थित मनोरंजन संस्थान का भी निरीक्षण किया गया, जहां रेल कर्मियों और उनके परिवारों के लिए उपलब्ध मनोरंजक सुविधाओं की सराहना की गई। उन्होंने कॉलोनी को और अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंतिम चरण में श्री बोरवणकर ने बादशाहनगर रेलवे स्टेशन का दौरा किया, जहां अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया।

# महिलाओं का आत्मनिर्भर होना भारत के विकास के लिए अहम



**लखनऊ।** हजरतगंज जिला सहकारिता भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, महामंत्री अर्चना साहू ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके की। नीरज सिंह ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है आत्मनिर्भरता का अर्थ है आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र होकर अपने जीवन के निर्णय लेने में सक्षम होना। जब महिलाएं आत्मनिर्भर होती हैं, तो वे न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाती हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी सशक्त करती हैं। आर्थिक स्वतंत्रता महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं, तो वे अपने परिवार की वित्तीय स्थिरता में योगदान करने में सक्षम होती हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य प्रदान कर सकती हैं। सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि नमो ड्रोन दीदी योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

# कल लखनऊ पहुंचेगी पवित्र जोड़ा साहिब- गुरु चरन यात्रा

## भव्य स्वागत के लिए भाजपा महानगर कार्यालय पर हुई बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली से चलकर तख्त श्री पटना साहिब को जाने वाली 'पवित्र जोड़ा साहिब- गुरु चरन यात्रा' का आगमन 27 अक्टूबर को लखनऊ होगा, जिसके निमित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक की गई।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने 27 अक्टूबर को यात्रा के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत के लिए सिख समुदाय प्रबुद्धजनों के साथ तैयारी पर विस्तृत चर्चा की।

यात्रा के भव्य स्वागत के साथ यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा, जलपान व्यवस्था, यात्रा मार्ग स्वच्छ एवं साफ हो इसको लेकर व्यवस्था प्रमुख लगाए। यात्रा 27 अक्टूबर को सीतापुर रोड, बीकेटी गुरुद्वारा से सायं 4 बजे यात्रा होते हुए डालीगंज, निरालानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, आईटी हनुमान सेतु होते हुए परिवर्तन चौक मेडिकल कॉलेज, नक्खास होते हुए अहियागंज गुरुद्वारा शाम 7:30 बजे रात्रि विश्राम करेगी।

वहीं दूसरे दिन 28 अक्टूबर को रकाबगंज, पांडेयगंज होते हुए नाका गुरुद्वारा, दोपहर 12:00 बजे नाका बांसमंडी, एपी सेन रोड, बर्लिंगटन होते हुए सदर फ्लाइ ओवर से सदर गुरुद्वारा पहुंचेंगे। वहां से कमांड अस्पताल, आलमबाग खालसा चौक, आलमबाग चंदरनगर गेट के सामने, आलमबाग चौराहा मेट्रो स्टेशन, कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन पॉलिटेक्निक के सामने मानसरोवर गुरुद्वारा आशियाना गुरुद्वारा में दोपहर 3:00 बजे पहुंचेगी। बैठक में लखविंदर पाल सिंह, डॉ अमरजोत सिंह, तेजपाल सिंह रोमी, हरमिंदर सिंह टीटू, सतबीर सिंह अन्नू, हरपाल सिंह जग्गी, दिलप्रीत सिंह, रणवीर सिंह कलसी, सुरेंद्र पाल बक्सी, रणवीर सिंह सहित सिख समुदाय के वरिष्ठजन के साथ उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, धनश्याम दास अग्रवाल, विनायक पाण्डेय उपस्थित रहें।



## डीआरएम ने लखनऊ स्टेशन पर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा लखनऊ एवं वाराणसी रेलवे स्टेशन सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। छठ पर्व बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसके दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने गंतव्यों की ओर प्रस्थान करते हैं। मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा ने आज लखनऊ स्टेशन पर पर्व के दौरान की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, टिकटिंग व्यवस्था, होल्डिंग एरिया, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, दफ्ळ टीम तथा उउळश मॉनिटरिंग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही गाड़ी संख्या 09465 अहमदाबादझ्रदरभंगा क्लोन विशेष ट्रेन के स्लीपर कोचों में पेयजल एवं शौचालय की स्वच्छता का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री वर्मा ने कहा कि छठ पर्व पर लखनऊ मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक यात्री को सुरक्षित, आरामदायक एवं सुखद यात्रा अनुभव प्राप्त हो। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि त्योहारों के इस अवसर पर किसी भी यात्री को असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक सुविधाएँ उन्हें सहज रूप से उपलब्ध कराई जाएँ।

## फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए एम एम डी पी कैंप का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ पर फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए एमएमडीपी कैंप का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डा. मोनिका अग्रवाल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, एसपीएम विभाग, केजीएमयू, लखनऊ द्वारा लगभग 32 फाइलेरिया के रोगियों को फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गये एवं फाइलेरिया की किट का वितरण भी किया गया। आयोजन में डा. नीरज कुमार गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ, डा. वसीम शाह, नीरज यादव, श्रीमती राम जानकी पाल, पूनम यादव, अल्पना सिंह, मनीष यादव एवं जय प्रकाश यादव आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान की।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल-फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड / भवन / फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर / खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्रीमती कल्पना पाल एवं श्री प्रदीप कुमार पाल | भूखण्ड संख्या-एन-443 | सेक्टर-एन आशियाना कानपुर रोड योजना लखनऊ | श्री प्रदीप कुमार पाल की मृत्यु दि0 24.01.2006 | श्रीमती कल्पना पाल | 1. श्री जोयदीप पाल | पत्नी |
| 2. | श्रीमती प्रभु देई | भवन संख्या-1 / 346 सेक्टर-जे | जानकीपुरम योजना | 29.11.2024 | 1. श्री भूपेन्द्र वर्मा (पुत्र) | 1. श्री सोनू वर्मा (पुत्र) | पुत्र |
| 3. | हरीश चन्द्र पन्त | भूखण्ड संख्या-M-5 सेक्टर-1 | शारदा नगर विस्तार | 29.01.2018 | बीना पन्त, निश्चल पन्त, क्षितिज पन्त, प्रीति पन्त, विनायक पन्त | ---- | पत्नी,पुत्र,पुत्र, पुत्र वधु, पौत्र |
| 4. | स्व0 गोविन्द उपाध्याय एवं स्व0 माया देवी | भूखण्ड संख्या-3 / 153-ए | विभव खण्ड गोमती नगर | 29.12.2015 एवं 17.05.2022 | श्री श्रीकान्त उपाध्याय (पुत्र) | 1. श्रीमती शिला त्रिपाठी, 2. श्रीमती सुशीला तिवारी, 3. श्रीमती उर्मिला तिवारी | पुत्रियां |
| 5. | रेवाधर पन्त | भूखण्ड संख्या-M-6 सेक्टर-1 | शारदा नगर विस्तार | 28.08.2005 | गंगा पन्त, चेतना पन्त, प्रीति पन्त, हैप्पी पन्त, लोकेश पन्त | ---- | पत्नी, पुत्री अविवाहित, पुत्री अविवाहित, पुत्री विवाहित, पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सुशांत गोल्फ सिटी थाने के बाहर हंगामा, 9 हिरासत में



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शनिवार को एक हत्या के संदिग्ध को हिरासत से रिहा किए जाने के आरोप में पुलिस ने एक को पकड़ कर थाने लाई थी। लेकिन पुलिस के पकड़ते ही दर्जनो औरत और आदमी थाना प्रभारी से सच्चाई बताने के लिए पुलिस से बात करने के लिए गुहार लगाने लगे। भीड़ को देख थाने में तैनात सिपाही उनको थाने के बाहर भगाने लगे इतने में ही भीड़ उग्र हो गयी जिसमें महिलाओं को पुलिस ने मारते हुए थाने के अन्दर ही दौड़ाने लगे जिसका वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ितो का आरोप था कि संदिग्ध को छोड़ दिया गया है और वे उससे मिलने पर अड़े थे। जब पुलिस अधिकारियों ने उन्हें शांत करने की कोशिश की, तो भीड़ ने धक्का-मुक्की और हमला शुरू कर दिया। बताया जाता है कि महिलाओं ने हमले का नेतृत्व किया। थाना दिवस होने के बावजूद स्थिति तेजी से बिगड़ी। जवाब में, पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें कुछ महिलाएं भी घायल हुईं। हिंसा के बाद पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें पाँच पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण निपुण अग्रवाल ने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की कि अब स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## दबंगों ने दोस्त संग घूमने निकले युवक का फोड़ा सिर, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

आलमबाग ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे दो दिन पूर्व दबंगो ने दोस्त संग घूमने निकले युवक की जमकर पिटाई कर उसके सर पर कई वार कर लहुलुहान कर दिया।

जिसका इलाज बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कर चल रहा है। वहीं घायल युवक की मां की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित रूसतम बिहार कालोनी की रहने वाली घायल युवक की मां प्रभावती यादव के अनुसार बीते 22 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे उनका लड़का आयुष अपने दोस्तो सुधीर जैन, दीपक जैन व अनुज के साथ घुमने निकला था। आरोप है कि उस दौरान सीपेट चौराहे से पानी टंकी के बीच में कुछ अज्ञात लड़को ने उनके लडके को बुरी तरह पिटाई करने के साथ उनके बेटे का सर फोड दिया। जिसे इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया जहाँ से डाक्टरों ने बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। बेटे के इलाज दौरान घायल युवक की मां ने कृष्णा नगर थाने पर पहुंच अज्ञात दबंगों के खिलाफ शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि पिटाई से घायल युवक का इलाज बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कर चल रहा है ।पीडित युवक की मां की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसी कैमरे आधार पर हमलावरों की पहचान कर तलाश की जा रही है ।

## दो दिन में दो बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**आलमबाग** ।कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल इन दिनो वाहन चोरों का सॉफ्ट टारगेट बन चुका है ।वाहन चोरों ने अस्पताल परिसर से दो दिनों में दो बाइक पार कर दी ।वही पुलिस ने पीड़ित वाहन स्वामियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरोजनीनगर के त्रिवेणी नगर निवासी नवीन निगम पुत्र स्व प्रकाश नरायण निगम के अनुसार वह बीते 21 अक्टूबर की दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी बाइक से लोकबन्धु अपने परिचित से मिलने गए थे और उन्होंने अपनी बाइक को अस्पताल की पार्किंग में खड़ा किए थे। वापस अपनी बाइक पर पहुंचे तो गाड़ी अपनी स्थल से गायब थी ।वही बीते 22 अक्टूबर को आलमबाग ओम नगर निवासी राजेश यादव पुत्र बजरंगी की मोटरसाइकिल को चोरों ने लोकबंधु अस्पताल से चोरी कर लिया। पीड़ित के अनुसार वह लोकबन्धु अस्पताल में अपने मकान मालिक के लड़के का पोस्टमार्टम कराने आए थे कि अस्पताल से उनकी बाइक चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों पीड़ित वाहन स्वामियों की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## श्री विष्णु महायज्ञ और राम कथा 12 नवंबर से शुरू

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के बंथरा स्थिति जूनाबगंज के पहाड़पुर के गजोधार प्रसाद विद्द्यालय प्रांगण मे आगामी बारह नववार 25 से श्री विष्णु महायज्ञ वाम राम कथा का आयोजन शुरू किया जा रहा हैं ।जिसकी पूणार्हुति राम कथा विराम एवं प्रसाद वितरण 20 नवंबर को किया जायेगा ।कार्यक्रम का आयोजन शिव शंकर पांडेय एवं उनके परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम मे 12 नवंबर को पंचांग पूजन, कलश यात्रा, राम कथा, 13 को वेदी रचना व राम कथा, 14 को मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, अरनिमंथन, राम कथा, 20 नवंबर को पूणार्हुति राम कथा विराम एवं राम कथा एवं मे प्रसाद वितरण का आयोजन किया जायेगा।

## यहियागंज गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुन संगत निहाल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** टिकैत राय तालाब स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब जी में ब्रह्म ज्ञानी बाबा बुड्ढा साहब जी का जोड़ मेला बहुत ही श्रद्धा एवं सत्कार से मनाया जा रहा है। बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के संस्थापक मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि इस अवसर पर शाम 7:00 से लेकर 11:00 तक विशेष दीवान का आयोजन किया गया जिसमें श्री दरबार साहब श्री अमृतसर से आए भाई कारज सिंह जी ने शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया एवं गुरुद्वारा नानक पिआऊ दिल्ली से आए ज्ञानी बचित्तर सिंह जी ने बाबा बुड्ढा जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम की समाप्ति पर मिस्सी रोटी एवं लस्सी का लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर कल प्रातः 6:00 बजे से लेकर दोपहर तक विशेष दीवान सजाए जाएंगे।

## एसडीएम के घर हुई लाखों की चोरी नकदी के साथ डीवीआर भी ले गये चोर

- पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मड़ियांव के साईं सिटी कॉलोनी स्थित फतेहपुर की एसडीएम सदर अनामिका श्रीवास्तव के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी पार कर दिया। बदमाशों ने बृहस्पतिवार रात में वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़ ले गए।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि साईं सिटी कॉलोनी में एसडीएम अनामिका श्रीवास्तव व उनके पति पवन श्रीवास्तव का मकान है। घर के प्रथम तल पर पवन श्रीवास्तव का आईएएस एकेडमी नाम से कोचिंग सेंटर है, जिसका वह संचालन ऑनलाइन करते हैं। अनामिका के भाई गोमती नगर निवासी सुबीर श्रीवास्तव के मुताबिक 24 अक्तूबर की सुबह माली पौधों में पानी डालने गया था। घर के अंदर का दरवाजा खुला देखकर उसे लगा कि नौकरानी दरवाजा बंद करना भूल गई है। जानकारी करने पर पता चला कि नौकरानी अभी नहीं आई है। इसके बाद घटना की जानकारी अनामिका को दी गई। अनामिका ने मकान की देखभाल करने वाले पड़ोसी को घर पर भेजा। इसके बाद चोरी की पुष्टि हुई। चोरी की जानकारी होने के बाद अनामिका ने सुबीर को घर जाकर देखने के लिए कहा। सुबीर ने बताया कि घटना के समय पवन श्रीवास्तव भी फतेहपुर गये हुए थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। छानबीन में पता चला कि चोरों ने 23 अक्तूबर की देर रात 2:40 बजे से पांच बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मड़ियांव पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि अनामिका के परिचित मलिहाबाद के वाजिद नगर निवासी राजकुमार यादव की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। चोर घर से क्या-क्या लेकर गए हैं, इसकी जानकारी की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर, बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पल्सर सवार युवक ने साइकिल में मारी जोरदार ठोकर मार दी। इस टक्कर मे साइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया ।बिजनौर थाना क्षेत्र के मेढ़ई खेड़ा निवासी आशीष पाल का कहना है कि 20 अक्टूबर को उनके पिता काशी प्रसाद पाल साइकिल द्वारा खेत से घर जा रहे थे ।पीड़ित का कहना है कि शाम करीब 6:00 बजे जब उसके पिता साइकिल से घर की तरफ आ रहे थे। तभी पल्सर बाइक यूपी 32एमएस 2991 के चालक नौमीलाल निवासी गढ़ी बिजनौर ने लापरवाही और तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुये साइकिल में जोरदार ठोकर मार दिया ।जिससे उनके पिता काशी प्रसाद गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये ।पीड़ित का कहना है कि उनके पिता का इलाज एसजीपीजीआई ट्रामा 2 में चल रहा है और साइकिल भी टूट गई है। पीड़ित का कहना है कि पल्सर चालक नौमीलाल के मुंह से दारू की खुशबू आ रही थी और वह लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। जिसके कारण यह घटना घटित हो गई ।पीड़ित ने इसकी शिकायत बिजनौर थाने में दर्ज कराई ।बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

## बैंककर्मी का फंदे से लटका मिला शव

**आलमबाग** ।आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित गढी कनौरा मे रह रहे एक बैंक कर्मी का शव गुरुवार को उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने परिजनों को सूचना दे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से सरोजनीनगर अमौसी रहीमाबाद कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय मुन्ना राजाजीपुरम शाखा पंजाब नेशनल बैंक में चपरासी पद पर कार्यरत थे और नौकरी के लिए आलमबाग के गढी कनौरा मे रहते थे ।गुरूवार शाम मोहल्ले वालो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसकी जानकारी पुलिस द्वारा शुक्रवार को परिजनों को मिली। परिजनों की माने तो मृतक बैंक कर्मी दिवाली की छुट्टियों पर घर आए थे अपने परिवार के साथ पर्व का आनंद उठाया और छुट्टी खत्म होने पर चले गए। परिवार में पत्नी गुड्डी बेटा राहुल और दो बेटियां हैं।

# देव दीपावली पर राष्ट्रीय सनातन संघ विधि-विधान से करेगा दीपदान

- आगामी 12 जनवरी को विवेकानंद और महर्षि योगी पर राजधानी समेत पांच राज्यों में होगा संगोष्ठी का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राष्ट्रीय सनातन संघ की एक बैठक शनिवार को हजरतगंज स्थित केंद्रीय कार्यालय पर संपन्न हुई इस बैठक में कई एवं प्रस्तावों पर मोहर लगाई गई। सनातन संघ के पदाधिकारी की अध्यक्षता में कई प्रमुख लोग शामिल हुए जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खरे ने देव दीपावली पर 2 नवंबर को गोमती नदी के लक्षम ण मेला मैदान स्थित तट पर दीपदान करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया इसी के साथ आगामी 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद की जयंती और और महर्षि योगी की जयंती पर एक विशाल संगोष्ठी आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया इस संगोष्ठी में स्वामी विवेकानंद से जुड़े विद्वत जनों को विचारों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा साथ ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार भारत सिंह ने प्रस्ताव रखा इस पर भी पदाधिकारी की ओर से सहमति प्रदान की गई। इस बाबत जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 12 जनवरी को ही भोपाल पंजाब राजस्थान बिहार और नोएडा के साथ ही राजधानी में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस मौके पर 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद पर शोध करने वाले देश भर के शोधार्थियों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया है. बैठक में राष्ट्रीय सनातन संघ के अध्यक्ष दिनेश खरे, महामंत्री विमलेश श्रीवास्तव सचिव भारत सिंह उपाध्यक्ष बी सिंह एवं नवतेज सिंह और मीडिया प्रभारी राजेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## छात्रों ने इनोवेशन हब एवं सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज लैब्स का किया शैक्षणिक दौरा

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के सेंटर फॉर मैनेजमेंट स्टडीज में सीएमएस के छात्रों ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब, कलाम इन्क्यूबेशन सेंटर एवं सेंटर फॉर एडवांस लैब्स का शैक्षणिक दौरा किया। इस विज़िट का उद्देश्य छात्रों को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमशीलता इकोसिस्टम की कार्यप्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से अवगत कराना था।

दौरे के दौरान छात्रों को विश्वविद्यालय के इनोवेशन एवं स्टार्टअप विकास प्रयासों, अनुसंधान अवसंरचना और तकनीकी संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह विज़िट कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के नेतृत्व एवं प्रो. बीएन मिश्रा (डीन झ इनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप) तथा डॉ. अनुज कुमार शर्मा (एसोसिएट डीन- इनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

## घायल कर्मचारी के पक्ष में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास में नियुक्त कर्मचारी गोपाल के साथ हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट आई है। उसके समुचित इलाज कराने के लिए और प्रोफेसर/प्रोवोस्ट लाल बहादुर शास्त्री छात्रावास राजेश्वर यादव द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर निज आवास पर काम कराने के विरोध में एनएसयूआई लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और चीफ प्रॉक्टर के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन सौंपकर प्रमुख मांगे रखी।

इसमें गंभीर रूप से घायल कर्मचारी गोपाल का इलाज का पूरा खर्च या तो विश्वविद्यालय या प्रो. राजेश्वर यादव द्वारा उठाया जाए। विश्वविद्यालय के कर्मचारी द्वारा निजी कार्य कराने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने के कारण उन्हें प्रोवोस्ट पद से बर्खास्त किया जाए। गंभीर रूप से घायल कर्मचारी को रात भर बिना इलाज के रखा गया, जिस वजह से उसकी जान भी जा सकती थी। किसी व्यक्ति के जीवन के साथ खिलवाड़ करने के बाबत कानूनी कार्यवाही की जाए। जब तक गोपाल का इलाज चल रहा है और वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो जाता तब तक उसके पूरे वेतन का भुगतान हो।

इकाई अध्यक्ष राणा सुधांशु शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन सुनिश्चित करे कि इस तरह की घटना दुबारा न हो, कोई भी अपने पद का दुरुपयोग न करें। विश्वविद्यालय किसी की निजी संपत्ति नहीं है। इस प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से इकाई अध्यक्ष राणा सुधांशु शर्मा, उपाध्यक्ष हर्षित शुक्ला, अनु वर्मा, अमित कुमार, विशाल कुमार, तनय राव, आयुष कुमार, वरुण, रंजीत आदिछात्र उपस्थित रहे।

## इंजीनियर के क्रेडिट कार्ड खाते से हैकरों ने एमजान पे के माध्यम से उड़ाये 37.5 हजार




**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के आजाद नगर मे रहने वाले एक इंजीनियर के क्रेडिट कार्ड खाते से हैकरों ने एमजान पे के माध्यम से 37.5 हजार रुपए पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर निवासी राहुल तिवारी पुत्र अशोक तिवारी के अनुसार वह पेशे से इंजिनियर है और उनके एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड धारक है। बीते 4 अक्टूबर को हैकरों ने उनके क्रेडिट कार्ड खाते से 37.5 हजार रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी उन्हें 9 अक्टूबर को एसबीआई के ग्राहक सेवा मे मिली। वही पीडित का कहना था कि उन्होंने कोई खरीददारी नही की और न ही अपने कार्ड की जानकारी किसी के साथ साझा की। जिसके चलते उन्होंने घटना की जानकारी साइबर सेल सहित स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से की है पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लोक कथाओं से प्रेरित है आयुष्मान खुराना की फिल्म 'थामा'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल, सत्यराज, फैसल मलिक
- डायरेक्टर :आदित्य सरपोतदार

**रेटिंग-3/5**

**लखनऊ।** आज से सात साल पहले जब स्त्री रिलीज हुई थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह फिल्म अपनी जबरदस्त सफलता के साथ हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की एक मजबूत नींव रखेगी। 'स्त्री 2' की सुपरहिट सफलता के बाद अब आई 'थामा' इस यूनिवर्स की पांचवी कड़ी है। 'स्त्री', 'भेड़िया', 'मुंज्या' और 'स्त्री 2' के बाद, निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने इस फिल्म में भारतीय लोक कथाओं से प्रेरित बेताल की प्रजाति को कहानी का केंद्र बनाया है।

फिल्म की खासियत है लोक कथाओं और आज के दौर का संगम। फिल्म के शानदार विजुअल इफेक्ट्स और तकनीकी पहलू दर्शकों को एक विजुअल ट्रीट का अनुभव तो करवाते हैं, मगर कहानी और कॉमिक पंचेज भी उतने ही मजबूत होते, तो निसंदेह यह हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की एक यूनीक फिल्म बन सकती थी। घने जंगलों में ट्रेकिंग करने गए आलोक गोयल (आयुष्मान खुराना) पर अचानक एक भालू हमला करता है। मौत से ठीक पहले उसकी जान बचाती है एक रहस्यमयी युवती ताड़का (रश्मिका मंदाना)। आलोक को पता नहीं है कि ताड़का, अलौकिक शक्तियों से लैस अमर बेतालों की प्रजाति से है। ये वही प्राणी हैं, जो कभी इंसानों का खून पीकर जीवित रहते थे, लेकिन अब उन्होंने इंसानी दुनिया से दूरी बना रखी है।

इन बेतालों का दुष्ट मुखिया यक्षशासन (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) इस नियम के खिलाफ था, इसलिए उसे सौ साल के लिए गुफा में कैद कर दिया गया था। इधर, आलोक और ताड़का के बीच प्यार पनपता है, लेकिन ताड़का जानती है कि वह इंसानी दुनिया का हिस्सा नहीं बन सकती। जब वह उससे दूर जाने की कोशिश करती है, तो आलोक का एक्सीडेंट हो जाता है। उसे बचाने के लिए ताड़का उसका खून पी लेती है, जिससे आलोक भी बेताल बन जाता है। नियम तोड़ने की सजा में ताड़का को कैद कर लिया जाता है, जबकि यक्षशासन मुक्त हो जाता है। अब इंसानियत के लिए खतरा लौट आया है। इधर, यूनिवर्स के दूसरे योद्धा भेड़िया (वरुण धवन) भी आलोक के रक्त का प्यासा है, क्योंकि उसके भीतर 'थामा रक्त' बह रहा है, जो भेड़िये को सर्वशक्तिमान बना सकता है। अब आलोक को एक साथ तीन मोर्चों पर लड़ना है- यक्षशासन की रक्तपिपासा से मानवता को बचाना है, भेड़िये से खुद को बचाना है, और अपने प्यार ताड़का को छुड़ाना है। 'मुंज्या' जैसी सफल फिल्म दे चुके निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने एक बार फिर कहानी के बीज के रूप में हमारी लोक कथा को लिया है। मगर उन्होंने ज्यादा जोर वीएफएक्स और सेट्स पर दिया है। कहानी और पटकथा के मामले में वे चूक गए हैं। फिल्म का पहला हिस्सा सुस्त है। निर्जन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा की कहानी फर्स्ट हाफ में मार खाती है। वे किरदारों और बैकड्रॉप को स्थापित करने में कुछ ज्यादा समय लगा देते हैं। हालांकि ताड़का का एंट्री सीन और गुंडों से उसकी फाइट वाले सीन अच्छे बन पड़े हैं ।फिल्म का दूसरा भाग मजबूत है, जहां कमाल के वीएफएक्स से सजे दृश्य हॉलीवुड फिल्मों का फील देते हैं। खास तौर पर भेड़िया और बेताल की फाइट। मगर इस फाइट में एक बात बहुत खटकती है कि सारे शहर में तोड़-फोड़ करते भेड़िया और बेताल को कोई नहीं देखता। क्लाइमैक्स में नवाजुद्दीन सिद्दीकी, आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के बीच का एक्शन का जबरदस्त है। तकनीकी रूप से फिल्म काफी मजबूत है। कॉस्ट्यूम और सेट्स यूनिक हैं। सौरभ गोस्वामी की सिनेमैटोग्राफी जबरदस्त है। संगीत की बात की जाए, तो सचिन-जिगर के रचे म्यूजिक में, 'तुम मेरे न हुए' काफी हिट हो चुका है, जबकि 'दिलबर की आंखों का' और 'पॉइजन बेबी' भी पसंद किए जा रहे हैं। परफॉर्मेंस के मामले में आलोक के रूप में आयुष्मान खुराना ने किरदार में जान डाल दी है। फर्स्ट हाफ में उनके मस्तमौला और भोले-भाले इंसानी रूप से सेकंड हाफ के बेताल बनने के ट्रांसफॉर्मेशन में वे जबरदस्त रहे हैं। रश्मिका मंदाना ने ताड़का के रूप पावरपैक्ड परफॉर्मेंस दी है। एक फीमेल बेताल की मुश्किल भूमिका में वे सरप्राइज पैकेज साबित होती हैं। यक्षशासन की भूमिका में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी विशिष्ट हंसी, बॉडी लैंग्वेज और हिंदी-इंग्लिश मिश्रित संवादों से अपने किरदार को यादगार बना देते हैं और कहानी में अप्रत्याशित मोड़ लेकर आते हैं। पिता के रूप में परेश रावल अपनी कॉमिक टाइमिंग और भावनात्मक अंदाज से छाप छोड़ते हैं।

## गोमती रिवर फ्रंट में मिला महिला का शव

**लखनऊ।** गोमती रिवर फ्रंट के सामने महानगर पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। बताया जा रहा है कि शव कही दूर से नदी में बहकर आ रहा था जिसको एक राहगीर ने देखकर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। महानगर पुलिस ने बताया कि शव महिला का है जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष के करीब है। महानगर एसएचओ ने बताया कि महिला काले रंग की जींस और सफेद रंग की टॉप पहने थे। उन्होंने कहा कि अभी तक शव का शिनाख्त नही हो सका है। शव की फोटो सभी पुलिस थानो को देकर सूचित कर दिया गया है।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है: 1. खुली अति अल्पकालीन ई-निविदा संख्या टी.-08/2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत विभिन्न 220 के.वी. एवं 132 के.वी. उपकेन्द्रों पर खराब 33के.वी. वी.सी.बी. को बदलने एवं खराब वैक्यूम इंटरपटरों को बदलने तथा 33के.वी. वी.सी.बी. की ढुलाई इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति / कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड इटावा।**
**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''**
**(पत्रांक: 1600/ दि. 25/10/2025)**

# छठ पूजा : खरना आज, शुरू होगा 36 घण्टे का निर्जला उपवास


छठ पूजा से पहले सात्विक भोजन बनाती व्रती महिलाएं


गोमती घाट पर भजन कीर्तन करते कलाकार


व्रत से पहले भोजन करतीं व्रती महिलाएं

फोटो–अमित वर्मा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चार दिवसीय सूर्य उपासना का छठ पर्व का नहाय-खाय परम्परा के साथ शुभारम्भ हो गया। शनिवार को राजधानी के अलग अलग इलाकों में लोगों ने घरों की साफ-सफाई, स्नान-ध्यान और दिन में एक समय चावल और लौकी की सब्जी खाकर व्रत की शुरूआत की। वहीं गोमती तटों पर सफाई के साथ पूजा की वेदी बनाने का कार्य भी जारी रहा। इस बार छठ पूजा को लेकर लोगों की आस्था चरम पर है। लखनऊ में छठ पर्व बड़े स्तर पर तैयारियां व पूजन शुरू हो चुके हैं। शनिवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत हो गई है। इस दिन घर में शुद्धता का पूरा ख्याल रखते हुए घर व पूजा स्थल की सफाई, स्नान के बाद शुद्ध शाकाहारी भोजन से व्रत की शुरूआत हुई। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय खाय में सूर्योदय से पहले उठकर महिलाओं ने आम की लकड़ी से दातून किया। फिर नहाकर व्रती लौकी, कद्दू की सब्जी, चने की दाल, चावल, सेंधा नमक, मूली आदि का प्रसाद भोजन के रूप में ग्रहण किया। संतान देने वाली छठी मैया और आरोग्य देने वाले भगवान भास्कर सूर्य की प्रार्थना की।

**छठ महापर्व : शोभन योग में होगी शुरूआत, सुकर्मा योग में समापन :** चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व छठ 25 अक्तूबर को नहाय खाय के साथ शुरू होने जा रहा है। इस बार शोभन योग में भगवान सूर्यदेव की उपासना का पर्व प्रारंभ होगा। पर्व के प्रारंभ में शोभन और समापन पर सुकर्मा योग व्याप्त रहेगा। इस योग में सूर्यदेव की पूजन-अर्चन करने वाली व्रतियों की मनोकामना पूरी होगी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चार दिवसीय अनुष्ठान सूर्यदेव की पूजा का व्रत है। मुख्य पूजा 27 अक्तूबर की षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की होगी। पर्व के दूसरे दिन 26 अक्तूबर को खरना में व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर शाम के समय मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ व नए चावल की खीर व रोटी या पूड़ी का प्रसाद बनाएंगी। प्रसाद को सूर्यदेव को अर्पित करने के बाद व्रती इसे ग्रहण करेंगी। उसके बाद 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होगा। वेदाचार्य ने बताया कि पर्व के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि के साथ शोभन योग बन रहा है। जिसे वैदिक ज्योतिष में बहुत ही शुभ और लाभकारी योग माना जाता है। 28 अक्तूबर को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के समय सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान सूर्यदेव की पूजा करने से कार्यों में सफलता मिलती है और किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आती है।

**घाटों पर वेदियां सजाई गईं:** लक्ष्मण मेला मैदान, झूलेलाल घाट, कुड़ियाघाट समेत शहर के तमाम घाटों व अस्थायी तौर पर बनाए गए जलाशयों के पास महिलाओं व पुरुषों ने पहुंचकर सुशोभिता वेदियां बनाईं। उनकी सफाई रंगाई पुताई करके उसके आगे अपना व परिवार का नाम लिखकर आरक्षित किया। शनिवार शाम तक अधिक संख्या में घाटों व जलाशयों, अपार्टमेंटों में महिलाओं, बच्चों ने पूजन की तैयारियां कीं। छठ मैया और भगवान सूर्य की आराधना की।

**नहाय खाय पर बनाया सात्विक भोजन :** अयोध्या रोड स्थित स्प्रिंग ग्रीन अपार्टमेंट निवासी अल्पना सिन्हा बताती हैं कि नहाय खाय वाले दिन सिर्फ एक समय सही से भोजन किया जाता है। शाम को फलाहार करते हैं। किसी भी प्रकार का तामसिक भोजन नहीं ग्रहण किया जाता है। तकरोही निवासी प्रियंका श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन नारंगी सिंदूर लगाने के बाद छठ का प्रसाद बनाया जाता है। इसमें प्याज, लहसुन का प्रयोग नहीं किया जाता है। छठ मैया और सूर्यदेव को भोग लगाने के बाद ही भोजन ग्रहण किया जाता है। व्रती के प्रसाद को सभी सदस्य बांटकर खाते हैं। इसी दिन अगले दिन खरना की तैयारी की जाती है।

**यहां भी होगी पूजा:** मनकामेश्वर उपवन घाट पर छठ पूजा होगी। महंत देव्या गिरि के सानिध्य में सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। ओम ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी के संयोजन में खदरा के शिव मंदिर घाट पर पूजन होगा। पक्कापुल स्थित छठ घाट, श्री खाटू श्याम मंदिर घाट, पंचमुखी हनुमान मंदिर घाट के अलावा महानगर पीएसी 35वीं बटालियन, मवैया रेलवे कॉलोनी, कृष्णानगर के मानसनगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर के साथ ही छोटी व बड़ी नहर के अलावा हर इलाके में घरों में पूजा होगी।

**छठ पूजा का पहला अर्घ्य:** छठ पूजा के तीसरे दिन व्रती शाम को नदी या तालाब के किनारे डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अगर नदी या तालाब जाकर अर्घ्य देना संभव नहीं है तो छत पर भी जल का कुंड बनाकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जा सकता है। इस दिन से व्रती दिन भर अन्न व जल ग्रहण किए बिना व्रत रखते हैं। इस बार छठ पूजा का पहला अर्घ्य यानी संध्या अर्घ्य 27 अक्टूबर अक्टूबर, सोमवार को दिया जाएगा। इस दिन सूर्यास्त शाम 05 बजकर 40 मिनट पर होगा।

**छठ पूजा का दूसरा अर्घ्य:** छठ पर्व के आखिरी दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। छठ पूजा का दूसरा अर्घ्य 28 अक्टूबर, मंगलवार को दिया जाएगा।



## कई विभूतियों को मिलेगा भोजपुरी गौरव सम्मान

**लखनऊ।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में 41वां छठ महापर्व 27 एवं 28 अक्टूबर 2025 को छठ घाट, लक्ष्मण मेला मैदान, गोमती तट, लखनऊ में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश होंगे, जो सायं 4:30 बजे भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। भूपेन्द्र चौधरी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश, केशव प्रसाद मौर्य उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा धर्मपाल संगठन महामंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश सायंकालीन अर्घ्य देकर कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महान विभूतियों को भोजपुरी गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें प्रमुख रूप से श्री राजीव कृष्ण (आई.पी.एस.) पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, पी. गुरु प्रसाद (आई.ए.एस.) प्रमुख सचिव आवास नगर विकास एवं शहरी नियोजन उत्तर प्रदेश, विजय विश्वास पंत (आई.ए.एस.) मण्डलायुक्त लखनऊ, अमरेन्द्र कुमार सेंगर (आई.पी.एस.) पुलिस आयुक्त लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट, प्रेम कुमार गौतम (आई.पी.एस.) पुलिस महानिरीक्षक ए.टी.एस. उत्तर प्रदेश, श्री विशाख (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी लखनऊ, प्रथमेश कुमार (आई.ए.एस.) उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, विशाल सिंह (आई.ए.एस.) निदेशक सूचना उत्तर प्रदेश, गौरव कुमार (आई.ए.एस.) नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ, डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी (आई.ए.एस.) जिलाधिकारी औरैया, राजेश द्विवेदी (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर, दीपक कुमार सुधीर कुमार गुप्ता शैलेन्द्र सिंह राजेश कुमार अनिल कुमार अमरेन्द्र कुमार प्रभात उपाध्याय अमोल मुरकुट (आई.पी.एस.) अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी जोन लखनऊ, डॉ. रवीन्द्र देव उपाध्याय अमित उपाध्याय जिया शैलेश परमार कुँवर शिवमणि रौशा निदेशक विराज वेंचर एवं प्रभारी राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन उत्तर प्रदेश उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज द्वारा पिछले 41 वर्षों से लखनऊ के छठ घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट पर छठ महापर्व का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। पहले यह पर्व बिहार और पूर्वांचल तक सीमित था, परंतु आज यह विश्वव्यापी रूप ले चुका है। लखनऊ में लगभग 15 लाख श्रद्धालु और पूरे देश में 35 से 40 करोड़ लोग इस महापर्व को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाते हैं। यह चार दिवसीय पर्व 25 अक्टूबर को नहाय-खाय, 26 अक्टूबर को खरना (छोटी छठ), 27 अक्टूबर को सायंकालीन अर्घ्य तथा 28 अक्टूबर को प्रातःकालीन अर्घ्य एवं पारण के साथ सम्पन्न होगा। 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा जो रात्रि भर चलेगा। अपराह्न 3 बजे से लेकर प्रातः 8 बजे तक लगभग 200 कलाकारों द्वारा लगातार 18 घंटे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें कल्पना पटवारी, गोपाल राय, सुरेश शुक्ला, संतोष बनारसी, सुरेश कुशवाहा, एस.पी. चौहान, उमेश कनौजिया, अवधेश, विवेक पाण्डेय, दीनबन्धु सिंह, अंगदराम ओझा, परमहंस चौरसिया आदि कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## छठ पूजा को लेकर सजे बाजार सुपली, दउरा की हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शहर के बाजार सजकर तैयार हो चुका है। इंदिरानगर, निशातगंज, पत्रकारपुरम बाजार में महिलाएं दउरा, मिट्टी के बर्तन कलश, घैला, दीया, ढकना, सुपा, सुपली, नारियल सहित अन्य सामान की खरीदारी शुरू कर दी। इंदिरानगर सेक्टर.17 सब्जी मंडी में सड़क किनारे छठ से संबंधित दुकानें खुल गई। बांस से बने सूप 45.50 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। चूल्हे की कीमत 80.100 रुपये के बीच है। दुकानदार अमित कुमार ने बताया कि सूप और दउरा की कीमतों में इस साल पिछले साल की तुलना में इजाफा हुआ है। सूप जहां 45 से 60 रुपए प्रतिपीस बिक रहा है। वहीं दउरा की कीमत उसके आकार और बनावट के आधार पर तय है। दउरा 100 से लेकर 180 पीस तक बाजार में उपलब्ध है। छठ पूजा में मिट्टी के हाथी का विशेष महत्व है। ऐसे में बाजार में सुंदर.सुंदर मिट्टी के हाथी की बिक्री खूब हो रही है। इसके अलावा मिट्टी के चूल्हे की कीमतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। वहीं मंडियों में कच्ची हल्दी, कच्चा अदरक, कच्चा नारियल, कच्चा केला, आंवला, सीताफल, मूली हर चीज से बाजार गुलजार है।

**फल व सब्जियों की दुकान पर दिखने लगी रौनक:** राजधानी में छठ की पूजा की रौनक दिखने लगी है। सूर्य उपासना के इस पर्व को लेकर बाजार में भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजन में मौसमी फल सरीफा केला, अमरुद, सेब, अनन्नास, सूथनी हल्दी, अदरक, सिंघाड़ा, सूप व गन्ने का प्रयोग होता है। बांस की टोकरी में व्रती के पति या बेटा बांस की टोकरी में 6, 12 व 24 की संख्या में फल रखकर घाट तक जाते हैं। छठ गीतों के साथ परिवार के लोग भी व्रती के साथ जाते हैं। 36 घंटे के निर्जला व्रत का समापन 11 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर होगा। कुछ स्थानों पर इसे डाला छठ भी कहते है। आलमबाग, निशातगंज, इंदिरानगर व राजाजीपुरम सहित सभी बाजारों में दुकानदार तैयारियों में जुटे हैं। इंदिरानगर की ममता ने बताया कि वह 15 सालों से व्रत कर रही है। इस व्रत की बहुत मान्यता है। उन्होंने की वह अकेली ही व्रत करती हैं इसीलिए थोड़े सामान की आवश्यकता होती है लेकिन इस व्रत में कई प्रकार के फल, सब्जियों के साथ पूजा की जाती है। इस साल हर सामान थोड़ा मंहगा है। दुकानदार शोभित ने बताया कि अभी तक कम लोग आ रहे हैं खरना के दिन से ज्यादा खरीददारी शुरु होती है ताकि सब्जियां और फल ताजा मिले। ग्राहक एक दुकान पर रुक कर सारा सामान खरीदना पसंद करते हैं।

**गन्ने से लेकर डलिया-सूप की हुई खरीदारी:** बाजारों में भी शनिवार को भीड़ नजर आई। मौसमी फल व सब्जियों के साथ ही गन्ना, कच्ची हल्दी, नारियल, सिंघाड़ा, मूली, सूप व बांस की डलिया के साथ ही अन्नास व नीबू सहित छठ मइया को चढ़ने वाले सामानों की खरीदारी की गई। निशातगंज, आलमबाग, डालीगंज, महानगर, राजाजीपुरम, भूतनाथ, आशियाना व कृष्णानगर समेत सभी इलाकों की बाजारों में भीड़ रही।

# कला को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करें : धीरज सिंह

- लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन लक्ष्य माहेश्वरी की प्रस्तुति और 10 फिल्मों ने बांधा समां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** एमरेन फाउंडेशन द्वारा आयोजित और उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा संचालित लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के छठे सीजन का उद्घाटन दिवस शांति और सद्भाव की थीम को अपनाते हुए एक जीवंत शुरूआत का प्रतीक बना।? यूपी संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर में आयोजित इस आयोजन ने युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक की भीड़ को आकर्षित किया। सार्वजनिक इंटरनेट प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध न होने वाली विशेष शॉर्ट फिल्में, जो एफटीआईआई छात्रों और स्वतंत्र रचनाकारों द्वारा बनाई गईं ने ताजा सिनेमाई आवाजों की दुर्लभ झलक प्रदान की।? भारत और विश्व भर से सैकड़ों प्रविष्टियों में से, 20 फिल्मों को दो-दिवसीय प्रदर्शन के लिए चुना गया, जो तमिल, मलयालम, बंगाली, गुजराती, हिंदी और अंग्रेजी में हैं, जो स्वतंत्र भारतीय सिनेमा की जीवंतता को रेखांकित करती हैं।

इन चयनित फिल्मों ने सामाजिक चुनौतियों से निपटने के विषयों को बुना—पशु कल्याण और बाल श्रम से लेकर मानसिक स्वास्थ्य, पूर्वाग्रह, पर्यावरणीय सह-अस्तित्व और अनकहे विदाई तक—दर्शकों को विभाजन के बीच एकता पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करते हुए। शॉर्टलिस्टेड फिल्मों का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया गया है और फेस्टिवल के दूसरे दिन सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को पुरस्कारों और नकद इनामों से सम्मानित किया जाएगा।?एमरेन फाउंडेशन की सदस्य वंदना अग्रवाल ने शो की शुरूआत में दर्शकों का स्वागत किया उन्होंने सभी अतिथियों और मुख्य अतिथियों को अभिवादन किया, छठे सीजन के रचनात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक बंधनों को बढ़ावा देने पर उत्सव मनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया। एफटीआईआई पुणे के कुलपति धीरज सिंह ने फेस्टिवल की भूमिका की प्रशंसा की, जो शॉर्ट फिल्मों को सिनेमा की शुद्ध अभिव्यक्ति के रूप में पोषित करती है। हमें रेणुका जी जैसे अधिक दूरदर्शियों की आवश्यकता है, जो कला को बढ़ावा देने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करें। शॉर्ट फिल्में सिनेमाई सार के करीब हैं, व्यावसायिक दबावों से मुक्त। एफटीआईआई में हम सालाना दर्जनों बनाते हैं, फिर भी बाजार अनोखा है। लखनऊ द्वारा शॉर्ट फिल्मों को अपनाना और बढ़ावा देना हृदयस्पर्शी है। यूपी सिनेमा का संभावित केंद्र बनेगा, और ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे लाते हैं। एमरेन फाउंडेशन की संस्थापक रेणुका टंडन ने उभरते रचनाकारों के लिए प्रेरणादायक संदेश के साथ सभा का स्वागत किया। लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल हमेशा दया और रचनात्मकता के परस्पर क्रिया वाले स्थान को बनाने के बारे में रहा है। इस वर्ष, हम कलाकारों, फिल्म निमार्ताओं और विचारकों को एक साथ लाने पर गर्व करते हैं जो मानते हैं कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं है—यह गतिशील सहानुभूति है। जितना हम याद रख सकते हैं, हमने हमेशा यह विश्वास किया है कि कहानियां चिकित्सा करने, जोड़ने और हमारी साझा मानवता की याद दिलाने की शक्ति रखती हैं। कार्यक्रम निदेशक गौरव द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ का अपना शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल कुछ ऐसा है जिस पर सभी लखनऊवासी को गर्वान्वित और उत्साहित होना चाहिए, क्योंकि इसके छठे संस्करण में हम विश्व भर से कुछ शानदार फिल्में ला रहे हैं। ऐसी सुंदर कहानियां जो अधिकतम लोगों तक पहुंचनी चाहिए। इनमें से अधिकांश फिल्में सार्वजनिक प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल वह जगह है जहां आप इन्हें देख, महसूस और जी सकते हैं। एमरेन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष ऋचा वैश्य ने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि दर्शक हर फिल्म से इतनी गहराई से जुड़ गए। लखनऊ के लोगों के दिलों में सिनेमा के लिए एक खास जगह है, और वह प्रेम पूरे उत्सव के दौरान साफ दिखा। फेस्टिवल का एक विशेष आकर्षण स्किलिंग इनिशिएटर्स का प्रदर्शन था, जो एमरेन फाउंडेशन की फिल्म है, जो दक्ष पीठ के माध्यम से हो रहे परिवर्तनकारी कार्य को दर्शाती है।

## रूहानी के पुराने खत पुस्तक लॉन्च

अभिनेत्री और लेखिका रेनिता कपूर ने फेस्टिवल को अपनी गहन व्यक्तिगत पुस्तक रूहानी के पुराने खत के लॉन्च से सुशोभित किया, जो आध्यात्मिक चिंतन और हृदयस्पर्शी भावनाओं से भरी भावपूर्ण पत्रों का संग्रह है। सभागार तालियों से गूंज उठा जब उन्होंने दर्शकों के सामने पुस्तक का अनावरण किया। उन्होंने चर्चा के दौरान इसके अंतरंग कथाओं की झलकियां साझा कीं और इस पुस्तक को लिखने की प्रेरणा क्या थी। आज की अंतिम प्रस्तुति में कथावाचक लक्ष्य माहेश्वरी ने चार सहायकों की कहानी को खूबसूरती से सुनाया, जो फिल्मों के पीछे के अनसुने क्रू—ग्रिप्स, लाइट टेक्नीशियन और प्रोडक्शन हैंड्स—को काव्यात्मक श्रद्धांजलि है, जो कहानियों को स्क्रीन तक पहुंचाते हैं। हास्य, कमजोरी और स्पोकन-वर्ड शायरी के अपने हस्ताक्षर मिश्रण से, उन्होंने उनके शांत बलिदानों और अराजक सेटों में लाए सद्भाव को रोशन किया, सिनेमा की सहयोगी भावना के लिए दिल छू लेने वाली श्रद्धांजलि के लिए सभी दर्शकों ने इसे सराहा। कार्यक्रम में एमरेन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष ऋचा वैश्य, अम्बरीश टंडन, अनुष्का डालमिया, देव वर्मा, विपुल वी. गौर, उषा विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा और रेड ब्रिगेड टीम, रिया अग्रवाल, विभू कौशिक, वंदना अग्रवाल, रचना टंडन, विभा अग्रवाल, श्रेया रंजन, और नितीश गर्ग मौजूद थे।

# कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ 101 महिलाओं द्वारा गंगाजली कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा वृंदावन कॉलोनी के एस के डी ऐकडमी के शिव मंदिर से शुरू होकर ज्ञान सरोवर विद्यालय कथा स्थल पर पहुंची।

प्रथम दिन के यजमान भवान सिंह रावत, अधिराज सिंह कठैत और महावीर खन्तवाल ने देव आवाहन एवं कथा अनुष्ठान पूजा की। कथा वाचक पंडित मुकेश शुक्ला जी ने बताया कि शिव महापुराण में भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योर्तिलिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन है। इसमें शिव के कल्याणकारी स्वरूप का तात्विक विवेचन, रहस्य, महिमा और उपासना का विस्तृत वर्णन है। श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रति दिन सांय 3 बजे से 1 नवम्बर तक ज्ञान सरोवर विद्यालय, वृंदावन योजना में किया जा रहा है। कलश यात्रा और श्री शिव महापुराण कथा में काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए, जिनमें आर पी जुयाल, पूरन बिष्ट, अशोक असवाल, राजेन्द्र सिंह रावत, किशन सिंह बिष्ट, अनूप बिष्ट, केशव विटालू, हेमंत सिंह गडिया, हरीश रौतेला, डी डी नरियाल, जगदीश बुटोला, रविंद्र बिष्ट, नारायण जोशी, सोमेन्द्र बिष्ट, जगदीश बिष्ट, बलवंत वाणगी, संगीता रावत, सुनंदा असवाल, रजनी राणा, संगीता सिंह, ऊषा पांडे, नीलम जुयाल, अर्चना बोरा, अम्बा बिष्ट, बिमला बिष्ट, सरला नेगी, बीना गड़िया, सुशीला रौतेला, लता रावत, कमला कठैत, मीना विटालू, विनीता पांडे आदि भक्त गण मौजूद थे।

# डालीगंज जैन मन्दिर में चातुर्मास और पिच्छी परिवर्तन संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा की ओर से आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी मुनिराज के परम शिष्य अध्यात्म योगी उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज का चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छी परिवर्तन का कार्यक्रम, सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन की अध्यक्षता मे शनिवार को डालीगंज जैन मन्दिर मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम। प्रातः 7 बजे से अभिषेक 7:15 दूध से शांतिधारा (बोली द्वारा) तत्पश्चात 8 बजे से उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज के सानिध्य मे दीपप्रज्जुलन, चित्र अनावरण, शास्त्र भेट, पाद प्रक्षालन, गुरु पूजा, गुरु का मंगल आशीर्वाद, चातुर्मास निष्ठापन समारोह एवं पिच्छी परिवर्तन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष विनय जैन ने बताया कि चातुर्मास का कलश जिन लोगों ने प्राप्त किए थे उन्हें गुरुवर के द्वारा कलश प्राप्त किया।

सर्वप्रथम मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की दूध से शांतिधारा करने का सौभाग्य अनिल जैन ने प्राप्त किया। तत्पश्चात देव शास्त्र गुरु को श्री फल चढ़ा कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। दीप प्रज्जुलन, चित्र अनावरण के बाद मीनू जैन ने मंगलाचरण किया। सभापति विनय जैन ने सभा का संचालन करते हुए कहा की उपाध्याय श्री आदीश सागर जी मुनिराज जैसे सरल साधु उन्होंने अपने जीवन मे नहीं देखे। उन्होंने चातुर्मास के दौरान जाने अनजाने हुई गलतियों के लिए गुरुदेव से क्षमा मांगी। उप प्रबंधक पार्श्व जैन ने बताया की पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य सुशील जैन, मनीष, मुकेश अपूर्व जैन परिवार ने प्राप्त किया, वही गुरुदेव को शास्त्र भेट करने का सौभाग्य अशोक जैन, अंकित जैन जरवल वालो को मिला। इंजीनियर विशाल जैन ने गुरुदेव को नयी पिच्छी भेट करने का सौभाग्य प्राप्त किया, वही पुरानी पिच्छीका भी गुरुदेव के द्वारा उन्ही को भेट स्वरुप प्रदान की गयी। तत्पश्चात गुरुदेव का अष्टद्रव्यों से पूजन किया गया। मंगल आरती, के बाद गुरुदेव ने अपने प्रवचन मे बताया की इस चातुर्मास मे जिन्हे लाभ मिलना था उन्हें मिला। उन्होंने बताया की प्रथम दीक्षा भगवान ऋषभदेव ने ली थी। और अभी भगवान महावीर का शासन चल रहा है। जो अगले तीर्थकर के आने तक चलता रहेगा। तत्पश्चात गुरुवर के द्वारा सभी को चातुर्मास के मंगल कलश वितरण किये गए। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष विनय, महामंत्री सुबोध, कोषाध्यक्ष सुशील, वरिष्ठ मंत्री वीर कुमार साड़ी वाले, मुख्य प्रबंधक वीर कुमार टिकैतनगर, उप प्रबंधक पार्श्व कुमार जैन, संयोजक मनीष, विकास, अभिदीप, राहुल, पवन, राजू, रोहित, रितेश महिला मण्डल से शुभा, कंचन, शीतू, प्रतीक्षा, बिब्बो भाभी, अंजू, मीनू, बाईजी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## कुल्हाड़ी से युवक पर हमला

मौरावां, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में घूरा डालने के विवाद को लेकर एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक लहूलुहान हालत में मौरावां थाने पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पिंजरा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र शिवकुमार ने पुलिस को बताया कि



यह घटना 25 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे हुई। उनके अनुसार, गांव के रामदयाल पुत्र डग्गर, चंद्रशेखर की पत्नी, सुंदर लाल की पत्नी और रामदयाल की पत्नी बालूशाही उनकी पत्नी केकता देवी को घूरा विवाद को लेकर गाली-गलौज कर रहे थे और मारपीट कर रहे थे। मनोज कुमार ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी को बचाने गए, तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा। इसके बाद उनके सिर पर तीन कुल्हाड़ी के वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मनोज के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पीड़ित ने इस संबंध में मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## सड़क हादसों में महिला सहित पांच घायल

सिधौली (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र में शनिवार दोपहर दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में एनएच- 30 पर सिंहपुर गांव के पास हुई। जहां मोटरसाइकिल सवार तीन लोग सिधौली की ओर आ रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे महेंद्र 19 पुत्र श्यामलाल, हनुमान 42 पुत्र राजाराम, और किरन 38 पत्नी हनुमान, निवासी रामपुर घेरवा थाना कमलापुर, गंभीर रूप से घायल हो गये। दूसरी दुर्घटना थाना संदना क्षेत्र के सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर हुई। जहां दिलीप कुमार 38 पुत्र गोपालदीन निवासी बालागंज लखनऊ अपनी नई मैजिक डाला लेकर नैमिष दर्शन को जा रहे थे। बाइक को बचाने के प्रयास में वाहन पेड़ से टकरा गया। जिससे दिलीप और उनके साथी शंकर 32 पुत्र रामचंद्र घायल हो गये। डॉक्टरों ने हनुमान, किरन, और शंकर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया है।

## विवाहिता को मौत के घाट उतारा

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अक्किलपुर मजरा बिलरिया गांव में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने आत्महत्या की बात कही। जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। रानीपुरवा मजरा परेवा जाल निवासी टीपू पुत्र गयादीन ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सोनाली की शादी करीब चार वर्ष पूर्व संजय पुत्र रामेश्वर निवासी अक्किलपुर मजरा बिलरिया से की थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही पति संजय, सास और ससुर रामेश्वर उसे प्रताड़ित करने लगे। टीपू ने आरोप लगाया कि बेटी के एक बच्ची होने के बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और आए दिन विवाद करते थे। पीड़ित पिता ने बताया कि भाईदूज का त्योहार मनाने के बाद जब उनकी पुत्री सोनाली ससुराल वापस पहुंची, तो सास, ससुर और पति संजय इस बात पर नाराज हो गए कि वह मायके क्यों चली गई थी। इसी बात को लेकर तीनों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए सोनाली के शव को फांसी पर लटका दिया गया और यह अफवाह फैला दी गई कि उसने खुदकुशी कर ली है। मृतका के पिता टीपू ने कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लौह पुरुष की जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर 31 अक्टूबर से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के एकीकरण में सरदार बल्लभभाई पटेल की अविस्मरणीय योगदान रहा है। सरदार बल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के संबंध में सभी नागरिकों व विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिये पद यात्रा तथा कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्णमनोयोग से सभी कार्यक्रमों आयोजित कराना सुनिश्चित करें।



प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि आयोजित होने वाली रन-फॉर यूनिटी हेतु पर्याप्त चिकित्सा शिविर लगवायें तथा अन्य कार्यक्रमों में भी प्राथमिक चिकित्सा हेतु समुचित व्यवस्था की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित किये जायें तथा विजेताओं को पुरूस्कृत भी किया जाये। सभी विद्यालयों एवं कार्यालयों में सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम भी आयोजित कराये जायें। सभी पंचायत भवनों में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराये जायें।

कार्यक्रमों में सभी को अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाये तथा गर्व से स्वदेशी के उपयोग का संकल्प एवं आत्मनिर्भर भारत हेतु शपथ दिलायी जाये। प्रभारी मंत्री ने सम्पूर्ण जनपद के सभी आयोजनों को पूरी भव्यता के साथ आयोजित कराये जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक के दौरान सांसद मिश्रिख अशोक रावत, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, विधायक सिधौली मनीष रावत, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभभाई पटेल भारतवर्ष के गौरवः मयंकेश्वर शरण सिंह

सीतापुर। भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की प्रमुख धरोहरों में से एक है। राष्ट्र उनके योगदान को अमूल्य पूंजी के रूप में स्वीकार करता है। वह हम सब के स्वाभिमान भी है आज अखंड भारत का निर्माण उन्हीं की सोच और संघर्ष का प्रतिफल है। उक्त बातें जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा सीतापुर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता के दौरान कही गई। उन्होंने बताया कि सरदार साहब की 150वीं जन्म जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में लोकसभा में पदयात्रा, रोड यात्रा, राष्ट्रीय पदयात्रा, विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन, जिले के पार्कों में कार्यक्रम, अन्य शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम, निबंध, भाषण, रंगोली चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर जिला अभियान के सभी कार्यक्रमों में संपूर्ण ऊर्जा के साथ सहभागिता करेगा और पार्टी के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी पदाधिकारी सरदार साहब को श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से सांसद मिश्रिख अशोक रावत एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक शशांक त्रिवेदी, विधायक मनीष रावत, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक निर्मल वर्मा, जिला प्रभारी नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता कार्यक्रम सहसंयोजक नीरज वर्मा झल्लर आदि लोगों उपस्थित रहे।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

फतेहपुर। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने अपने पैतृक गांव में सर्जन हॉस्पिटल एवं चेरिटेबल नेत्र केंद्र के द्वारा शिविर में सृजन हॉस्पिटल के संचालक डॉ एस के शुक्ल के द्वारा किया गया। 100 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षणआधा सैकड़ा लोगों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए बुलाया गया, वहीं आधा सैकड़ा से अधिक लोगों को निः शुल्क दवा भी वितरण की गई व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने सृजन हॉस्पिटल एवं चेरिटेबल नेत्र केंद्र के संचालक डॉ एस के शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस नेक कार्य के लिए मैं उनका आभारी हूं, जो उन्होंने इतनी अच्छी तरह से हमारे ग्रामवासियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया वा निःशुल्क ऑपरेशन भी करवाने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं! कार्यक्रम में गांव के समाजसेवी योगेशचंद शुक्ल का भी अहम योगदान रहा वहीं इस दौरान प्रमुख रूप से गामा विश्वकर्मा, श्याम चौरसिया, गुलाब डाक्टर, लल्लन त्रिवेदी, रामौतार मास्टर, राजबली पासवान, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहें।

## 23वीं क्षेत्र विज्ञान मेल के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ

फतेहपुर। शहर के वीआईपी रोड तामेश्वर मंदिर के पास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 23वीं क्षेत्र विज्ञान मेले के दूसरे दिन विज्ञान वार्ता कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए अतिथियों ने दी प्रज्वल के साथ किया विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का परिचय कराया जिसमें उपस्थित मुख्य अतीत के रूप में आईआईटी कानपुर के पदम डॉक्टर एच सी वर्मा न्यू वर्तमान प्राध्यापक आईआईटी कानपुर डॉक्टर मेहरबान सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक सी एस आई आर नई दिल्ली विशिष्ट अतीत डॉक्टर राम मनोहर सह संगठन मंत्री विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह जिलाधिकारी फतेहपुर आदि उपस्थित रहे। डॉक्टर एच सी वर्मा और डॉक्टर मेहरबान सिंह ने छात्रों को विज्ञान संबंधित जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर दिए इस शुभ अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए द्वितीय दिवस की विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। जिसमें 49 जिलों से आए हुए 550 छात्रों ने प्रतिभा किया। जिसमें प्रश्न मंच बाल वर्ग में काशी ग्रामीण प्रथम 07 अंक काशी नगरी द्वितीय 05 अवध ग्रामीण तृतीय 03 प्रश्न प्रस्तुति अवध ग्रामीण प्रथम 04 अवध नगरी द्वितीय 03 काशी ग्रामीण तृतीय 02 किशोर वर्ग प्रश्न मंच में काशी नगरी प्रथम 07 गोरझ ग्रामीण द्वितीय 05 काशी ग्रामीण तृतीय 03 शिशु वर्ग प्रश्न मंच में काशी नगरी प्रथम 07 काशी ग्रामीण द्वितीय 05 अवध नगरी तृतीय 03 प्रश्न वचन प्रस्तुति किशोर वर्ग प्रश्न मंच में गोरझ नगरी प्रथम 04 कानपुर नगरी द्वितीय 03 काशी नगरी तृतीय 02 अंक प्राप्त कर विजय हुए।

# जगन्नाथ मंदिर का भूमि पूजन 2 को , तैयारियों का लिया जायजा



फतेहपुर। शहर के पक्का तालाब हनुमान मंदिर पर प्रस्तावित श्री जगन्नाथ भगवान जी का मंदिर का भूमि पूजन एवं कार्य आरंभ की तैयारी को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष तिवारी मिजार्पुर भिटारी के द्वारा हनुमान मंदिर परिसर के प्रांगण में तैयारी का जायजा लेते हुए बताया कि जगन्नाथ मंदिर का निर्माण हम सब के सहयोग से संपन्न हो रहा है। और जो भी भगवान श्री जगन्नाथ का आदेश हो रहा है। वह सब के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में कोई कमी ना रहे इसके लिए सभी लोग अपने-अपने कार्य का निरीक्षण करते हुए और कार्य को गति देने में लगे हैं।

2 नवंबर को जगन्नाथ मंदिर का भूमि पूजन होना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथ के रूप में पद्मम विभूषण श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज व विशिष्ट अतिथ के रूप में दैतापति श्री भवानी दास जी महाराज प्रधान दैतापति सेवायत जगन्नाथ धाम पुरी उड़ीसा के कर कमल द्वारा श्री जगन्नाथ धाम मंदिर का भूमि पूजन किया जाएगा। उसकी तैयारी बड़े जोरों शोरों से मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। उसी का निरीक्षण करते हुए संतोष तिवारी ने बताया कि जर्मन हैंगर टेंट लगाया जा रहा है जिसमें लगभग 15 हजार भक्तों की बैठने की व्यवस्था की गई है कार्यक्रम में आसपास के जिलों से स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आएंगे और पूरे जिले से भी हजारों की संख्या में भक्तगण 2 नवंबर को मंदिर प्रांगण में पहुंचेंगे। हनुमान मंदिर के महंत श्री त्यागी जी महाराज सहित कई कई साधु संतों का जमघट लगेगा भक्तों को अपने-अपने गुरुओं के दर्शन करने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को भूमि पूजन के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त जनपद के और आसपास के जिले के लोगों को निमंत्रण भी दे दिया गया है। और भक्तगणों से आवाहन किया है कि 2 नवंबर को हनुमान मंदिर पक्का तालाब में आकर के भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर की भूमि पूजन में शामिल हो। इस मौके पर रुद्र कुमार तिवारी किस्सू महाराज बच्चा शुक्ला विकल्प शुक्ला राजेश यादव अवधेश यादव प्रदीप रविदास अशोक पाल सूरज लोधी आशीष अग्निहोत्री सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश



सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली देहात सीतापुर में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश फतेहपुर का संपर्क कार्यालय का उद्घाटन

फतेहपुर। शनिवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश फतेहपुर का संपर्क कार्यालय का उद्घाटन भिटौरा बायपास आसमा इंटरनेशनल के सामने फतेहपुर पर जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने फीता काट कर व्यापारियों को समर्पित किया। उपस्थित व्यापारियों ने मिष्ठान वितरित कर व्यापारियों को हार्दिक बधाई दी। जिला अध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित संकलन एवं निस्तारण की लिए जिले के विभिन्न हिस्सों में संगठन के संपर्क कार्यालय खोले जा रहे हैं, व्यापारी गण किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संगठन को अवश्य अवगत कराएं।जिलामहामंत्री जय किशन ने कहा कि व्यापारी हितों के रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर हैं।उपरोक्त मौके पर प्रेमदत्त उमराव, श्रवण कुमार दीक्षित, संदीप श्रीवास्तव, कैस खान, अर्सलान, नीरजमिश्रा ,तौफीक, तसलीम, संजय गुप्ता, प्रशांत सिंह चौहान, राजकुमार गुप्ता, सलामत अली, धनंजय मिश्रा, भंवर सिंह, अजीत विद्यार्थी, सोनू शुक्लामो असलम ,प्रमोद महाजन, लकी साहू, सर्वेशगुप्ता, विकास कश्यप, मेंहदी हसन, मो तौफीक, अरविंद गुप्ता, मो शाहिद, रवि श्रॉफ, सर्वेश गुप्ता, मो अहमद कासिफ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने छठ पूजा के लिए पीएसी परिसर में तालाबों का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आगामी त्योहार छठ पूजा के दृष्टिगत पीएसी परिसर में स्थित तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण किए जाये। नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई, प्रकाश आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। घाटों पर फिसलन कम करने हेतु भी बोरी इत्यादि की व्यवस्था कराते हुए समुचित सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पर्क मार्गो का समुचित दुरुस्तीकरण कराया जाये। आपातकालीन स्थिति हेतु गोताखोरों का समुचित प्रबंध किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ?पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ पर्व



उन्नाव। छठ महापर्व शनिवार से नहाए खाए के साथ शुरू हो गया है चार दिनों तक चलने वाली इस महापर्व में छठी मैया और सूर्य देवता की पूजा की जाती है। व्रतियों में विश्वास है कि छठी मैया की पूजा से संतान सुख आरोग्य और समृद्धि मिलती है। छठ महापर्व शनिवार से शुरू हो चुका है। छठ महापर्व पर सूर्य देव और छठी मैया की पूजा का विधान है। निर्जला व्रत रखने वाली महिलाएं संतान की लंबी उम्र और सुख आरोग्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं। शनिवार से छठ महापर्व का शुभारंभ हो चुका है। रविवार को खड़ना का व्रत सोमवार को सांध्य अर्घ्य देने के उपरांत मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व के व्रत का समापन किया जाएगा।

## खेलकूद प्रतियोगिता में जय मां गंगा क्लब विजयी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के महेन्द्र कुमार मिश्र इंटर कालेज खरौली मे जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे, खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ माता सरस्वती की पूजा करके व फीता काटकर उद्घाटन किया।

कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता मे जय माँ गंगा क्लब बैदरा की कप्तान माधुरी व हरौनी की कप्तान शालिनी को हाथ मिलवाकर टॉस किया, टॉस बैदरा की कप्तान माधुरी ने जीता दोनों टीमों के बींच रोमांचक मुकाबला हुआ। कड़े संघर्ष के बाद जय माँ गंगा क्लब बैदरा विजयी हुआ, प्रतियोगिता मे पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि ग्रामीण अंचलो मे



प्रतिभाए निखरने लगी है। मेरी तमन्ना है हमारे क्षेत्र कि प्रतिभाये विश्व स्तर पर अपने क्षेत्र का व देश का नाम रोशन करे अगर कही भी कोई जरूरत पड़े तो हमको सूचित करे हम सहयोग अवश्य करेंगे प्रतियोगिता मे विभिन्न क्षेत्रों सें आये बालिका व बालक वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप सें राघवेंद्र सिंह प्रधान खरौली, संतोष सिंह, प्रांशू सिंह खेल प्रमुख, पंडित रामकृष्ण मिश्र प्रबंधक, अनुज यादव इकब, रज्जन द्विवेदी, रविकांत शुक्ला, ओमप्रकाश सिंह, बबलू डॉक्टर, सुनील शुक्ला, अरुण सिंह, अखिलेश पटेल, अनिल सिंह, सूरज सिंह, रोहित काका, प्रखर सिंह, अनीश यादव, फुन्नी त्रिपाठी पंकज सिंह, सौरभ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## जीआरपी ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया

शुक्लागंज, उन्नाव। लूट के मामले में कोर्ट से जमानत पर चल रहा वारंटी अभियुक्त को जीआरपी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चैकी अंतर्गत राजीव नगर मोहल्ले का रहने वाला नूर आलम उर्फ टाइगर पुत्र मुन्ना उर्फ गरीबुद्दीन उन्नाव न्यायालय से गिरोहबंदी के मुकदमे में अपर सिविल जज कोर्ट संख्या 3 से जमानत पर जेल से रिहा था। जेल से रिहा होने के बाद कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था जिस कारण न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट पर उन्नाव जीआरपी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की माने तो नूर आलम पर लूट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

## थाना दिवस पर सुनी गयीं सात शिकायतें, दो का निस्तारण

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना प्रांगण में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान क्षेत्र से कुल सात शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें तीन शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी। जबकि चार राजस्व विभाग से जुड़ी थीं। अधिकारियों ने मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया। इनमें एक पुलिस विभाग और एक राजस्व विभाग से संबंधित मामला शामिल था। नायब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी ने शेष लंबित शिकायतों को अगले थाना दिवस तक प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने भी शिकायतकताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। थाना दिवस के दौरान कानूनगो सदर सुशील त्रिपाठी, संबंधित लेखपाल, पुलिसकर्मी और राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की और राजस्व-पुलिस विभाग के समन्वय से समस्याओं को हल करने पर बल दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपनी शिकायतें रखीं और समाधान के प्रयासों की सराहना की।

# ग्रामीण जलनिगम कर्मचारी मस्त ग्रामीण त्रस्त, गांव के रास्तों पर हो रहा जलभराव



जिला संवाददाता

साण्डा-सकरन (सीतापुर)। तहसील बिसवां विकासखंड सकरन क्षेत्र के ग्राम पंचायत किरतापुर में जल निगम ठेकेदारों व कर्मचारियों के द्वारा ग्राम पंचायत में पाइप लाइन बिछाकर घर घर पानी की सप्लाई पहुंचा दी गई लेकिन कहीं-कहीं टोटी लगाई गई। कहीं-कहीं टोटी नहीं लगाई गई पानी खुले में बह रहा है। लेकिन जल निगम कर्मचारी खुले में बह रहे पानी में टोटी लगाना उचित नहीं समझते।

ग्राम पंचायत में कही कही पाइप का ज्वाइंट निकल गया है और लीकेज कर रहा है। जिससे ग्राम पंचायत में जलभराव हो रहा है लेकिन जल निगम कर्मचारियों की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि ग्रामवासियों ने इसके संबंध में कई बार जल निगम कर्मचारियों से शिकायत भी की लेकिन जल निगम कर्मचारियों द्वारा सही नहीं किया गया। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। जल निगम कर्मचारी व ठेकेदार अगर ऐसा ही रहा तो योगी सरकार का हर घर योजना का सपना साकार होता नजर नहीं आ रहा है। अब देखना यह है कि उच्च अधिकारी इस प्रकरण पर संज्ञान लेकर जल निगम कर्मचारिओं व ठेकेदारों पर कोई कार्यवाही करते हैं नहीं।

## सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत, दो घायल

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थाना क्षेत्र के महोली तिराहे पर शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति, जिसकी उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है कि मौके पर ही मौत हो गई व दो घायल हो गये। गुड्डी उम्र लगभग 30 निवासी वजीरपुर थाना क्षेत्र तालगांव, सरिता देवी उम्र लगभग 35 निवासी बक्सोहिया थाना क्षेत्र हरगांव जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव पुलिस तत्काल लेकर गई। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही एक ई-रिक्शा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही हरगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लोगों से पूछताछ कर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी हरगांव अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि ई-रिक्शा चालक की पहचान की जा रही है और इस हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।



## नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

फतेहपुर। उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष फतेहपुर एवं चेयरमैन बिंदा प्रसाद अग्रहरि कोषाध्यक्ष कुंवारे सिंह के नेतृत्व में 25 अक्टूबर को विशाल नेत्र चिकित्सालय शिविर किशनपुर कस्बे में आयोजित किया गया नेत्र शिविर में आए हुए नेत्र रोगियों को जांचोपरांत कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए चेयरमैन बिंदा प्रसाद अग्रहरि के नेतृत्व में एक व्यापारियों की टीम ब्योस्था में लगी रही नेत्र शिविर में नेत्र कों कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है इसकी जानकारी आए हुए लोगों को डा पंकज शर्मा ने जानकारी दी नेत्र शिविर में एक हजार से ज्यादा लोगों की ओपीडी हुई नेत्र शिविर में मोतियाबिंद। ऑपरेशन हेतु सैकड़ों मरीजों को बसों के द्वारा लेन्स प्रत्यारोपण हेतु शिविर से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट सतना के लिए रिफर किया गया नेत्र शिविर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के कुशल डॉ के द्वारा नेत्र शिविर किशनपुर कस्बे में जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र के माकान में आयोजित नेत्र शिविर में आए हुए लोगों का नेत्र शिविर आयोजक जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र चेयरमैन बिंदा प्रसाद अग्रहरि कोषाध्यक्ष कुंवारे सिंह ब्योसाई एवं समाजसेवी रोहित अग्रवाल आदि व्यापारियों ने स्वागत अभिनन्दन किया और किसी भी आएं हुए आगंतुक कों किसी तरह की अशुविधा नहीं हो इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी।

संक्षेप

## भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा आज

**रायबरेली।** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के जिला महामंत्री सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा आज सायं 5 बजे श्री चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा बस स्टेशन, अस्पताल चैराहा, खालसा चैक, सुपर मार्केट, घंटाघर, और खोयामंडी होते हुए पुनः श्री चित्रगुप्त मंदिर पर समाप्त होगी। जिला महामंत्री मोहित श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि शोभायात्रा के मार्ग पर 31 आकर्षक तोरण द्वार सजाए जाएंगे, जो इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ाएंगे। विधिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज, उनकी दोनों रानियों, 12 पुत्रों, राधा-कृष्ण, सुदामा-कृष्ण, आपरेशन सिंदूर, और राम दरबार की मनमोहक झांकियों का आयोजन किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी। जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वाराणसी के कैण्ट से भाजपा विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक अदिति सिंह, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा, और कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पी.एन. सिन्हा उपस्थित रहेंगे। उनकी उपस्थिति इस आयोजन को और गरिमामय बनाएगी। अखिल भारतीय चित्रांश महासभा ने सर्व समाज से अपील की है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भगवान श्री चित्रगुप्त जी की शोभायात्रा को सफल बनाएं। यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता और समरसता का भी प्रतीक है।

## बुजुर्ग सास ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की लगायी गुहार

**महराजगंज, रायबरेली।** बहू की लगातार प्रताड़ना और पिटाई से परेशान एक 70 वर्षीय बुजुर्ग सास ने कोतवाली पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बहू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के चंदन का पुरवा मजरे हिलहा कोटवा निवासिनी 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा रामरजी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह बढ़ती उम्र के साथ-साथ कमर के निचले हिस्से में कमजोरी और ब्रेन स्ट्रोक जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं। उनकी बहू किरन, पत्नी बीपी चंद्र, झगड़ालू स्वभाव की है। बहू के स्वभाव से तंग आकर वह अलग अकेले रहकर स्वयं से खाना-पीना बनाकर जीवन यापन करती हैं। पीड़िता के अनुसार, बहू किरन आए दिन उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करती रहती है। बीते 18 अक्टूबर की शाम को भी उनकी बहू ने उन्हें मारा-पीटा। इस पर उन्होंने अपने भाई को फोन पर इसकी जानकारी दी। भाई ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बहू को डांट-फटकार कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन बहू नहीं मानी। पुलिस के चले जाने के बाद उसने एक बार फिर वृद्ध सास के साथ मारपीट की। घटना से भयभीत होकर बुजुर्ग सास रामरजी अपने भाई के लखनऊ स्थित घर चली गई हैं। उनका कहना है कि उन्हें वहां भी बहू द्वारा फोन करके गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जिससे उन्हें अपनी जान-माल का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि बुजुर्ग महिला की तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# समय सीमा में शिकायतों का निस्तारण करें अधिकारी



**महराजगंज, रायबरेली।** समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समय सीमा के अंदर निश्तारित करना सुनिश्चित करें अन्यथा निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी बक्से नहीं जाएंगे। यह उद्गार आज महराजगंज कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी गौतम सिंह व्यक्त कर रहे थे।

बताते चलें कि कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 9 शिकायती पत्र आए जो राजस्व से संबंधित थे जिसमें एक भी शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया,एस आई दिनेश गोस्वामी,एस आई राजवीर सिंह,एस आई रोहित कुमार,एस आई सुनील कुमार चैहान सहित राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे तो वहीं क्षेत्र के चंदापुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष चंदापुर अरविंद कुमार सिंह ने की तो वही कुल पांच शिकायती पत्र आए जिसमें तीन शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तो वही दो राजस्व संबंधित शिकायतों में राजस्व पुलिस टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए गए इस अवसर पर राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपदीय सीनियर कबड्डी महिला ट्रायल आज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** 52वी सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप जोंन डी उत्तर प्रदेश की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु जनपद स्तरीय ट्रायल आज अपराह्न तीन बजे से रामेश्वर दास इंटर कॉलेज खेल प्रांगण श्याम नगर में आयोजित किया जाएगा ये जानकारी संघ के सचिव महेश यादव ने दी ,उन्होंने बताया की खिलाडियों का वजन 75 किलोग्राम या इससे कम होना कबड्डी ट्रायल के समय आधार कार्ड दो पासपोर्ट साइज की फोटो लाना अनिवार्य है, आयोजन संबंधी सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है स चयनित खिलाडियों को एक से दो नवम्बर को प्रयागराज मे आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय जोन में प्रतिभागिता करनी होगी।

## मंगल-गीत मन आनंद आयो से साहित्यिक कार्यक्रम बतरस की हुई शुरुआत

रायबरेली। त्रिदिवसीय साहित्यिक कार्यक्रम बतरस के दूसरे दिन की शुरूआत ओजस्व श्रीवास्तव के मंगल-गीत मन आनंद आयो से हुई। वहीं कार्यक्रम के दूसरे और औपचारिक चरण की शुरूआत राजकुमार श्रीवास्तव के स्वागत वक्तव्य से हुई। तत्पश्चात, अनिरुद्ध



सिंह भदौरिया ने अपनी गजलें सुनाई। समीक्षक आशीष मिश्र ने उनकी गजलों पर बात करते हुए कहा कि ह्यउनकी गजलों को सुनते हुए महसूस होता है कि अभी रचनाकार का जमीर जिंदा है। इलाज तो बाद में भी हो जाएगा, पगदंडीह्य जैसा मार्मिक कविता सुनाते हुए संजय सुमति ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। अंजनी कुमार शर्मा ने सुमति की कविताओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने उनकी कविताओं में आए समाज, मर्म स्थल, प्रकृति के मानवीकरण को और अधिक स्पष्ट करते हुए सुभद्रा कुमारी चैहान की कविता मधुर याद बचपन तेरी का जिक्र किया।

आगे प्रकाश देवकुलिश ने अपनी कविता ह्यदूसरा राजाह्य सुनाई और समीक्षक विनोद सिंह ने अपनी बात रखी। इलाहाबाद से आए कवि विवेक निराला ने भी कविताओं से समां बांधा। उनकी कविताओं पर प्रख्यात प्रोफेसर सूर्य नारायण ने अपना वक्तव्य रखा। इस सत्र के आखिरी में शायरा तारा इकबाल ने गजलों से मंत्रमुग्ध किया। उनके रचना पाठ पर हंस राज जी के अपनी बातें रखीं। इस सत्र का संचालन शोधार्थी दीप अमन ने किया। परिचर्चा सत्र में ह्यसाहित्य और संचार में नवाचारह्य विषय पर आयोजित परिचर्चा सत्र में हंस राज से आकाश सिंह ने बातचीत की। बतरस के दूसरे दिन का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ जिसमें स्थानीय कलाकारों की टीम ने गीत संगीत का ऐसा समां बांधा की दर्शक दीर्घा तालियों की आवाज से गुंजायमान हो गया।

## छठ पर्व पर प्रशासन अलर्ट, घाटों की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। उप जिलाधिकारी उत्तम तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने शनिवार की देर शाम शाहीपुल पोखरा स्थित तालाब और छठ बेदियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत अधिकारियों, अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं हल्का लेखपाल को घाटों की साफ-सफाई, मजबूत बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एसडीएम उत्तम तिवारी ने कहा कि छठ पर्व आस्था और लोकसंस्कृति का महापर्व है, अतः श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी घाटों पर सफाई कर्मचारियों, पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्राधिकारी विनय गौतम ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।

## विद्याकलश के एथलीट मण्डलीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग



**तिलोई,अमेठी ।** स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के के एथलीट जनपदीय माध्यमिक विद्यालय प्रतियोगिता में चयनित होकर अयोध्या मण्डल के अम्बेडकर नगर में दिनांक २६ से २८ अक्टूबर तक आयोजित होने वाली मंडलीय एथेलेटिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । विद्यालय के खेल प्रशिक्षक राहुल शुल्क ने बताया कि जनपद स्तर पर विद्यालय की एथलीट अयशी शर्मा का चयन २०० मीटर दौड़ व ऊँची कूद एवं अबू तालिब का चयन जेवलिन थ्रो हेतु मण्डलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु हुआ । श्री शुल्क ने बताया कि जनपद स्तर से दल २५ अक्टूबर को प्रातः बस द्वारा अम्बेडकर नगर हेतु रवाना हुआ । जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० राजेश द्विवेदी, विद्याकलश के अध्यक्ष डॉ० रामकल्प तिवारी, प्रबंधन डॉ० आलोक तिवारी ने जनपदीय टीम की सफलता हेतु शुभकामना प्रेषित की ।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**गौरीगंज, अमेठी।** राष्ट्र की एकता, अखण्डता और समरसता के प्रतीक, भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जन्म जयंती एवं 150वीं वर्षगाँठ के पावन अवसर पर 31 अक्टूबर से 6 दिसम्बर 2025 तक भाजपा द्वारा जनजागरण एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष पार्टी द्वारा सरदार@150 यूनिटी मार्च, पदयात्रा एवं अन्य राष्ट्र एकता कार्यक्रम तीन चरणों में सम्पन्न किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इस यात्रा में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा, महिला मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लेंगे प्रदेश के सभी जिलों से पाँच-पाँच युवा प्रतिनिधि तथा मशहूर खिलाड़ी एवं यूथ आइकॉन गुजरात प्रस्थान करेंगे, जहाँ वे सरदार पटेल जी की जन्मभूमि करमसाद में एकत्र होंगे। लौह पुरुष की स्मृति में 150 किमीकी यह यात्रा अखण्ड भारत के सूत्र में पिरोने का प्रतीक बनेगी। इसी क्रम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन भी प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। 31 अक्टूबर को सभी पार्टी कार्यालयों में सरदार साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठियाँ एवं विचार गोष्ठियाँ आयोजित होंगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निबंध लेखन, भाषण, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी ताकि युवा पीढ़ी में राष्ट्र एकता, अनुशासन एवं समर्पण की भावना सुदृढ़ हो। प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने संबोधित करते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और दृढ़ नेतृत्व से देश को अखण्डता की डोर में बाँधा। आज जब हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब हमें उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश है कि राष्ट्र की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

## जनम जनम मुनि जतन कराहीं, अंतराम मुख आवत नाहीं



**रायबरेली।** शिव परिवार हरचंदपुर और क्षेत्रवासियों के सहयोग से जनपद इंटर कॉलेज हरचंदपुर में आयोजित तीन दिवसीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन के दूसरे दिन भक्ति, ज्ञान और भगवान श्रीराम की लीलाओं की सुमधुर व्याख्या से वातावरण राममय हो गया। कामदगिरि पीठाधीश्वर रामानंदाचार्य रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने बाली वध के प्रसंग को विद्वतापूर्ण ढंग से सुनाया। उन्होंने रामचरित मानस की पंक्तियों, ह्लमूढ तोहि अतिशय अभिमाना। नारि सिखावन करसि न काना।ह्व के माध्यम से बाली के अहंकार और अंततः उसके द्वारा प्रभु से क्षमा मांगने की घटना का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बाली के प्राणों की रक्षा के लिए प्रभु उद्यत हुए, पर बाली ने कहा, जन्म जन्म मुनि जतन कराही। अंतराम मुख आवत नाही। तब प्रभु ने उसे परमधाम प्रदान किया।

श्री राघव किंकर ने राजा दशरथ के सत्य प्रेम को चैपाइयों के माध्यम से कुशलतापूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, रघुनंदन प्रान पिरीते। तुम बिन जियत बहुत दिन बीते। राजा दशरथ ने अपने अंतिम समय में अनजाने में किए गए पाप का स्मरण करते हुए छह बार राम-रामकहकर प्राण त्यागे। जबलपुर से पधारीं मानस कथा वाचिका आस्था दुबे ने केवट प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। अति आनंद उरगि अनुरागा। चरन सरोज पखारन लागा।। उनकी व्याख्या से प्रभु श्रीराम के प्रति केवट के अनन्य प्रेम और समर्पण की झलक मिली। चित्रकूट से आए अनूप शास्त्री ने सीता चरन चोंच हति भागा के प्रसंग को जीवंत कर बताया कि श्रीराम की शिशु लीलाओं का कागभुसुंडी को वर्णन किया गया। पंडित गौरी शंकर शुक्ला और संजय महाराज ने भी श्रीराम के स्वभाव और लीलाओं की व्याख्या कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। सम्मेलन का यह दूसरा दिन भक्ति, ज्ञान और प्रेम के संगम से भक्तों के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अवसर पर बसुकी बाजपेई, गंगाधर अवस्थी, लक्ष्मी शंकर शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, संगम सोनी, महेंद्र बाजपई, शिवा बाजपई, सौरभ अवस्थी, बसंत गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, राजू सोनी, गुड्डू यज्ञसैनी, प्रवीण श्रीवास्तव, राम शंकर सिंह, राज कुमार शुक्ला, नरेंद्र गुप्ता, शिवम शुक्ला, आशीष द्विवेदी, पंकज गुप्ता, सूर्य नारायण तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गरीब ब्राह्मण परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, महिला समेत तीन घायल

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ठेंगहा गांव में शनिवार को एक गरीब ब्राह्मण परिवार पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में घर की महिला समेत दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार जिला अस्पताल गौरीगंज में चल रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि हमलावर एक रसूखदार परिवार से हैं, जिनके परिजन दो अलग-अलग थानों में प्रभारी के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि हमले के बाद भी पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई न करते हुए उल्टा पीड़ित महिला के खिलाफ ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया। हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लाठी-डंडों से लैस कुछ लोग गरीब परिवार पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने ज्ञानेंद्र प्रताप



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष विकास सिंह ने ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ईशू को युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। नियुक्ति समारोह के दौरान उदित सिंह लकी, उत्कर्ष सिंह, आर्यन तिवारी, अभय सिंह और प्रशांत सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने नए जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और युवा मोर्चा के सक्रिय योगदान की उम्मीद जताई।

# भवानीपुर रामलीला में भक्तिभाव और नाट्यकला का हुआ अद्भुत संगम



**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)** हनुमत रामलीला समिति भवानीपुर के तत्वावधान में चल रही रामलीला के तीसरे दिन मंचन में भक्ति और नाट्यकला का अनुपम संगम देखने को मिला। मीना बाजार, पुष्प वाटिका, रावण-बाणासुर संवाद, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और सीता स्वयंवर जैसे प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम का अभिनय शिवा अग्रहरि ने, लक्ष्मण का प्रांशु अग्रहरि ने तथा राजा जनक का भोला नाथ अग्रहरि ने प्रभावशाली रूप से निभाया। रावण की भूमिका में श्रवणकुमार बरनवाल और परशुराम के रूप में शिवम् अग्रहरि ने मंच पर जान डाल दी। जब श्रीराम ने शिव धनुष भंग किया, तो पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश अग्रहरि ने किया, जबकि सुरेश गुप्ता ने मंच संचालन संभाला।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 11 व 12 नवम्बर को

**सुलतानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व सभी ह्लविकास खण्ड स्तर की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं समय से सम्पन्न कराई जाएं, ताकि श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन सुनिश्चित हो सके। बीएसए ने बताया कि ह्लजनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 व 12 नवम्बर 2025 को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बड़े मंच पर आगे बढ़ाने का माध्यम हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा मेला सकुशल संपन्न कराने को लेकर हुई बैठक

**रायबरेली।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए तहसील सभागार डलमऊ में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ एवं एएसपी संजीव सिन्हा ने की बैठक में मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, साफ-सफाई, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेला क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारी लगाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की टीम हर समय मौजूद रहे। नगर पालिका को निर्देश दिया कि नालियों की सफाई के साथ एंटी लारवा का छिड़काव और फागिंग कराई जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र के लिए अतिरिक्त बसें भी चलाई जाए। एडीएम प्रशासन ने कहा कि डलमऊ का कार्तिक पूर्णिमा मेला धार्मिक आस्था एवं जनविश्वास से जुड़ा ऐतिहासिक पर्व है, इसलिए प्रशासनिक तैयारियां उच्चस्तरीय होनी चाहिए। वहीं एएसपी ने कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी और यातायात नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था की जाएगी ताकि मेले का आयोजन सकुशल संपन्न हो सके। बैठक में उपजिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी, एसडीएम अभिषेक वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, तहसीलदार मंजरी एवं नगर पंचायत अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से समन्वय बनाते हुए मेले को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए एडीएम और एएसपी ने डलमऊ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि घाटों पर सफाई की व्यवस्था कराई जाये ।

## अराजकतत्वों ने मंदिर का मुख्यद्वार किया क्षतिग्रस्त

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शुक्रवार रात कोतवाली क्षेत्र एक गांव में स्थित शीतला माता मंदिर के प्रवेश द्वार पर लगे टाइल्स को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह मंदिर पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्थल को टूटा हुआ देखकर आक्रोशित हो गए और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पुनः नवनिर्माण कराकर लोगों से आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गंगेव गांव में शारदा नहर किनारे स्थित शीतला माता मंदिर के प्रवेश द्वार पर शुक्रवार की रात अराजकतत्वों ने प्रवेश द्वार पर लगी टाइल्स को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह पूजा पाठ करने पहुंचे गांव के लोगों ने मंदिर के प्रवेश द्वार को टूटा हुआ देखकर आक्रोशित हो उठे। ग्रामीण उदयराज ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची जयसिंहपुर पुलिस ने क्षतिग्रस्त स्थल को पुनः निर्माण कार्य कराते हुए ग्रामीणों से आपसी सद्भाव व भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस संबंध में जयसिंहपुर कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वहां ऐसी कोई स्थिति नहीं है।

## युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में लड़की की बड़ी बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाक्षेत्र एक गांव निवासी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की 23 अक्टूबर को घर से सिलाई सेंटर जाने के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने खोजबीन की परंतु उसका कुछ पता नहीं चल सका। बड़ी बहन ने आशंका जताई है कि नटौली गांव निवासी शाहबाज खान उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया जल्द ही लड़की को बरामद करके मामले का खुलासा किया जायेगा।

## बिजेथुआ मकरी कुण्ड में छठ की तैयारियां जोरों पर

**सूरापुर, सुलतानपुर।** पावन स्थल बिजेथुआ मकरी कुण्ड में छठ महापर्व की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष भी यहां मुख्य छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए ग्राम पंचायत और प्रशासन ने कमर कस ली है। एडीओ पंचायत अशोक कुमारी ने शनिवार को स्थल का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से कार्यों की जानकारी ली और समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मकरी कुण्ड की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था देखकर संतोष जताया, साथ ही व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान सरोज कुमारी एवं ग्रामीण भी सफाई अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं ताकि श्रद्धालु शांति और श्रद्धा के साथ छठ महापर्व संपन्न कर सकें।

# किशोर कौशल शिविर में राष्ट्र चेतना का मिला संदेश

**अमेठी।** गायत्री परिवार अमेठी के तत्वावधान में श्री हनुमान इंटर कॉलेज, कमला नगर शाहगढ़ में किशोर कौशल शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्री सूरज पटेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने अपने छात्र जीवन को स्मरण करते हुए सफलता के तीन सूत्र —डायरी लेखन की आदत, संपादकीय पढ़ना एवं लक्ष्य पर निरंतर फोकस — को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने व्यक्तित्व परिष्कार के चार स्तंभ—आत्मविश्वास, बोलने की कला, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच – को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक पवन जी ने युवाओं को वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ



सामाजिक समरसता, स्वदेशी भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों के पालन को जीवन का अंग बनाने का संदेश दिया। ब्लॉक समन्वयक अविनाश कुमार सिंह ने सफलता के सूत्र बताते हुए जिज्ञासा, पुरुषार्थ, प्रसन्नता, आत्मविश्वास एवं समाज के प्रति संवेदनशीलता को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में छात्र आदित्य ने नशा मुक्ति पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी, वहीं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महात्मा बुद्ध और अंगुलिमाल की कथा का नाट्य मंचन सराहना का केंद्र रहा।

जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने गायत्री परिवार की सप्त क्रांतियों की चर्चा करते हुए युवाओं से नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने गायत्री परिवार द्वारा धर्म, अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण के समन्वित प्रयासों की सराहना की। सोशल मीडिया अवसर या चुनौती विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में संदीप, ऋतिक मौर्य एवं अनुभव मिश्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। नाट्य मंचन एवं गीत प्रस्तुति में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं गुरुदेव का साहित्य प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सत्यम अग्रहरि ने किया एवं अंत में ब्लॉक समन्वयक राम यश शास्त्री ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक मिश्रा (जिलाध्यक्ष बेसिक शिक्षक संघ), ब्लॉक प्रमुख सदा शिव यादव, राम औतार कश्यप, अजय सिंह, शशांक शुक्ला, सुभाष मिश्रा, अविनाश सिंह, विजय प्रताप सिंह, रोली सिंह सहित विद्यालय के अध्यापकगण एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बिना सुरक्षा इंतजाम के नाले की खुदाई से तीन पोल टूटे, बिजली आपूर्ति ठप

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** बगियागांव चौराहे पर जलनिकासी के लिए बनाए जा रहे नाले की खुदाई के दौरान शनिवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दोपहर करीब दो बजे बरौंसा रोड पर खुदाई मशीन से मिट्टी निकाली जा रही थी। इस दौरान राम जनम की दुकान के सामने मशीन के दबाव से नीम का पेड़ उखड़कर एलटी लाइन पर जा गिरा। पेड़ गिरने से तीन पोल टूट गए और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आपूर्ति चालू होने के कारण केबल जल गया जिससे कई दुकानों में करंट फैलने की आशंका बनी रही। हादसे में मड़ए निवासी मो. अंसारी की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि फल व्यापारी राम जनम का हजारों का सामान नष्ट हो गया। वहीं ठाकुर प्रसाद की दुकान पर रखी 16 कुर्सियां टूट गईं। पेड़ गिरने से बरौंसाह्वबिरसिंहपुर मार्ग करीब एक घंटे तक अवरुद्ध रहा। लोगों को वैकल्पिक मार्ग से गुजरना पड़ा। हादसे के बाद मौके पर कस्बे के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय निवासियों ने ठेकेदार और मशीन चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लाइन बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया। पुलिस ने भी मौके स्थिति का जायजा लिया और पेड़ की कटान कराकर आवागमन बहाल कराया। व्यापारियों विनोद मोदनवाल, विकास, रमेश अग्रहरि, अरविंद गुप्ता और ठाकुर प्रसाद ने बताया कि नाले की खुदाई बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के की जा रही थी।

संक्षेप

## अलग अलग स्थानों पर मिले 2 कोबरा सांप

घोरावल/सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर शुक्रवार शाम 2 कोबरा सांप मिले। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। पहली घटना में धोवां गांव में सालिक राम मौर्य के घर में उपली निकालने के लिए एक महिला कच्चे घर के कमरे में गई। उपले निकालते समय उसने एक काले रंग के सांप को देखा और तुरंत कमरे से निकल कर परिजनों को बताया। परिवार के सदस्य भयभीत हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। वहीं दूसरी घटना में घोरावल नगर के वॉर्ड नंबर दो में दिनेश कुमार के घर में एक कोबरा सांप दिखाई दिया। दोनों स्थानों पर कोबरा सांप दिखाई देने की सूचना वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार को दी गई। उनके निर्देश पर वन्य जीव रक्षक अभिलाष वर्मा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा और राकेश की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत के बाद दोनों स्थानों पर कोबरा सर्प का रेस्क्यू किया और उसे सुरक्षित पकड़ लिया। देर शाम पकड़े गए कोबरा सांपों को बोरे में बंद कर बेलन नदी के समीप जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि दो स्थानों पर कोबरा सांप मिले, जो यह लगभग 5 फीट और 4 फीट लंबे थे। सूचना मिलने पर सांपों का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कुशीनगर। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक युवक का शव बगीचे में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान बलकुड़िया गांव निवासी श्याम सुंदर के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के चार बजे श्याम सुंदर अपने घर से गांव के दक्षिण में स्थित बलकुड़िया नहर के किनारे अपने खेत की ओर गया था। कुछ देर बाद, जब गांव के लोग खेत की ओर गए, तो उन्होंने श्याम सुंदर का शव उसके खेत के बगल में लीची के बगीचे में पेड़ पर फंदे से लटका देखा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पुलिस के अनुसार, युवक अविवाहित था। नेबुआ नौरंगिया के थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोपित पिता गिरफ्तार

संत कबीर नगर । जिले के मेहदावल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक महिला ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति नशे का आदी है और उसने बुधवार को उसकी नाबालिग बेटी से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। महिला ने अपनी तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि जब उसने इसका विरोध किया तो पति ने उसे धमकाया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65(2) (नाबालिग से बलात्कार), धारा 352 (सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), धारा 351(3) (धमकी देना) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया और मामले में जांच जारी है।

## प्रसाद खाने से एक महिला की मौत, 12 बीमार

हाथरस। जिले के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के माधुरी गांव में कथित तौर पर मंदिर पर चढ़ाए गए प्रसाद को खाने से एक महिला की मौत हो गई और बच्चों समेत करीब दर्जन भर लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस सूत्रों के अनुसार, ग्रामीणों ने त्योहारों के बीच माधुरी गांव के किनारे स्थित एक देवी मंदिर में मिठाइयों के कई डिब्बे रखे थे। 23 अक्टूबर की रात को, भक्तों ने प्रसाद के रूप में मिठाइयां आपस में बांटीं। इसे खाने के तुरंत बाद, लगभग 12 से 15 लोगों को पेट में तेज दर्द, उल्टी और दस्त होने लगे। पुलिस के मुताबिक, पीड़ितों में से एक मुन्नी देवी (55) की शनिवार सुबह मौत हो गई। अन्य प्रभावित व्यक्तियों को इलाज के लिए आगरा के एस.एन. मेडिकल कॉलेज और सिकंदराराऊसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया।

# कांग्रेस ने सरदार पटेल को नहीं दिया सम्मानः रवीन्द्र

जिला संवाददाता(vol)




सोनभद्र। लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती समारोह अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल जी मौजूद रहे।

जिला कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल व संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रसन्न पटेल ने किया। जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने जयन्ती समारोह के विषयों पर प्रकाश डालते हुए जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जिस सम्मान के हकदार थे उसे कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, क्योंकि जवाहरलाल नेहरू उनके नेतृत्व दक्षता क्षमता के आगे कभी नहीं टिकते थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार बनते ही उनकी विशालकाय प्रतिमा का निर्माण कराया। आगे कहा कि भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल राष्ट्र के गौरव थे उनकी अखण्ड भारत के निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका रही जिसके कारण एक भारत श्रेष्ठ भारत बनकर उभरा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने आगामी अभियान को संगठन द्वारा सकुशल संपन्न कराने को लेकर उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। और कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हाथों मे राष्ट्रीय ध्वज लेकर दौड़ लगायेंगे जनपद के सभी 1515 बूथों पर लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कि जायेगी। जिसको लेकर विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम संयोजक व सह संयोजक बनाये गये है। आगे कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं मे राष्ट्रीय गौरव एकता और जिम्मेदारी कि भावना को जागृत करने के लिए किया गया है।

कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा नन्दलाल गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से लगातार छह कार्यक्रम संचालित होंगे। हम जनपद के प्रत्येक बूथ पर लौहपुरुष सरदार पटेल के योगदान व विचारों को साझा करते हुए पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जनपद के सभी विधानसभा स्तर पर पदयात्रा भी निकाली जायेगी।

राबर्ट्सगंज विधानसभा की पदयात्रा 05 नवम्बर 2025 को चतरा बाजार से रामगढ तक निकाली जायेगी। ओबरा विधानसभा की पदयात्रा 08 नवम्बर 2025 को मुर्धवा मोड़ से पिपरी तक निकाली जायेगी। दुद्धी विधानसभा की पदयात्रा 11 नवम्बर 2025 को निकाली जायेगी। घोरावल विधानसभा की पदयात्रा 18 नवम्बर 2025 को शाहगंज सरदार पटेल कि प्रतिमा से परासी शहीद स्थल तक निकाली जायेगी।

कार्यशाला में मुख्यरुप से अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व सांसद रामशकल जी, पूर्व विधायक/नगर पालिका अध्यक्ष रुबी प्रसाद, श्रवण गोंड़, रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक नागेश्वर देव पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दूबे, रंजना सिंह, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण सिंह, कैलास बैसवार, दिलिप पाण्डेय, अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, सुरेश शुक्ला, संजीव त्रिपाठी, बीएन गुप्ता, सुनील सिंह, अनिल सिंह, नार सिंह पटेल, यादवेन्द्र द्विवेदी, रमेश जायसवाल, चन्द्रप्रकाश दूबे, अनवर अली, सुबाष पाल, राज वर्मा सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व मण्डल प्रभारी/रन फॉर यूनिटी के विधानसभा/मण्डल संयोजकगण मौजूद रहे।

# सीएचसी में महिला चिकित्साधिकारी की हुई तैनाती



दुद्धी, सोनभद्र। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में शनिवार के दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र के पत्रक संख्या 4770 दिनांक 13 अक्टूबर के क्रम में योगदान हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉ मुस्कान पुत्री कमल कुमार कानू पूर्व चेयरमैन दुद्धी नगर पंचायत का मेडिकल ऑफिसर संविदा के पद पर एन.सी.डी क्लीनिक सामुदायिक स्वास्थ्य दुद्धी मे डॉक्टर शाह आलम चिकित्साधीक्षक सीएचसी दुद्धी ने कार्यालय पर डॉ. मुस्कान गुप्ता को स्वास्थ्य सेवा देने हेतु उनके कार्यक्षेत्र में योगदान के लिए जॉइनिंग कराया,जिसके बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

डॉक्टर मुस्कान के माता-पिता भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं,कि उन्ही के क्षेत्र में उनकी पुत्री अब स्वास्थ्य सेवा करेंगी, जॉइनिंग करने के दौरान डॉक्टर मुस्कान के माता-पिता की आंखें नम हो गई और उन्होंने ने नम आंखों से कहा कि आज थोड़ा ही सही मेरा सपना साकार हुआ मेरी बेटी राजनीतिक क्षेत्र में तो नहीं सामाजिक व स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अपना योगदान देगी, जो मेरे परिवार के लिए सौभाग्य की बात है, वही मुस्कान की जॉइनिंग होने के बाद उनके शुभचिंतकों ने उन्हें व उनके माता पिता को बधाई दिया, डॉक्टर शाह आलम ने बताया कि सरकार द्वारा चल रहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एन.सी.डी क्लीनिक में मेडिकल ऑफिसर के पद पर डॉ. मुस्कान गुप्ता की नियुक्ति संविदा पर हुई है जिससे इस क्षेत्र के आम जनमानस को सरकार की चल रही स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा जो सीएचसी के लिए भी एक सुखद सन्देश है। इस मौके पर डॉ संजय गुप्ता संजय गुप्ता बीपीएम संदीप सिंह सुनीता कमल, मनोरमा जायसवाल, कृपा शंकर, सहित क्षेत्र के पत्रकार बंधु व सीएचसी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# मंदिरों की दीवारों पर आई लव मोहम्मद लिखने से तनाव, आठ लोगों पर केस दर्ज

अलीगढ़। जिले के लोधा थाना क्षेत्र में शनिवार को दो निकटवर्ती गांवों के पांच मंदिरों की दीवारों पर आई लव मोहम्मद लिखा मिलने के बाद तनाव फैल गया। इस घटना के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, भगवानपुर और बुलाकीगढ़ गांव में मंदिरों की दीवारों पर यह नारा मिलने के बाद भारी पुलिस बल तैनात किया गया और जांच शुरू कर दी गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी फॉरेंसिक विशेषज्ञों और खोजी कुत्तों के साथ घटनास्थलों पर पहुंचे। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।पुलिस ने मुस्तकीम, गुल मोहम्मद, सुलेमान, सोनू, अल्लाहबख्श, हमीद और युसुफ समेत आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संवाददाताओं से कहा, हम इस घटना को गंभीरता से ले रहे हैं और सभी पहलुओं की गहन जांच कर रहे हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस इस मामले से जुड़े संभावित भूमि विवाद के पहलू की भी जांच कर रही है।इस बीच, घटना की शिकायत दर्ज कराने वाले करणी सेना के नेता ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। करणी सेना के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष चौहान ने कहा कि अधिकारियों ने आरोपियों पर कार्वाई करने के बजाय सूचना देने वाले ग्रामीण को ही हिरासत में ले लिया। उनका यह भी आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मामले को शांत करने के लिए मंदिर की दीवारों से लिखे नारे मिटाने की कोशिश की।

## युवती ने गले में फंदा लगा की आत्महत्या

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। भुल्लन कुशवाहा पुत्र स्व0 रामज्यावन निवासी ग्राम मिर्रीकला थाना पुरवा जिला उन्नाव ने थाने पर आकर बताया कि उसकी पत्नी व बहू उन्नाव गई हुई थी और वह खेत पर काम करने गया था। जब वह 3:45 बजे अपने वापस घर गया तो उसे पता चला कि उसकी पुत्री पलक उम्र 21 वर्ष ने घर पर लगे कुण्डा में दुपट्टे से गले में फांसी लगा करके आत्महत्या कर ली है। शव का पोस्टमार्टम नियमानुसार कराया जा रहा है। मौके पर शांति बनी है।

# महुली में हुआ सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय ग्राम पंचायत महुली के बड़ा देव स्थल के पास शनिवार को ब्लाक प्रमुख मानसिंह गोड़ ने सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन भूमि पूजन करके किया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि यह मंच गांव के विकास में सहायक होगा। गांव में कई प्रकार के कार्यक्रम होते है दुर्गा पूजा, रामलीला आदि जिसके लिए मंच की आवश्यकता थी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से रामकिशुन, मेवालाल, राजदेव, राहुल, रामकरण, चंद्रिका, रमन सिंह, रामसकल सहित गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# छठ घाट का अध्यक्ष, ईओ व एसडीओ ने लिया जायजा



दुद्धी/सोनभद्र। कस्बा स्थित प्राचीन शिवाजी तालाब पर होने वाले चार दिवसीय डाला छठ महापर्व के मध्ये नजर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन एवं अधिशासी अधिकारी अमित कुमार व एसडीओ तीर्थ राज मौर्य ने तहसील तिराहा से लेकर शिवाजी तालाब तक जाने वाले मार्गो में लगे सभी विद्युत खम्भो व पास में लगे ट्रांसफार्मर से हो रहे सप्लाई का भी विधिवत जायजा लिया। जिससे छठ पर्व के दौरान बिजली से किसी प्रकार की किसी भी श्रद्धालु को दुविधा ना हो और आमजन मानस भी सुरक्षित रूप से त्योहार मनाए इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने साफ सफाई पानी बिजली सहित तालाब के अंदर लगाए गए बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, पानी के झरने सहित श्रद्धालुओं के बैठने हेतु व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सभासद धीरज जायसवाल लाइनमैन कृपा शंकर अग्रहरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय अंतर्राज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

बीजपुर/सोनभद्र। ग्राम पंचायत महुली में दो दिवसीय अंतरराज्जीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गोड़ ने सह अतिथियों के साथ खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त करके व पूजन पाठ करके किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद मानसिक व शारीरिक विकास के लिए बहुत ही जरूरी हैं और इस तरह की प्रतियोगिताएं गांवों में होती रहनी चाहिए जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरेगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जिगनहवा ए और महुली सी के बीच खेला गया जिसमें जिगनहवा ए के 32 अंक के मुकाबले महुली सी ने मात्र 17 अंक पाया और जिगनहवा ए 15 अंको से विजयी घोषित हुई। निर्णायक की भूमिका रविन्द्र और सलेंद्र ने निभाई।



कब्बड्डी प्रतियोगिता के अध्यक्ष रामकरन नेताम ने बताया कि गांवों में इस तरह की अंतरराज्जीय कब्बड्डी प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की गई हैं और भविष्य में इसी तरह की प्रतियोगिता आयोजित होती रहेगी।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिव कुमार प्रजापति, विनोद कुमार यादव, रामलखन, राम ईश्वर, यशवंत सिंह के साथ साथ समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नहाय-खाय से शुरू हुआ डाला छठ

सोनभद्र। आस्था का महापर्व डाला छठ आज शनिवार से नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। चार दिवसीय सूर्य उपासना के इस महापर्व की शुरूआत शनिवार से हुई। आस्था, शुद्धता और संकल्प का यह पर्व हर ओर श्रद्धा बिखेरता है। शनिवार को व्रती महिलाएं सम्पूर्ण पवित्रता के साथ नहाय-खाय के साथ सुरुआत की। आज लौकी, चावल, चने की दाल, सेंधा नमक,घी और रोटी के साथ सात्विक भोजन ग्रहण कर अगले दिन खरना की तैयारी करेंगी। रविवार को खरना के साथ 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत की शुरूआत होगा। तीसरे दिन सोमवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी वहीं चैथे दिन मंगलवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद महाव्रत का समापन होगा।

इस दौरान दो दिन के लिए घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ेगा हर ओर ह्यछठी मइयाह्न के गीतों की गूंज सुनाई देगी आस्था के इस महापर्व को लेकर व्रती परिवारों में उत्साह का माहौल है। घरों में विधिवत साफ सफाई के बाद छठ पूजा के लिए ठेकुआ, खाजा, मीठी पूरी, पकौड़ी आदि प्रसाद बनाए जा रहे हैं। शायंकाल व्रती महिलाएं बिना लहसुन प्याज का सात्विक भोजन करेंगी और जमीन पर शयन करेंगी। माना जाता है कि पवित्र भोजन से शरीर को निर्जला उपवास के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है। पर्व के लिए नदियों और सरोवरों पर व्रती परिवार अपना अपना स्थान चिह्नित करने में लगे हैं। आयोजकों द्वारा घाटों की साफ सफाई टेंट सजावट भजन गीत संगीत सहित झालरों से रोशनी का कार्य तेजी से चल रहा है। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में लगा हुआ है।

# क्विज व क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का आयोजन



विंध्याचल/ सोनभद्र। आर.एल.आई. में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए एक उत्साहपूर्ण क्विज एवं क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अक्टूबर माह के मुख्य मूल्य संगठनात्मक गौरव के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने जिज्ञासा, ज्ञान और सौहार्द के वातावरण में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह पहल संगठनात्मक गौरव के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला का एक हिस्सा थी। इस श्रृंखला में वरिष्ठ प्रबंधन के संदेश, नई पहलों की जानकारी तथा एनटीपीसी द्वारा प्राप्त उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले दैनिक पोस्ट भी शामिल रहे, जिन्होंने कर्मचारियों में संगठन के प्रति गहन गर्व और अपनत्व की भावना को और सुदृढ़ किया। एनटीपीसी की संस्कृति के केंद्र में संगठनात्मक गौरव निहित है, जो प्रत्येक कर्मचारी के योगदान को कंपनी के मिशन और विजन से जोड़ता है। विंध्याचल परियोजना में नियमित रूप से आयोजित कर्मचारी सहभागिता गतिविधियाँ इसी भावना को सशक्त बनाती हैं, जिससे सभी कर्मचारी सामूहिक सफलता की दिशा में प्रेरित होते हैं। इस आयोजन का नेतृत्व नवनीत कुमार, अपर महाप्रबंधक (प्रचालन) एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम ने न केवल कर्मचारियों में एनटीपीसी के मिशन, विजन और मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि एक ऐसा मंच भी प्रदान किया जिसने संगठन की एकता और गर्व की भावना का उत्सव मनाया।

# डीएम-एसपी ने क्षयरोगियों को किया पोषण पोटली का वितरण

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने उपचार प्राप्त कर रहे क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित की।

डीएम ने बताया कि निक्षय मित्र बनकर क्षयरोगियों को पोषण पोटली वितरित करके उनके स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है और आम जनमानस भी निःक्षय मित्र बनकर राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने में भागीदार बन सकते हैं। क्षय रोग अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के नये रोगियों को खोजना, व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता, टीबी रोगियों की मृत्युदर को कम करना, टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तिओं में डिफरेन्शियेटेड टीबी केयर अप्रोज पद्धति को लागू करके मृत्यु की संभावना को कम करना आदि पर विशेष बल दिया जा रहा है। जोखिम वाली जनसंख्या की टीबी स्क्रीनिंग सफल बनाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तिओं एवं धर्मगुरूओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। इस दौरान पीपीएम कॉर्डिनेटर आदेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यशाला का आयोजन

म्योरपुर (सोनभद्र)। कंपोजिट विद्यालय खैराही में शनिवार को विकसित भारत बिल्डथॉन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार का परिचय देते हुए अनेक



स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में बच्चों ने स्वयं के प्रयास से मोमबत्ती, मोम से निर्मित दीये, धूपबत्ती, जूट के बैग, रस्सी से निर्मित गणेश प्रतिमा, पौधों के लिए विशेष मिट्टी, सत्तू से बनी मिठाई, प्रोटीन युक्त टिक्की सहित अनेक उपयोगी वस्तुओं का निर्माण किया। इन सभी वस्तुओं में स्थानीय संसाधनों और स्वदेशी तकनीकों का सुंदर समावेश देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संकुल श्रीमती सीमा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर ARP विवेक कुमार झा, संकुल सीमा, मंजू देवी, आभा पाण्डेय, सर्वेश गुप्ता, नीलम कुशवाहा, आनंद चौबे, ग्राम प्रधान सीताराम जी, राकेश कुमार सिंह, सरला, निकिता शर्मा, तथा संतोषी बाला आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुनील कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यदि ऐसे स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए और उनका उपयोग आम जीवन में किया जाए, तो विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

## दुद्धी की बिटिया मुस्कान के सीएचसी में मेडिकल ऑफिसर पद पर चयन से हर्ष

दुद्धी। दुद्धी की बिटियां डॉ मुस्कान का स्थानीय सीएचसी में मेडिकल ऑफिसर के पद पर चयन हो गया ,अब डॉ मुस्कान स्थानीय सीएचसी में सेवाएं देंगी ,इनकी जॉइनिंग चिकित्साधीक्षक डॉ शाह आलम अंसारी ने समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कराते हुए शनिवार की दोपहर कराया` डॉ मुस्कान महिला चिकित्सक के रूप में अब सेवाएं देंगी ,इसे लेकर शुभचिन्तकों में हर्ष का माहौल है इससे पूर्व वे एमबीबीएस की पढ़ाई कर अपने निजी अस्पताल माँ शकुंतला अस्पताल में सेवाएं दे रही थी ,कि इसी बीच राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एनसीडी क्लिनिक में बतौर मेडिकल ऑफिसर पद पर चयन हो गयो डॉ मुस्कान के पिता कमल कुमार कानू व माता सुनीता कमल स्थानीय कस्बे के नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर आसीन हो अपनी सेवाएं दे चुके है पिता कमल कुमार कानू ने बताया कि समाज की सेवा उनकी रगों में है उन्हें खुशी है कि, अब उनकी बेटी स्थानीय सीएचसी में कार्यरत होकर बतौर चिकित्सक निर्धन व असहायों को बेहतर उपचार प्रदान करेगी,इसे लेकर वे बेहद खुश हैं इस मौके पर डॉ संजय कुमार ,बीपीएम संदीप सिंह व मनोरमा जायसवाल मौजूद रही।

## पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

चंदौली। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय दैंथा, बरहनी में शनिवार को जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को स्वच्छ रहने और स्वस्थ रहने की सलाह दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अख्तर आजाद अंसारी ने कहा कि खुद को और अपने आस-पास को वातावरण को साफ-सुथरा रखना हम सभी कानैजिक कर्तव्य है। बिना इसके स्वस्थ और सानंद जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सहायक अध्यापक उधम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हर विद्यार्थी को एक पौध जरूर लगाना चाहिए और वह सूखे नहीं, इसलिएउसमें समय-समयपर जल देते रहनाचाहिए और उसकी सतत निगरानी करते रहनी चाहिए। पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है और ऑक्सीजन ही जीवन का आधार है। सहायक अध्यापक राकेश यादव ने कहा कि जीवन में अध्ययन काजितनामहत्व है, उतना ही महत्व खेल का भी है। बच्चे स्वस्थरहेंगे, तभी स्वस्थ मस्तिष्क के स्वामी बन सकेंगे। उन्होंने बच्चों को शुरू से ही तकनीकी ज्ञान हासिल करने की भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्रों के साथ गांव के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे।

## मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस और उनकी पत्नी पर केस दर्ज

बरेली । इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के करीबी सहयोगी डॉ. नफीस और उनकी पत्नी फरहत बेगम के खिलाफ कथित रूप से वक्फ संपत्ति हड़पने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, डॉ. नफीस पहले से ही जेल में बंद हैं, जबकि उनकी पत्नी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के पीरबहोडा निवासी मोहम्मद कमर अख्तर द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि दंपति ने वक्फ संपत्ति को अपने बेटों के नाम कराने के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह संपत्ति मूल रूप से मालिक द्वारा वसीयत के माध्यम से उनके दादा और परिवार के नाम की गई थी। नगर पुलिस अधीक्षक मानुष पारीक ने बताया कि कोतवाली थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी अमित कुमार पांडेय ने कहा, यह मामला वक्फ संपत्ति की जाली गिफ्ट डीड से जुड़ा है। डॉ. नफीस जेल में हैं और हम उनकी पत्नी की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौलाना तौकीर रजा खान और डॉ. नफीस को 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद भड़की हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर जंगली हाथी की मौत

सहारनपुर । जिले के बिहारी गढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में पानी की तलाश में निकले जंगली हाथी की हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई। बिहारीगढ़ थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने शनिवार को बताया कि हाथी शिवालिक रेंज से पानी की तलाश में खेतों में भटक गया था, तभी वह लटके हुए हाई-टेंशन तार की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक खेत में हाथी का शव पड़ा देखा और अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस और वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन क्षेत्राधिकारी लव कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस घटना से ग्रामीणों में गुस्सा भड़क गया और उन्होंने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने दावा किया कि पहले भी क्षेत्र के खेतों के ऊपर से गुजर रहे लटकते तारों के बारे में शिकायत की गई थी लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

## खड़े ट्रक में ट्रेलर की टक्कर से खलासी की मौत, चालक घायल

चंदौली। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार एक ट्रेलर की टक्कर से खलासी की मौत हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल होकर केबिन में फंस गया। पुलिस के अनुसार घायल चालक को कड़ी मशक्क्त के बाद केबिन से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। सदर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि घटना एनएच-19 पर लीलापुर रेलवे क्रॉसिंग स्थित एक ओवरब्रिज के पास हुई। घटना से पहले वहां सड़क किनारे गिट्टी लदा एक ट्रक पहले से खड़ा था। वह सोनभद्र से बिहार जा रहा था। वहीं ट्रेलर मुल्तानी मिट्टी लादकर तेज रफ्तार में बिहार की तरफ जा रहा था। सिंह ने बताया कि इस बीच ट्रेलर का चालक स्टेयरिंग नियंत्रण खो बैठा जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। हादसे में खलासी की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत खलासी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बिहार के रोहतास जिले के बहरा गांव निवासी सूर्यदेव यादव (50) के रूप में हुई है। वहीं घायल चालक आनंद (45) राजस्थान प्रदेश के अजमेर जिले का रहने वाला है।

संक्षेप

## अवैध शराब मिश्रण व उपकरणों सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को अवैध शराब का मिश्रण, भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण एवं फर्जी क्यूआर कोड सहित गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नौरंगी घाट के पास थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद से दो अभियुक्त राजीव उर्फ राजू पुत्र कृपाराम एवं हरेन्द्र पुत्र जगदीश को लगभग 15 लीटर अवैध शराब व देशी तथा गैर प्रांत की शराब, भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने के उपकरण व फर्जी क्यूआर कोड सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना नसीरपुर पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## बरसाना में वाहनों की लगी लंबी कतार



**मथुरा।** बरसाना में राधारानी के दर्शनों के लिए उमड़ती भारी भीड़, संकरी सडकें और पुलिस की कमजोर तैयारियां। इन तीनों की मार हर वीकेंड बरसाना को जाम की गिरफ्त में ले लेती हैं। भक्तों का सफर मंदिर से पहले ही जाम में फंस जाता है और स्थानीयों की दिनचर्या पूरी तरह ठप हो जाती है। शनिवार को मुख्य मार्गों पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। राणा की प्याऊ, बस स्टैंड, पीली कोठी चैराहा और प्रियां कुंड मार्ग पर बार-बार आवाजाही रुकती रही। कई श्रद्धालु वाहन सड़क किनारे खड़े कर पैदल ही मंदिर की ओर बढ़ते नजर आए। बच्चों और बुजुर्गों को धक्कामुक्की और थकान के बीच सफर करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की तैयारियां सिर्फ बैठकों और कागजों में दिखाई देती हैं। मोड़ों और गलियो में ई रिक्शा और बसों के खड़ा होने से स्थिति और बिगड़ जाती है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब हर वीकेंड यही परेशानी दोहराई जाती है तो समाधान क्यों लागू नहीं होता। स्थानीय निवासी सोनू ने कहा कि वीकेंड पर जाम अब बरसाना की पहचान बन गया है। पुलिस चैराहों पर तो दिखती है, पर जाम खोलने का कोई पक्का इंतजाम नजर नहीं किया जाता है। दुकानदार बबलू ने कहा कि बड़े-बड़े दावे होते हैं, लेकिन सड़क पर हालात पहले जैसे ही रहते हैं।

## जुआ खेलते 3 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने तीन अभियुक्तों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। थाना नगला सिंघी प्रभारी पारुल मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा तीन अभियुक्तों डोमर सिंह पुत्र रेवतीराम निवासी रसूलाबाद कालोनी थाना नगला सिंघी प्रताप सिंह पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रसूलाबाद थाना नगला सिंघी विजयपाल पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम गदलपुरा थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को ताश पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गदलपुरा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने 13 जी एक्ट जुआ पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की है।

# स्पा सेंटर पर छापा, 5 युवतियां और छह लड़के गिरफ्तार



**मथुरा।** विकास मार्केट में चल रहे एक स्पा सेंटर पर सीओ सिटी आशना चैधरी के नेतृत्व में पुलिस ने देर शाम छापा मारा। जिसकी सूचना पूर्व से ही पुलिस को लंबे समय से स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक गतिविधियां चलने की मिल रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस टीम ने जब स्पा सेंटर के भीतर छापेमारी की, तो वहां हड़कंप मच गया। मौके से पांच युवतियों व 6 युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में पता चला है कि स्पा सेंटर में मसाज के बहाने देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था।

कोतवाली अंतर्गत डैम्पियर नगर क्षेत्र में हर्ष कम्पलेक्स में चल रहे दो स्पा सेंटरों पर सीओ सिटी आशना चैधरी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से पांच युवती व छह युवकों को गिरफ्तार कर मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। आईपीएस सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से हर्ष कॉम्पलेक्स में संचालित ग्रीन बॉडी स्पा, हैप्पी बॉडी स्पा सेंटरों पर मसाज की आड़ में अवैध गतिविधि संचालित होने की सूचना मिल रही थी। शुक्रवाएएसपी आशना चौधरी ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा की टीम के साथ शाम करीब साढ़े पांच बजे हर्ष कॉम्पलेक्स में छापेमारी की। काफी संख्या में पुलिस टीम को देख आसपास के दुकानदार व लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कॉम्पलेक्स में संचालित दो स्पा सेंटरों से छापेमारी के दौरान पांच युवती व छह युवकों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोतवाली ले गयी। मौके से पुलिस को आपत्तिजनकर सामग्री भी मिली है। पकड़े युवक-युवतियों से पूछताछ की जा रही है। सिक्किम-उड़ीसा की युवती शामिल सीओ सिटी आशना चैधरी ने बताया कि शुक्रवार शाम सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम के साथ दोनों स्पा सेंटरों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने स्थानीय छह युवक के अलावा पांच युवतियों को गिरफ्तार किया है। मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गयी है। पूछताछ में पता लगा कि पकड़ी युवतियों में उड़ीसा, सिक्किम, भरतपुर, बंगाल आदि प्रांत की है। पुलिस स्पा सेंटर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रही है। कृष्णा नगर में दो स्पा और गेस्टहाउस में हो चुकी है कार्रवाई बताते चलें कि इससे पहले भी आईपीएस आशना चौधरी कृष्णानगर क्षेत्र में दो स्पा सेंटरों पर छापेमारी करा चुकी हैं।

## खंड शिक्षक व खंड स्नातक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** आगामी खंड शिक्षक एवं खंड स्नातक निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा ने की। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार डायट प्राचार्य बृजेंद्र कुमार, ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा राजकीय एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्य, पॉलिटेक्निक, आईटीआई और इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी विशु राजा ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की बुनियाद है, और इस प्रक्रिया में शिक्षकों व स्नातकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी संस्थान प्रमुखों को निर्देशित किया कि खंड शिक्षक एवं खंड स्नातक निर्वाचन के लिए अधिक से अधिक पात्र शिक्षक एवं स्नातक मतदाता ऑनलाइन आवेदन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि 06 नवम्बर 2025 06.11.2025 तक सभी पात्र मतदाताओं के आवेदन हर हाल में पूर्ण करा लिए जाएं। सभी शैक्षणिक संस्थान अपने यहाँ कार्यरत शिक्षकों एवं स्नातकों को ऑनलाइन आवेदन हेतु प्रोत्साहित करें, मतदाता सूची का सत्यापन एवं अद्यतन कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए, और संस्थान प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि केवल पात्र शिक्षकों के ही नाम सूची में सम्मिलित हों। आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि, अपूर्णता या देरी न हो। अपर जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उन्होंने कहा कि खंड शिक्षक और खंड स्नातक निर्वाचन लोकतंत्र की शिक्षित आवाज का प्रतीक है। प्रत्येक पात्र शिक्षक और स्नातक मतदाता को इस प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। इस बार खंड स्नातक के लिए 22 और खंड शिक्षक के लिए 11बूथ बनाए गए हैं। डीआईओएस धीरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी विद्यालयों महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक और आई०टी०आई० संस्थानों में ऑनलाइन आवेदन, ऑफलाइन आवेदन समय से करा दे।

प्रत्येक संस्थान प्रमुख अपने अधीन शिक्षकों की पात्रता की जाँच कर प्रमाणपत्र निर्गत करें। बैठक में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा डायट प्राचार्य राजकीय एवं सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्य पॉलिटेक्निक और आईटीआई के प्रधानाचार्य इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

## भांडीरवन में राधा-कृष्ण का विवाह संपन्न



**मथुरा।** मांट मूला स्थित भांडीरवन में शनिवार को राधा-कृष्ण का विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुंबई और गुजरात से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस विवाह मनोरथ में भाग लिया। यह आयोजन मुंबई के चिम्मन भाई के निर्देशन में संपन्न हुआ। भांडीरवन को राधा-कृष्ण की विवाह स्थली के रूप में मान्यता प्राप्त है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, द्वापर युग में सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी ने यहीं राधा-कृष्ण का विवाह संपन्न कराया था। इसी स्थान पर विवाह के बाद भगवान श्रीकृष्ण का मुकुट भी सिराहा गया था। शनिवार दोपहर 12 बजे मांट नोहझील रोड से भांडीरवन तक श्रीकृष्ण की भव्य बारात बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। भांडीरवन के मुख्य द्वार पर द्वाराचार की रस्म अदा की गई। इसके बाद, सेवायत रमन लाल शर्मा ने राधा-कृष्ण के स्वरूपों की फेरों की रस्म संपन्न कराई, जिसमें श्रद्धालु जमकर थिरके।विवाह उत्सव के बाद एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक चिम्मन भाई ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से श्रद्धालुओं को राधा-कृष्ण की विवाह स्थली भांडीरवन लाते हैं और इसी प्रकार उत्साह के साथ विवाह मनोरथ मनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भांडीरवन में राधा-कृष्ण का विग्रह जैसा है, वैसा उन्होंने कहीं और नहीं देखा है।

## त्योहार पर प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष ट्रेन

**टूंडला।** रेल प्रशासन द्वारा छठ पूजा पर होने वाली भीड़ को देखते हुए लगातार विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड ने प्रयागराज से नई दिल्ली-प्रयागराज विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 26 अक्तूबर को प्रयागराज से व 27 अक्तूबर को नई दिल्ली से चलेगी। इस ट्रेन में स्लीपर कोच-छह, एसी तृतीय-चार, एसी द्वितीय-दो एसी प्रथम-एक, सामान्य-चार, इकॉनमी-तीन, एसएलआर डी-एक व एसएलआर-एक कोच सहित 22 कोच होंगे। यह ट्रेन दोनों ओर से एक-एक फेरा लेगी। ट्रेन नंबर 04145 प्रयागराज-नई दिल्ली विशेष ट्रेन प्रयागराज से 26 अक्तूबर को रात्रि 11.20 बजे चलेगी। जो फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा होकर अगले दिन सुबह 06.20 पर टूंडला पहुंचेगी। वहीं, पांच मिनट के ठहराव के बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी। वहीं, ट्रेन नंबर 04146 27 अक्तूबर को नई दिल्ली से दोपहर 2 बजे चलेगी। जो इसी क्रम होकर में होकर शाम 7.40 बजे टूंडला पहुंचेगी। जो पांच मिनट के ठहराव के बाद प्रयागराज के लिए रवाना हो जाएगी।

## सीह पलसो में बवाल : हिस्ट्रीशीटरों ने निर्दोष परिवार को फंसाया झूठे मुकदमे का आरोप

**मथुरा।** मथुरा-गोवर्धन तहसील के गांव सीह पलसो में रामलीला के मंच से शुरू हुआ सम्मान समारोह अब चुनावी रंजिश का अखाड़ा बन गया है। आरोप है कि गांव के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अनूप, नटवर और घनश्याम ने मिलकर एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा, ताकि निर्दोष परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। जानकारी के अनुसार, गांव में रामलीला के समापन समारोह के दौरान पुरस्कार वितरण चल रहा था। पीड़ित जयदेव ने बताया कि वह सभी कलाकारों को सम्मानित कर रहा था, तभी अनूप नामक व्यक्ति मंच पर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जयदेव के भाई दुर्गा ने जब उसे रोका, तो अनूप ने अपने साथियों नटवर और घनश्याम के साथ मिलकर दुर्गा पर हमला कर दिया। हालांकि सामाजिक लोगों के बीच-बचाव से मामला वहीं शांत हो गया लेकिन, मामला यहीं नहीं रुका। जयदेव का आरोप है कि अनूप ने बाद में खुद को चोट पहुंचाई और सीधा थाने पहुंच गया। ताकि झूठे मुकदमे में उनके परिवार को फंसाया जा सके। जयदेव के अनुसार, ह्लहमने तो बस बीच-बचाव किया था, मगर उसने खुद को चोट मारकर हमें फंसाने का षड्यंत्र रचा। वह अस्पताल में बेड रेस्ट पर है, लेकिन पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद को गंभीर घायल बताकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गया और हमारे खिलाफ एक मुकदमा पंजीकृत करा दिया ह्व पीड़ित ने यह भी बताया कि इस साजिश में उनके नाबालिग बच्चों तक को फंसाया गया है। गांव के लोगों ने बताया कि अनूप और नटवर गिरोह पर पहले से ही करीब दो दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पहले भी इनका हाफ एनकाउंटर किया था, लेकिन बावजूद इसके इन पर कानून का कोई डर नहीं है। पीड़ित के भाई बलराम ने बताया कि यह गिरोह गांव के गरीबों को धमकाता और सताता है। उन्होंने कहा ह्लये हिस्ट्रीशीटर हैं, मेरे भाई गरीबों की मदद करता है, इसलिए ये उससे रंजिश रखते हैं। हम पुलिस और प्रशासन से बस इतनी मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए ह्व गांव के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है।

# नगर निगम ने कई जगह अतिक्रमण हटवाया



**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृंदावन ने अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटवाया। महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश के निर्देशानुसार निगम कर्मचारियों ने नगर मे अतिक्रमणकारियों के खलिाफ कार्रवाई की। निगम के प्रवर्तन दल ने मथुरा एवं वृंदावन क्षेत्रों में कई स्थानों पर कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कब्जे हटाए। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल आर. के. सिंह की उपस्थिति में धौली प्याऊ पुलिस चैकी से रेलवे क्रॉसिंग तक एवं पुनः पुलिस चैकी तक अस्थायी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा रखे गए सामान को हटवाया गया। अतिक्रमणकारियों के पास से स्टील काउंटर, लकड़ी की बेंच, गैस चूल्हा, टेबल, बैनर, ठेला, मट्टी के बर्तन, लकड़ी का बोर्ड, बैनर, एवं स्टील तंदूर आदि सामग्री जब्त कर नगर निगम में जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त, धौली प्याऊ तिराहे से स्टेट बैंक चैराहे तक सड़क किनारे अवैध रूप से बनी अस्थायी झुग्गी-झोंपड़ियों को जेसीबी मशीन द्वारा हटवाया गया। अभियान के दौरान 12,000 रुपए का जुमार्ना वसूला गया। वृंदावन में जादौन पार्किंग से जुगल घाट तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान में सड़क एवं फुटपाथ पर की गई अस्थायी दुकानों को हटवाया गया, साथ ही जुगल घाट क्षेत्र में झुग्गी-झोंपड़ी, तिरपाल एवं अवैध रूप से स्थापित दुकानों को हटाकर घाट स्थल को खाली कराया गया। महापौर एवं नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सड़क, फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें एवं शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करें।

## जैंत थाने में 17 वाहनों की नीलामी 30 को

**चौमुंहा।** जैंत थाने में 30 अक्टूबर को एक नीलामी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कानूनी मामलों के तहत जब्त किए गए 17 वाहन बेचे जाएंगे। यह नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे थाना परिसर में शुरू होगी, जहां इच्छुक खरीददार बोली लगाकर इन वाहनों को खरीद सकते हैं। थाना प्रभारी जैंत उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति नीलामी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। ये वाहन लंबे समय से थाने में खड़े थे और अब कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें सरकारी नियमों के अनुसार नीलाम किया जा रहा है। नीलामी से प्राप्त राशि को सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा। जो भी लोग इन वाहनों को खरीदना चाहते हैं, वे 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे जैंत थाना परिसर में पहुंच कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

## साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत सी0एम0डी0 इंटर कॉलेज नगला खंगर थाना नगला खंगर क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन एवं साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को थाना साइबर अपराध पुलिस टीम ने मिशन शक्ति फेज-05 विशेष अभियान के तहत सी0एम0डी0 इंटर कॉलेज नगला खंगर फिरोजाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के अंतर्गत छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1098, साइबर क्राइम से बचाव कानूनी अधिकार महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता तथा घरेलू हिंसा उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों एटीएम डेबिट कार्ड फ्रॉड ओटीपी फ्रॉड सोशल मीडिया अकाउंट ऑनलाइन शॉपिंग फिशिंग फ्रॉड फर्जी कॉल एवं केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, एवं उनसे बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई । विशेष रूप से साइबर अपराधों के उदाहरण समझाए गए व अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए तथा छात्रों एवं आमजन को भी इनसे जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर थाना साइबर अपराध फिरोजाबाद पुलिस टीम ने सभी नागरिकों से अपील की कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते समय सतर्क रहें, किसी भी साइबर अपराध संबंधी सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

# चौपाल में योजनाओं की जानकारी दी

**फिरोजाबाद।** जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार सिंह के निदेशार्नुसार महिला कल्याण विभाग से मिशन शक्ति संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के खंड नारखी के बछगांव क्षेत्र एवं फिरोजाबाद ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जन जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान योजना संबंधी स्टीकर चस्पा अभियान भी चलाया गया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने मिशन शक्ति 5.0 का प्रचार प्रसार करते हुए महिला संबंधी अधिनियम जैसे दहेज अधिनियम घरेलू हिंसा अधिनियम पोक्सो अधिनियम साइबर क्राइम आदि पर जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि, दहेज प्रतिषेध अधिनियम-1961 के अंतर्गत दहेज से कोई ऐसी सम्पत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति अभिप्रेत है जो, विवाह के समय या उसके पूर्व या विवाह के पश्चात किसी समय विवाह के एक पक्षकार द्वारा विवाह के दूसरे पक्षकार को या विवाह के किसी पक्षकार के माता-पिता द्वारा या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विवाह के किसी भी पक्षकार को या किसी अन्य व्यक्ति को, या तो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दी गई है, या दिए जाने के लिए करार की गई। साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर के कार्यों और पीड़िताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए 181 महिला हेल्पलाइन एवं 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के उपयोग बताए और उन्होंने किशोरावस्था में हो रहे शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों पर चर्चा करते हुए बालिकाओं को संवेदीकरण करते हुए संबोधित किया कि, वह सोशल मीडिया का सदुपयोग करें एवं किसी भी ए ट्रेंड को फॉलो ना करें केवल शिक्षा पर फोकस करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें। उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही समस्त सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वन स्टॉप सेंटर, संकल्प- ह ई डब्लू, रानी लक्ष्मी बाई सम्मान कोष योजना के साथ द महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, इमरजेंसी हेल्पलाइन 112, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन 15100 आदि के प्रति जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीएलवी प्रवीन कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया कि, राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है। जिसमें, आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कराया जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक अदालतों की तुलना में अधिक तेज और बिना किसी आर्थिक बोझ के होती है। लोक अदालत में होने वाले समझौतों को अंतिम निर्णय की तरह माना जाता है। साथ ही यह भी बताया कि, लोक अदालत में बिजली और पानी के बिल, बैंक ऋण, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद और मोटर दुर्घटना मुआवजा जैसे मामलों का भी समाधान किया जाता है।

## आज इनर व्हील क्लब ऑफ अलीगढ़ मथुरा में यमुना जी का आयोजित करेगा चुनरी मनोरथ व धरायेगा छप्पन भोग

**जिला संवाददाता (vol)**

**मथुरा।** इनर व्हील क्लब आंफ अलीगढ़ पहल द्वारा कार्तिक मास में कान्हा की नगरी मथुरा में यमुना जी का चुनरी मनोरथ का आज 26 अक्टूबर रविवार को मथुरा के राजा घाट पर आयोजित किया जा रहा है। शोभा यात्रा यमुना पूजन चुनरी मनोरथ एवं ब्राह्मण भोजन की सभी तैयारियां मथुरा के तीर्थ पुरोहित दीपक चतुर्वेदी बैंकर के द्वारा की है। यमुना पूजन एवं चुनरी मनोरथ 16 प्रमुख यजमानों के द्वारा इनर व्हील क्लब अलीगढ़ पहल के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ सामूहिक रूप से किया जाएगा। दीपक ज्योतिष संस्थान के संस्थापक आचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी के नेतृत्व में विद्वान वेद पाठी ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक मंत्रों के मध्य क्लब के सभी सदस्यों को यमुना पूजन कराया जाएगा।

चुनरी मनोरथ शोभा यात्रा रमन गैस्टहाउस से बैंड-बाजे के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ नाचते गाते विश्राम घाट पर जाकर सम्पन्न होगी। इस दौरान 12 नावों के द्वारा यमुना महारानी को 75 साड़ियों द्वारा चुनरी चढ़ाई जाएगी। और यमुना जी श्रीनाथजी के श्री विग्रह को 56 भोग प्रसादी धराई जाएगी। मुख्य यजमान मंडल 311 की ईएसओ श्रीमती ज्योति मित्तल एवं उनके पति शलभ मित्तल होंगे। कार्यक्रम की संयोजिका नीता संजय वार्ष्णेय मनीषा उमेश गुप्ता ने पूर्ण मनोयोग से आयोजन को भव्यता पूर्वक करने का प्रयास किया है। क्लब अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल सचिव रीता वार्ष्णेय कोषाध्यक्ष वारिजा गुप्ता पूर्व अध्यक्ष रोली वार्ष्णेय पूनम गुप्ता डौली वार्ष्णेय तनूजा गुप्ता मीनाक्षी मित्तल पूनम शर्मा अलका वार्ष्णेय साधना गुप्ता अंजू वार्ष्णेय अनीता वार्ष्णेय आदि प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने राया, मांट अन्य जगहों पर की छापेमारी कार्रवाई, नमूने भेजे जांच को



**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के आदेश के अनुपालन में धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा के निर्देशन एवं ज्ञानपाल सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दलवीर सिंह व राम नरेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा खाद्य सहायक ताराचन्द द्वारा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु ग्राम नगला शेरनी, थाना राया, तहसील मांट, जनपद मथुरा पर स्थित खोआ व घी निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। अवमानक होने के संदेह पर खोआ व घी के एक-एक नमूने जांच हेतु संग्रहित कर राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किए गए, विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। जनपद के कस्बा ओल में धर्मेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में एफ.एस.डब्लू (सचल खाद्य प्रयोगशाला) वाहन का संचालन कराकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की निःशुल्क जांच कर खाद्य कारोबारकताओं व आम जनमानस को खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक किया गया तथा एफ0एस0एस0ए0 आई0 द्वारा संचालित नई योजनाओं के बारे में बताया गया। खाद्य कारोबारकताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने, अपने प्रतिष्ठानों में दृश्य स्थान पर अनुज्ञप्ति/पंजीकरण प्रदर्शित करने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा खाद्य परिसर व आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## तेज रफ्तार बाइक फिसली, युवक की मौत

**मथुरा।** बलदेव राया रोड पर बीती रात अनियंत्रित होकर एक बाइक फिसल गयी जिससे उस पर सवार युवक की मौत हो गयी। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राया थाना क्षेत्र के नगला पीता निवासी इंद्रजीत (22) पुत्र चोखेलाल अपने चचेरे भाई के साथ बलदेव आया था और वापिस रात्रि लगभग नौ बजे अपने गांव की ओर लौट रहा था तभी कारब के पास काफी तेजगति में होने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे जा गिरी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी और चचेरा भाई प्रेम सिंह घायल हो गया। वहीं पोस्टमार्टम गृह पर मृतक के चाचा ओमप्रकाश ने कहा कि वह कारब गांव पर कच्चे में खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी तेजगति से आते वाहन ने उसे रौंद दिया। जबकि इंस्पैक्टर महावन का कहना है कि मृतक बाइक संख्या यूपी 85 डीएल 9617 पर सवार था जो हादसे का शिकार हुयी। पुलिस बाइक को थाने ले आयी है। इन्द्रजीत की मौत की खबर लगते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि मृतक तीन बहिनों का इकलौता भाई था। उसकी शादी एक साल पहले हुयी थी। उसके दो माह की एक पुत्री है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक की मौत

**मथुरा।** थाना जमुनापार क्षेत्र में देर रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने गांव लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ। मनोज (35) निवासी नगला भैंसा बाजार से अपने गांव लौट रहा था। तभी तैयापुर रोड पर रात लगभग 9 बजे तेजगति से जाती ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह नीचे दब गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने जब दुर्घटना देखी तो शोर मचाया और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद मनोज को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# साहिर की रचनाओं में भरपूर प्रेम मिलता है

**मथुरा।** अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मातृ कृपा के सभागार में सुप्रसिद्ध शायर साहिर लुधियानवी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर स्मृति में एक संगीतमय शानदार कार्यक्रम हुआ। इसी के साथ-साथ इप्टा मथुरा के अध्यक्ष वरिष्ठ रंगकर्मी योगेश शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ह्लमैं और मेरा चिंतनह्व का विमोचन किया गया। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा), जनवादी लेखक संघ एवं जन सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.जेड. हसन साहब ने की।साहिर लुधियानवी की जीवन यात्रा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता सरदार जाकिर नौफिल आर्या ने कहा कि प्रेम के अभाव में जीने वाले साहिर की रचनाओं में भरपूर प्रेम मिलता है तथा सामाजिक चिंताओं में गैर बराबरी की पीड़ा भी देखने को मिलती है। उनकी रचनाएं बदलाव के लिए प्रेरित करती हैं, और समाज के



लिए सार्थक संदेश देती है।

योगेश शर्मा जी की पुस्तक में और मेरा चिंतन पर मुख्य वक्ता के रूप से अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर अनिल बाजपेई ने कहा कि यह पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल की जाए तो इसकी अधिक उपयोगिता सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि पुस्तक में लेखक ने बहुत ही गंभीरता के साथ अपने चिंतन को व्यक्त किया है तथा बहुत से सामाजिक बिंदुओं को शामिल किया है। डॉ वाजपेई ने अपने विचारों में पुस्तक की शानदार समीक्षा की। इस अवसर पर बहुत से संगठनों की ओर से योगेश शर्मा को बधाइयां प्रेषित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर विजय शर्मा ने साहिर लुधियानवी पर जानकारियां साझा करते हुए योगेश शर्मा की पुस्तक पर कहा कि इस पुस्तक का विमोचन लखनऊ के अंदर विश्वविद्यालयों के छात्रों के बीच एवं जयपुर में बुद्धिजीवियों के बीच हो चुका है, जहां पुस्तक की सार्थकता को सराहा गया है। कार्यक्रम में अंजू मिश्रा एवं टीकेंद्र शाद ने साहिर की नज्मों का भाव पूर्ण वाचन किया तथा मनोज राठौर एवं आकाश शर्मा ने अपने मधुर कंठ से साहिर के गीत गाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। उपस्थित सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद देते हुए रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम मथुरा शहर में लगातार होते रहने चाहिए, जिससे पुराने लोगों की यादें ताजा बनी रहेऊ और समाज को प्रगतिशील एवं सकारात्मक संदेश मिलते रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के साहित्यकार , बुद्धिजीवी एवं रंगकर्मी चेतन स्वरूप पाराशर, राजेंद्र केशोरैया ,डॉ. सईद अहमद, सईद, पवन चतुर्वेदी, सुनील आचार्य, डॉ. राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल, चित्रांश रजनीश, डॉ. धर्मराज, राजेंद्र वर्मा, अटल राम चतुर्वेदी, माधव चतुर्वेदी, मनोज गौड़, विवेक मथुरिया, देवेंद्र पाल, अनिल स्वामी, सौरभ चतुर्वेदी, कुलदीपक आदि उपस्थित थे।

## मथुरा में 11 दिवसीय ब्रजरज उत्सव आज से हेमामालिनी व पुनीत इस्सर देंगे प्रस्तुतियां

**मथुरा।** स्थानीय सांसद हेमामालिनी व अभिनेता पुनीत इस्सर सहित अनेक कलाकार मथुरा में रविवार से शुरू हो रहे 11 दिवसीय ब्रजरज उत्सव में प्रस्तुतियां देंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धौलीप्याऊरोड स्थित रेलवे ग्राउण्ड पर ब्रजरज उत्सव का 26 अक्टूबर से आयोजन किया जा रहा है। उनके मुताबिक, उत्सव की गतिविधियां पांच नवंबर तक पूर्वाह्न 11 बजे से शाम तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि सुबह में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी और वे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी पेश करेंगे, जबकि अपराह्न 3:30 से शाम छह बजे तक ब्रज के लोक कलाकार अपनी पारंपरिक लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। सिंह ने बताया कि सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमामालिनी श्याम-यशोदा नाटक का मंचन करेंगी जबकि टीवी धारावाहिक महाभारत में दुर्योधन की भूमिका से चर्चित हुए पुनीत इस्सर की भी विशेष प्रस्तुति होगी। इसके अलावा भजन गायक कन्हैया मित्तल के भजन सहित श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सीईओ ने बताया कि उत्सव की शुरुआत रविवार को यास्मीन सिंह की नृत्य नाटिका द डिवाइन कृष्णा से होगी, जबकि इसका समापन पांच नवम्बर को कवि सम्मेलन के साथ किया जाएगा।

# इंडिया गठबंधन के लिए मुसलमान सिर्फ वोट बैंक

## हमारी सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के बजट में की 306 गुणा की वृद्धि : नीतीश

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं पर खुद को मुसलमानों का हितैषी बताकर उन्हें सिर्फ वोट बैंक समझने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा अब बिहार विधानसभा चुनाव के समय में कुछ लोग फिर से अपने-आप को मुस्लिम समुदाय का हितैषी बताने में जुट गए हैं। ये सब छलावा है। सिर्फ मुस्लिम वर्ग के लोगों का वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के लालच और हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जबकि उन्हें किसी तरह की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी देने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमलोगों की सरकार में आज मुस्लिम समाज के लोगों को उनका पूरा हक मिल रहा है। बिना किसी भेदभाव के उन्हें हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है, जबकि पूर्ववर्ती की सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिये किया और उन्हें कोई हिस्सेदारी नहीं दी। मुख्यमंत्री ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा आप लोग किसी भ्रम में नहीं रहें। हमारी सरकार ने जो आपके लिए काम किए हैं, उसे याद रखिए और उसी आधार पर तय कीजिए कि अपना वोट किसे देना है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए उन्होंने कहा 24 नवंबर 2005 को जब हम लोगों की सरकार बनी तब से मुस्लिम समुदाय के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। 2025-26 में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के बजट में 306 गुणा की वृद्धि करते हुए 1080.47 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा राज्य में सांप्रदायिक घटनायें नहीं हो उसके लिये 2006 से संवेदनशील कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू की गयी। अब तक आठ हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गयी है। मुस्लिम समाज के परामर्श से 1,273 और कब्रिस्तानों को घेराबंदी के लिये चिह्नित किया गया जिसमें 746 कब्रिस्तानों की घेराबंदी पूर्ण हो गयी है और शेष का काम शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा। जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख ने कहा विपक्षी दलों की जब सरकार थी तो 1989 में भागलपुर में साम्प्रदायिक दंगे हुये। दंगा रोकने में सरकार विफल रही और साम्प्रदायिक दंगा पीड़ितों के लिये पूर्ववर्ती सरकारों ने कुछ नहीं किया। जब हम लोगों को सेवा का मौका मिला तो भागलपुर साम्प्रदायिक दंगा की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की गयी और दंगा पीड़ितों को मुआवजा दिया गया। उन्होंने दावा दंगा प्रभावित परिवारों को पेंशन के रूप में भी मदद दी जा रही है। पहले कितना हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होता था, अब आज कोई झगड़ा नहीं होता है।



# पंजाब : आतंकी मॉडयूल का भंडाफोड़

## एक गिरफ्तार, दो आईईडी बरामद

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने एक आतंकी नेटवर्क के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से उच्च श्रेणी के आरडीएक्स सहित दो आईईडी और हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर के कोटला तरखाना गांव का निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ टिड्डी नामक आरोपी विदेश में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रहा था।

अधिकारी ने बताया कि सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड है और उसका नाम सदर बटाला एवं कलानौर थानों में दर्ज दो मामलों में शामिल था। सिंह गुरदासपुर और अमृतसर की जेलों में लगभग डेढ़ साल रहा और फरवरी में रिहा हुआ। इसके बाद उसने अपनी आपराधिक गतिविधियां फिर से शुरू कर दीं। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला



है कि सिंह आर्मेनिया, ब्रिटेन और जर्मनी में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रहा था। वहीं, उसके आकाओं को एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के पाकिस्तान स्थित सरगना से निर्देश मिलते थे। उन्होंने कहा कि समूचे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए इससे जुड़े संपर्कों का पता लगाया जा रहा और आगे की जांच की जा रही है। अभियान का विवरण देते हुए अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ के सहायक महानिरीक्षक सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि एक विशिष्ट खुफिया सूचना पर त्वरित कार्वाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से गोला-बारूद सहित एक .30 बोर की पिस्तौल बरामद की। मान ने बताया कि आरोपी की निशानदेही के आधार पर उसके गांव से उच्च श्रेणी के आरडीएक्स से भरे धातु के कंटेनर में पैक कर रखे तथा विस्फोट के लिए टाइमर लगे दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) भी बरामद किए गए। जांच के दौरान यह पाया गया कि लगभग दो सप्ताह पहले पाकिस्तान स्थित सिंह के आका ने अजनाला में जब्त की गई खेप को ड्रोन से गिराने में मदद की थी जिसे उसने बरामद किया और अपने गांव के पास एक नहर के पास छिपा दिया।

### संक्षेप

## दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का उद्घाटन

नयी दिल्ली। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे के पुनर्निर्मित टर्मिनल-2 (टी2) का उद्घाटन किया। यह टर्मिनल रविवार से यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा लगभग चार दशक पहले निर्मित यह टर्मिनल इस वर्ष अप्रैल 2025 में नवीनीकरण कार्यों के लिए बंद किया गया था। अब इसे आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है और इसकी वार्षिक क्षमता लगभग 1.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की है। उद्घाटन समारोह में मंत्री नायडू ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया के सबसे बड़े नागरिक विमानन तंत्र में से एक बन सकता है।

## मतदाता सूची में एक महिला का छह बार नाम

पालघर। महाराष्ट्र के पालघर जिले की मतदाता सूची में एक महिला का नाम छह बार पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने उचित प्रक्रिया करते हुए दोहरी प्रविष्टियों को हटा दिया। सुषमा संजय गुप्ता नाम की महिला नालासोपारा क्षेत्र में रहती है और सत्यापन प्रक्रिया के दौरान उसका नाम मतदाता सूची में छह बार पाया गया। पालघर जिला निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि 132 नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में गुप्ता का नाम कई स्थानों पर है। विज्ञप्ति के अनुसार, मतदाता सूची के सत्यापन से पता लगा कि पहली बार आवेदन पूरा होने की पुष्टि न होने के बाद बार-बार आवेदन करने के कारण कई जगह पर नाम दर्ज हो गया। इस संबंध में 22 अक्टूबर को जवाब दिया गया। इसमें कहा गया कि गुप्ता ने जनवरी 2024 के आसपास फॉर्म संख्या-6 का उपयोग करके मतदाता पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। उन्हें जल्द ही एक मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) प्राप्त होने का विश्वास था लेकिन जब यह प्राप्त नहीं हुआ तो उन्होंने गलती से फॉर्म संख्या 6 को फिर से ऑनलाइन भर दिया। विज्ञप्ति के अनुसार, मतदाता सूची में महिला के छह बार नाम थे जिसमें से पांच जगह उसके नाम का दोहराव पाया गया।

## हरियाणा-पंजाब में वायु गुणवत्ता खराब

चंडीगढ़। हरियाणा के कुछ हिस्सों में शनिवार को वायु गुणवत्ता खराब और बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई जबकि पड़ोसी राज्य पंजाब में भी यह खराब व मध्यम श्रेणी में रही। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा के फतेहाबाद में शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 329 था। बोर्ड ने बताया कि बहादुरगढ़, धारूहेड़ा और पानीपत में भी एक्यूआई क्रमशः 324, 307 और 306 रहा, जो बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। जिन स्थानों पर एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा, उनमें चरखी दादरी (292), गुरुग्राम (234), जींद (293), कैथल (283), सोनीपत (214), मानेसर (291) और यमुनानगर (226) शामिल हैं।

# ओडिशा में 1.46 लाख करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने शनिवार को 1.46 लाख करोड़ रुपये के 33 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिसमें अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की कोल-टू-केमिकल परियोजना भी शामिल है।

मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) की बैठक और मुख्य सचिव मनोज आहूजा की अध्यक्षता में एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलडब्ल्यूसीए) की बैठक में इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। एचएलसीए ने l,41,993.54 करोड़ रुपये के 12 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिससे 49,745 रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जबकि एसएलडब्ल्यूसीए ने 4,019.53 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी, जिससे 16,590 रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना जताई जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि अदाणी एंटरप्राइज लिमिटेड सुंदरगढ़ जिले में 84,000 करोड़ रुपये के निवेश से कोल-टू-केमिकल संयंत्र स्थापित करेगी जिससे 36,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

# स्वस्थ भारत निर्माण के लिए सामूहिक चेतना जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नए संकल्प की आवश्यकता पर बल देते हुए शनिवार को कहा कि एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सामूहिक चेतना और जिम्मेदारी से जीवन जीना आवश्यक है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बिरला ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारतीय परंपराओं, धर्मग्रंथों और लोक कथाओं में मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य पर ज़ोर दिया गया है।

उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि भारत में बच्चों को बचपन से ही



प्रकृति के साथ तालमेल रखना सिखाया जाता है, जो पर्यावरण चेतना और भारतीय जीवनशैली के बीच स्थायी सांस्कृतिक और नैतिक संबंध को दर्शाता है। बिरला ने कहा कि मानवीय गतिविधियां पारिस्थितिकी असंतुलन का प्रमुख कारण रही हैं। कोविड-19 महामारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जब मानवीय गतिविधियां रुकीं, तो प्रकृति ने स्वयं को स्वस्थ करना शुरू कर दिया - नदियां स्वच्छ हो गईं, वायु की गुणवत्ता में सुधार हुआ और वनों में जीवन फलने-फूलने लगा। उन्होंने कहा कि यह इस बात का स्मरण कराता है कि सतत जीवन कितना आवश्यक है। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में भारत को भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए नवसंकल्प के साथ एकजुट होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की यह ज़िम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि प्रगति और स्थिरता साथ-साथ चलें। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सामूहिक चेतना और ज़िम्मेदारी से जीवन जीना आवश्यक है।

# गुजरात में शराब पार्टी पर छापा

## 13 अफ्रीकियों समेत 20 गिरफ्तार

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने अहमदाबाद के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस पर छापा मारा और एक पार्टी के दौरान शराब पीने के आरोप में 13 अफ्रीकी नागरिकों समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया तथा बाद में पांच और लोगों को भी पकड़ लिया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी का कहना है कि शिलाज क्षेत्र में स्थित फार्महाउस पर शुक्रवार देर रात छापेमारी की गयी तथा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लगभग 70 लोगों में 13 अफ्रीकियों समेत 15 लोग नशे में पाए गए जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अहमदाबाद (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमप्रकाश जाट ने संवाददाताओं को बताया कि दो शराब तस्करों और फार्महाउस मालिक समेत पांच अन्य लोगों को शनिवार तड़के गिरफ्तार किया गया, जिससे इस पार्टी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 20 हो गई। जाट ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह शराब पार्टी गुजरात के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे अफ्रीकी विद्यार्थियों के सम्मेलन के नाम पर आयोजित की गयी थी।

# नेल्ली नरसंहार पर रिपोर्ट पेश करेगी असम सरकार

एजेंसी

गुवाहाटी। वर्ष 1983 के नेल्ली नरसंहार पर तिवारी आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की योजना की असम सरकार द्वारा घोषणा किये जाने के दो दिन बाद, शनिवार को राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक फिल्म निर्माता ने आशंका जताई कि इस कदम से समुदायों के बीच शांति जोखिम में पड़ सकती है।

हालांकि, ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन ने राज्य सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक एक महत्वपूर्ण दस्तावेज को छिपाकर रखना गलत था। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया था कि राज्य मंत्रिमंडल ने नवंबर में होने वाले अगले विधानसभा सत्र में तिवारी आयोग की रिपोर्ट पेश करने का फैसला किया है। घुसपैठ के खिलाफ 1979 से 1985 तक असम आंदोलन के दौरान, 1983 के कुख्यात नेल्ली नरसंहार में एक ही रात में 2,100 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से अधिकांश मुसलमान थे। विपक्ष के



नेता देवब्रत सैकिया ने बताया, मुझे समझ नहीं आ रहा कि इतनी पुरानी रिपोर्ट घटना के लगभग 43 साल बाद सार्वजनिक क्यों की जा रही है। जब जख्म भर ही गए हैं, तो अब उन्हें क्यों कुरेदा जा रहा है? क्या विधानसभा चुनाव से पहले लोगों को भड़काने के लिए ऐसा किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि जब लोग नेल्ली क्षेत्र में सद्भावना से रह रहे हैं, तो रिपोर्ट को पेश करने से समुदायों के बीच व्याप्त शांति और विश्वास को नुकसान पहुंच सकता है। सैकिया ने कहा, ऐसा लगता है कि (गायक) जुबिन गर्ग की मौत के बाद सभी जातियों और धर्मों के लोगों के एकजुट होने से मुख्यमंत्री निराश हैं। सभी समुदायों के लोग उनके लिए न्याय की मांग कर रहे हैं और गर्ग की विचारधारा के प्रति निष्ठा दिखा रहे हैं, जो सांप्रदायिकता के खिलाफ थी। नेल्ली (मोरीगांव में) लगभग 16 गांवों का एक समूह है। 18 फरवरी 1983 को असमिया हिंदुओं और स्थानीय आदिवासी पड़ोसियों ने इन गांवों पर हमला किया और लगभग छह घंटे की अवधि में 2,100 से ज़्यादा लोगों की हत्या कर दी। जिन निवासियों पर हमला किया गया वे मुख्य रूप से बांग्ला भाषी मुस्लिम समुदाय के थे, जिनके पूर्वज 1930 के दशक में ही पूर्वी बंगाल से आकर बस गए थे। असम सरकार ने 14 जुलाई 1983 को टी.पी. तिवारी के नेतृत्व में एक आयोग का गठन किया था। आयोग की 551 पृष्ठों की यह रिपोर्ट मई 1984 में तत्कालीन हितेश्वर सैकिया सरकार को सौंपी गई थी, लेकिन इसे कभी पेश या सार्वजनिक नहीं किया गया। नरसंहार पर एक फीचर फिल्म द नेल्ली स्टोरी बनाने वाले पार्थजीत बरुआ ने कहा कि ऐसे समय में रिपोर्ट को सामने लाना, जब पूरा राज्य गर्ग की मौत पर शोक मना रहा है, आश्चर्यजनक और निराशाजनक है।

# दिल्ली की हवा फिर खराब श्रेणी में

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में शनिवार सुबह थोड़ा सुधार हुआ और एक्यूआई 261 दर्ज किया गया। हालांकि यह भी खराब श्रेणी में ही आता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों (सीपीसीबी) के मुताबिक, एक्यूआई एक दिन पहले 290 दर्ज किया गया था। एक्यूआई 201 से 300 के बीच खराब श्रेणी में माना जाता है। सीपीसीबी की समीर ऐप के अनुसार, आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 415 रहा जहां यह गंभीर श्रेणी में था। यह राजधानी के सभी निगरानी स्टेशनों में सबसे अधिक है। सात केंद्रों में एक्यूआई बहुत खराब दर्ज किया गया, जबकि शेष खराब श्रेणी में रहे।



सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बेहद खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राजधानी में न्यूनतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है।

## पेज एक का शेष

### रोहित-कोहली

कर तीन मैच की श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था। इससे पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 39 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया जिससे आस्ट्रेलिया की टीम 46.4 ओवर में 236 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से मैट रेनशॉ ने सर्वाधिक 56 रन बनाए।

एडिलेड में खेले गए दूसरे मैच में 73 रन बनाने वाले रोहित ने अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की और अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया। यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का माहौल बेहद ऊर्जावान था तथा भारतीय बल्लेबाजों को दर्शकों का पूरा समर्थन मिल रहा था। ऑस्ट्रेलिया में संभवतः अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोहित और कोहली ने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाकर उनका भरपूर मनोरंजन भी किया। इन दोनों के आगे ऑस्ट्रेलिया के तेज और स्पिन आक्रमण की एक नहीं चली।

### बिहार से

लालू जी ने चारा घोटाला से लेकर बीपीएससी (बिहार लोकसेवा आयोग) घोटाले तक अनगिनत घोटाले किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लालू शासन में हत्या, लूट, फिरौती और अपहरण जैसी घटनाएं आम बात थीं। उद्योग राज्य से चले गए और बिहार को पिछड़ा बना दिया गया। शाह ने दावा किया कि नीतीश बाबू के नेतृत्व में राजग ने बिहार को जंगलराज से मुक्त किया, वंशवाद को समाप्त किया और सबसे बड़ी बात यह कि नक्सलवाद को भी खत्म करने का काम किया।

छठ महापर्व के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शाह ने कहा, मैं कामना करता हूं कि बिहार सदैव जंगलराज से मुक्त रहे, कानून-व्यवस्था मजबूत रहे, बहन-बेटियां सुरक्षित रहें और राज्य विकास के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि हाल में राजग सरकार ने जीविका से जुड़ी एक करोड़ बहनों के खातों में 10 हजार रुपए दिए हैं। शाह ने कहा विधवा और वृद्धावस्था पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर l,100 रुपए कर दी गई है। आशा बहनों का मानदेय 3,000 रुपए प्रति माह तय किया गया है। पटना में मेट्रो का सपना अब साकार हो रहा है।

### सिविल एविएशन

भूमि समतलीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा, पेयजल, शौचालय और अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनसभा स्थल तक पहुंचने वाले सभी मार्गों पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था उच्च स्तर की सुनिश्चित की जाए।

जेवर एयरपोर्ट का लोकार्पण कराए जाने वाले हिस्से का क्षेत्रफल 3,300 एकड़ है, जबकि कुल 6,700 एकड़ भूमि का अब तक अधिग्रहण किया जा चुका है शेष 5,100 एकड़ भूमि अगले तीन माह में ली जाएगी। भूमि क्रय की लागत लगभग 5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण की लागत 7,000 करोड़ है। उद्घाटन के समय एयरपोर्ट एक रनवे के साथ क्रियाशील होगा और इसकी वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। साथ ही, औसतन प्रतिदिन 150 उड़ानें यहां से संचालित होंगी। भविष्य में यात्रियों की संख्या 1 करोड़ से अधिक होने पर दूसरे रनवे का निर्माण शुरू हो जाएगा और दोनों रनवे मिलकर 7 करोड़ यात्रियों की सेवा करेंगे। जेवर एयरपोर्ट के पूर्ण स्वरूप में कुल 5 रनवे होंगे, इसका कुल क्षेत्रफल 11,750 एकड़ होगा और यह प्रतिवर्ष 30 करोड़ यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा। उत्तर प्रदेश में कुल 24 एयरपोर्ट्स हैं, जिनमें से 16 संचालित हो चुके हैं। वहीं जेवर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो चुका है और अब इसका जल्द ही शुभारंभ होने वाला है। वहीं, 7 एयरपोर्ट्स निमार्णाधीन हैं। संचालित एयरपोर्ट्स में घरेलू स्तर पर आगरा, त्रिशूल (बरेली), गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट और सहारनपुर शामिल हैं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ होते ही उत्तर प्रदेश 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का इकलौता राज्य बन जाएगा। निमार्णाधीन एयरपोर्ट्स की बात करें तो सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ, गाजीपुर, झांसी, अमेठी और पलिया में भी इस पर तेजी से कार्य चल रहा है जो भविष्य में प्रदेश के वायु संपर्क और पर्यटन को और मजबूत करेंगे।

उत्तर प्रदेश अब सिविल एविएशन के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। वर्ष 2024-25 में करीब 1.5 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की, जिसमें 1.3 करोड़ घरेलू यात्री तो वहीं 13 लाख से ज्यादा इंटरनेशनल यात्री शामिल रहे। 2017 से 2025 के बीच यात्री संख्या में 10.1 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) से वृद्धि हुई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरूआत से लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। वहीं, बेहतर एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिला है, विशेषकर अयोध्या और वाराणसी जैसे धार्मिक स्थलों पर पर्यटक संख्या में 30% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में 50 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिनमें 20% हवाई मार्ग से पहुंचे।

### अभिनेता सतीश

शाह के निजी सहायक रहे रमेश कडातला ने बताया कि अभिनेता का दोपहर के समय बांद्रा पूर्वी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। कडातला ने कहा ऐसा लगता है कि उनका निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ, हालांकि हम उनकी मौत के कारणों के बारे में डॉक्टर की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाह के मित्र और फिल्म जगत के सहयोगी अशोक पंडित ने अभिनेता के निधन पर दुख जताया और कहा, यह हमारे उद्योग के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वह बहुत खुशमिजाज व्यक्ति थे।

### भारत ने संयुक्त

कहा कि सुधारों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना हमारे नागरिकों, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। हरीश ने कहा, ग्लोबल साउथ बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और इसकी अपनी अनूठी चुनौतियां हैं, विशेष रूप से विकास, जलवायु व वित्तपोषण के क्षेत्रों में। उन्होंने कहा कि वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक व समावेशी होनी चाहिए।

### इंदौर में

गलत तरीके से छुआ और भाग गया। दोनों क्रिकेटर ने अपने टीम सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस से संपर्क किया, जिन्होंने स्थानीय सुरक्षा संपर्क अधिकारियों के साथ समन्वय किया और सहायता के लिए एक वाहन भेजा। सहायक पुलिस आयुक्त हिमानी मिश्रा ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनके बयान दर्ज किए। एमआईजी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 (महिला का शील भंग करने के लिए आपराधिक बल प्रयोग) और धारा 78 (पीछा करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि एक राहगीर ने संदिग्ध की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया, जिसके आधार पर आरोपी अकील खान को पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि खान के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं और मामले की जांच जारी है। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों का कथित तौर पर पीछा किए जाने और उनके साथ छेड़छाड़ की घटना पर गहरा दुख एवं नाराजगी व्यक्त की।

### ओंकारेश्वर

के दर्शन कर सकें और सीमांत क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भी गति मिले। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे ऊखीमठ पहुंचकर शीतकालीन पूजा-अर्चना में सहभागी बनें। इस पवित्र स्थल पर एक साथ पंचकेदारों केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ, रुद्रनाथ और कल्पेश्वर के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है। प्राप्त विवरण के अनुसार डोली की यात्रा परंपरागत रीतियों के अनुसार रामपुर और श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से होते हुए उखीमठ पहुंची। मार्ग में डोली के स्वागत के लिए भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवृष्टि की और दीपक जलाकर अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। अब आगामी छह माह तक भगवान केदारनाथ की पूजा-अर्चना उखीमठ स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में ही संपन्न होगी। इस अवधि में भक्त यहां भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। परंपरा के अनुसार, केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद भगवान का शीतकालीन प्रवास यहीं होता है। गौरतलब है कि विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 23 अक्टूबर (भैया दूज) के अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चार के बीच शीतकाल के लिए बंद किए गए। कपाट बंदी के बाद डोली यात्रा की शुरूआत हुई, जो धार्मिक उल्लास, श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुई।

डोली के उखीमठ पहुंचने के अवसर पर केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग, विधायक आशा नौटियाल, बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कपरवाण, दायित्वधारी चंडी प्रसाद भट्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, महामंत्री अंकित सेमवाल, तीर्थ पुरोहित संतोष त्रिवेदी, मंदिर प्रभारी किशन त्रिवेदी और प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### लखनऊ के

जायेगी। पुरुष एकल में नोएडा के दूसरी वरीय नीर नेहवाल ने लखनऊ के भूमेश उतरानी को कड़े मुकाबले में 21-16, 18-21, 23-21 से, शीर्ष वरीय प्रयागराज के अंश विशाल गुप्ता ने वाराणसी के अभ्यांश सिंह को 21-11, 16-21, 21-14 से और नोएडा के वरीय हर्षित तोमर ने बस्ती के शिवम कुमार मिश्रा को 21-14, 21-11 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

महिला एकल में शीर्ष वरीय आगरा की दिव्यांशी गौतम ने अलीगढ़ की आराध्या कुशवाहा को 21-16, 21-19 से और यूपी पुलिस की सिमरन चौधरी ने लखनऊ की मेघन प्रकाश को 21-10, 21-14 से हराया। मिश्रित युगल में अस्मित सिंह व रमा सिंह (सोनभद्र/अलीगढ़) ने शुभम यादव व शिवांगी सिंह (जौनपुर/एनईआर) को 21-14, 21-15 से और उन्नाव के अर्चित सिंह व विभूति सिन्हा ने दिव्ययोगायन देव व नेहा पाल (सोनभद्र/वाराणसी) को 21-15, 21-18 से मात दी। पुरुष युगल में बालकेसरी यादव व शुभम यादव (गोरखपुर /जौनपुर) ने सहारनपुर के अतुल कुमार व प्रदीप कुमार को 21-10, 21-12 से, दूसरी वरीय राजन यादव व तुषार गगनेजा (यूपी पुलिस/गोरखपुर) ने दक्ष गौतम व कपिल चौधरी (आगरा/यूपी पुलिस) को 21-16, 22-20 से, अलीगढ़ के प्रदीप चौधरी व शिवम श्रीवास्तव ने जौनपुर के अभय सिंह व मोहम्मद कैफ को 21-13, 21-15 से और अयान खान व रजत भारद्वाज (गोरखपुर/आगरा) ने आसिफ कमाल व कुमार यश (महराजगंज/यूपीबीए) को 21-13, 21-19 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। महिला युगल में दूसरी वरीय नेहा पाल व विभूति सिन्हा (वाराणसी/उन्नाव) ने गाजियाबाद की अंशिका सिंह व भावना को 21-7, 21-10 से और शीर्ष वरीय माही व राधा ठाकुर (मुरादाबाद/आगरा) ने यूपी पुलिस की आरती सिंह व रिचा यादव को 21-16, 23-21 से हराया।




# भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बड़ी जीत

## भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी

एजेंसी

सिडनी। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया जो पहले दो मैच जीत कर तीन मैच की श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था। इससे पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 39 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी क्षमता का परिचय दिया जिससे आस्ट्रेलिया की टीम 46.4 ओवर में 236 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से मैट रेनशॉ ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। एडिलेड में खेले गए दूसरे मैच में 73 रन बनाने वाले रोहित ने अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की और अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया। यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं।




सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का माहौल बेहद ऊर्जावान था तथा भारतीय बल्लेबाजों को दर्शकों का पूरा समर्थन मिल रहा था। ऑस्ट्रेलिया में संभवतः अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोहित और कोहली ने विकेट के चारों तरफ शॉट लगाकर उनका भरपूर मनोरंजन भी किया। इन दोनों के आगे ऑस्ट्रेलिया के तेज और स्पिन आक्रमण की एक नहीं चली। भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान शुभमन गिल (24) के रूप में गंवाया जो लगातार तीसरे मैच में असफल रहे। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से पहले रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसके बल्लेबाज बड़ी साझेदारियां निभाने में नाकाम रहे। भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया विशेष कर स्पिन गेंदबाज बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोकने में सफल रहे। राणा ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच से अच्छी गति और उछाल हासिल की तथा प्रभावशाली प्रदर्शन करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। उनके अलावा वाशिंगटन सुंदर ने दो जबकि मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया। कप्तान मिचेल मार्श (41) और ट्रेविस हेड (29) के बीच पहले विकेट के लिए 61 रन तथा रेनशॉ (56) और एलेक्स कैरी (24) के बीच 54 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में बनाए रखा लेकिन यह बड़ा स्कोर बनाने के लिए पर्याप्त नहीं था।

मार्श और हेड ने विकेट के चारों ओर कुछ अच्छे शॉट खेले। लेकिन हेड ने मोहम्मद सिराज की एक सहज गेंद को सीधे बैकवर्ड प्वाइंट पर प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों में पहुंचा दिया। भारत की फील्डिंग शानदार रही और उसके खिलाड़ियों ने कुछ दर्शनीय कैच लिए। वाशिंगटन सुंदर की गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (30) को आउट करने के लिए विराट कोहली ने बैकवर्ड पॉइंट पर जो कैच लिया, उसे सर्वश्रेष्ठ रिफ्लेक्स कैच में गिना जा सकता है। लेकिन श्रेयस अय्यर ने इस कोशिश को और बेहतर करते हुए कैरी का दौड़कर शानदार कैच लिया। श्रेयस ने प्वाइंट से काफी दूरी तय कर डाइव लगाकर कैच लिया, हालांकि इस प्रयास में उन्हें मामूली चोट भी आई। अक्षर पटेल ने इस बीच में अपना जादू दिखाते हुए मार्श को आउट किया। लेकिन रेनशॉ ने एक छोर पर आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ एक चौका लगाकर 48 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन वह अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके। वाशिंगटन ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया। मिचेल ओवेन और मिचेल स्टार्क भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सात विकेट पर 201 रन हो गया। निचले क्रम में कुछ बल्लेबाजों के योगदान ने उन्हें सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।

### रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया फिर खेलने को लेकर अनिश्चितता जताई

सिडनी। भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौतीपूर्ण वनडे श्रृंखला समाप्त होने के बाद शनिवार को कहा कि शायद वह और विराट कोहली भविष्य में क्रिकेट को पसंद करने वाले इस देश में नहीं खेल पायेंगे। टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद अब रोहित और कोहली केवल एक अंतरराष्ट्रीय प्रारूप (वनडे) में खेल रहे हैं और हाल के दिनों में उनके करियर को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। इन दोनों दिग्गज बल्लेबाजों ने शनिवार को एक बार फिर मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी करके भारत को नौ विकेट की सांत्वना जीत के साथ श्रृंखला में सूपड़ा साफ होने से बचाया।

रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, यहां आना और खेलना हमेशा अच्छा लगता है। 2008 की यादें ताजा हो गईं। मुझे नहीं पता कि हम ऑस्ट्रेलिया वापस आएंगे या नहीं, लेकिन हम अपने क्रिकेट का आनंद लेते हैं, चाहे हम कितनी भी उपलब्धियां हासिल कर लें। रोहित ने शानदार नाबाद 121 रन बनाए जबकि कोहली ने भारत की जीत में नाबाद 74 रनों का योगदान दिया।

## ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत को दो स्वर्ण

विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया)। पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो स्वर्ण पदक जबकि सुकांत कदम ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में अपना दबदबा बनाते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भगत ने फाइनल में हमवतन मनोज सरकार को 21-15, 21-17 से हराकर पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। इसके बाद उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने उमेश विक्रम कुमार और सूर्यकांत यादव की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21-11, 19-21, 21-18 से हराया। भगत ने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया में दो स्वर्ण पदक जीतकर बहुत खुश हूं। मनोज के खिलाफ मुकाबला कड़ा था, हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं और जब हम आमने-सामने होते हैं तो यह हमेशा एक चुनौती होती है। कदम को पुरुष एकल एसएल4 में सूर्यकांत से 21-23, 21-14, 19-21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और मानसी जोशी ने महिला एकल और रुथिक रघुपति के साथ मिलकर मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीते।



### मनिका बत्रा डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में



नयी दिल्ली। स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा ने शनिवार को लंदन में 300,000 डॉलर पुरस्कार राशि के डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट में दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी चीन की शि जुन्याओ को हराकर महिला एकल कार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 43 नंबर की खिलाड़ी और 16वीं वरीय बत्रा ने 37 मिनट तक चले राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चौथी वरीय चीनी खिलाड़ी को 11-6, 11-4, 8-11, 11-9 से हरा दिया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय खिलाड़ी का सामना कोरिया की पांचवीं वरीय शिन यूबिन और चीनी ताइपे की नौवीं वरीय चेंग आई-चिंग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

## संक्षेप

### पुरुष हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से

नयी दिल्ली। पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का दूसरा सत्र तीन जनवरी को चेन्नई में तमिलनाडु ड्रैगन्स और हैदराबाद तूफान्स के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा। आयोजकों ने शनिवार को यह घोषणा की। यह टूर्नामेंट तीन अलग-अलग शहरों में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसका समापन 26 जनवरी को भुवनेश्वर में होगा। महिला एचआईएल इस वर्ष 28 दिसंबर को रांची में शुरू होगी और इसका फाइनल अगले वर्ष 10 जनवरी को होगा। हॉकी इंडिया ने कहा कि पुरुष हॉकी लीग में आठ टीमें भाग लेंगी। इसका पहला चरण चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में तीन से नौ जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण का आयोजन रांची में होगा, जो 11 से 16 जनवरी तक मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेला जाएगा। अंतिम चरण के मैच भुवनेश्वर के कालिंग स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रारूप के अनुसार, प्रत्येक टीम एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक बार अन्य टीमों से भिड़ेगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। नॉकआउट चरण के सभी मैच भुवनेश्वर में खेले जाएंगे।

### गोल्फ : शुभंकर जेनेसिस चैंपियनशिप में कट से चूके

चिओनान (कोरिया)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां दूसरे दौर में तीन-अंडर 68 का कार्ड खेलने के कारण जेनेसिस चैंपियनशिप में कट हासिल करने से चूक गए। दूसरे दौर का स्कोर उनकी खराब शुरुआत की भरपाई के लिए काफी नहीं था जिससे उन्होंने सत्र का अंत निराशाजनक तरीके से किया। शर्मा ने पहले दौर में छह-ओवर 77 का कार्ड बनाया था। उन्होंने दूसरे दौर में दो बोगी और पांच बर्डी लगाई लेकिन यह कट में दिलाने के लिए काफी नहीं था। मिकाएल लिंडबर्ग चार अंडर 67 के कार्ड से संयुक्त बढ़त बनाए हैं।

### दिल्ली करेगा यूकेके के तीसरे चरण की मेजबानी

नयी दिल्ली। अल्टीमेट खो खो (यूकेके) लीग पहली बार राष्ट्रीय राजधानी में कराई जाएगी और इसका तीसरा चरण 29 नवंबर से इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। पुणे और कटक ने पिछले दो चरण की मेजबानी की थी। छह टीम की लीग ने यहां तीसरे सत्र का गान लांच किया।

## रणजी ट्रॉफी : तमिलनाडु के दो विकेट पर 399 रन

एजेंसी



दीमापुर। विमल खुमार और प्रदोष रंजन पॉल की बड़ी शतकीय पारियों की बदौलत तमिलनाडु ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन नागालैंड के खिलाफ दो विकेट पर 399 रन बनाए। बीमार बल्लेबाज बी सचिन की जगह एकादश में शामिल हुए 24 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज विमल (189) ने मौके का फायदा उठाया और 224 गेंदों की अपनी पारी में 28 चौके लगाए। प्रदोष 252 गेंदों में 19 चौकों की मदद से 156 रन बनाकर नाबाद है। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 307 रन जोड़े। इस साझेदारी पारी के 76वें ओवर में रोनित मोरे (33 रन पर एक विकेट) ने विमल को आउट कर तोड़ा। स्टंप्स के समय प्रदोष के साथ सी आंद्रे सिद्धार्थ (30) क्रीज पर मौजूद थे। नए विकेटकीपर बल्लेबाज एस आर अतीश (14) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जिन्हें ओडिलेम्बा किचु (69 रन पर एक विकेट) ने चलता किया। नगालैंड के किसी भी गेंदबाज ने ज्यादा प्रभाव नहीं डाला। बड़ौदा ने विजयनगरम में विष्णु सोलंकी की 99 रन की नाबाद पारी के दम पर आंध्र प्रदेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित पहले दिन स्टंप्स तक को छह विकेट पर 230 रन बना लिये। बड़ौदा 53 रन पर तीन और फिर 76 रन पर छह विकेट खोकर संघर्ष कर रहा था लेकिन सोलंकी ने 183 गेंदों की अपनी नाबाद पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाए लगाने के साथ कप्तान अतीत शेठ (नाबाद 65) के साथ सातवें विकेट के लिए 154 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज के. सैतेजा ने आंध्र के लिए चार विकेट लिए जबकि स्पिनर टी. विजय ने बाकी दो विकेट लिए।

### सोनिया रमन ने डब्ल्यूएनबीए में पहली भारतीय मुख्य कोच

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल की सोनिया रमन ने सिएटल स्टॉर्म का मुख्य कोच बनकर डब्ल्यूएनबीए (महिला नेशनल बास्केटबॉल लीग) में नया इतिहास रच दिया है। वह इस प्रतियोगिता में किसी टीम की मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। इस घटनाक्रम से अवगत एक व्यक्ति ने गोपनीयता की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। इसकी अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रमन पिछले सत्र में न्यूयॉर्क लिबर्टी में सहायक कोच बनने से पहले चार साल तक एनबीए के मेम्फिस ग्रिज़लीज़ में सहायक कोच थीं। वह डब्ल्यूएनबीए में मुख्य कोच बनने वाली भारतीय मूल की पहली कोच होगी। सिएटल ने पिछले महीने कोच नोएल क्विन को बर्खास्त कर दिया था। ईएसपीएन ने सबसे पहले इस नियुक्ति की सूचना दी। इस नियुक्ति के साथ न्यूयॉर्क एकमात्र ऐसी टीम है जिसके पास अभी भी कोई मुख्य कोच नहीं है। रमन का कोचिंग करियर एमआईटी से शुरू हुआ।

## लक्ष्य राजेश व चार भारतीय सेमीफाइनल में



एजेंसी

चेंगदू (चीन)। लक्ष्य राजेश ने शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता सत्तयाथाडाकून को हराकर यहां बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत के कुल चार खिलाड़ियों ने एकल वर्ग के अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की। दिन का मुख्य आकर्षण लक्ष्य रही, जिन्होंने अंडर-17 बालिका एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त ललिता को 11-21, 21-16, 21-19 से हराया। भारत की एक अन्य खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा सुधाकर भी अंतिम चार में पहुंच गई है। उन्होंने इंडोनेशिया की रईस्या अफ्फातुनिसा को 21-17, 21-8 से हराया। लड़कों के एकल वर्ग में जगशेर सिंह खंगुरा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हांगकांग चीन के झान शिंग युई को सीधे गेम में 21-13, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत के जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश अपने चीनी प्रतिद्वंद्वियों के रिटायर होने के बाद अंडर-17 मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना मणिमुथु ने जापान की युबुकी अजुमाया को 21-14, 21-16 से हराकर अंडर-15 बालिका एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### सेमीफाइनल से पहले पैन पैसिफिक ओपन से हटीं रायबाकिना

तोक्यो। कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना ने पीठ की समस्या के चलते सेमीफाइनल से पहले शनिवार को पैन पैसिफिक ओपन से हटने का फैसल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जीत के एक दिन बाद पीठ की समस्या का हवाला दिया। क्वार्टरफाइनल में उनकी जीत के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आखिरी बची जगह पक्की हो गई थी। 2022 विम्बलडन चैंपियन को तोक्यो टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा का सामना करना था।

रायबाकिना ने एक बयान में कहा मुझे बहुत दुख है कि मैं आज नहीं खेल सकती। मेरी पीठ में समस्या हो रही है। रायबाकिना ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 7-6 (4) से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए आठवां और आखिरी स्थान हासिल कर लिया। रायबाकिना ने अगले महीने सऊदी अरब में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए मीरा एंड्रीवा को पीछे छोड़ते हुए आठवां स्थान हासिल किया था। डब्ल्यूटीए फाइनल्स एक से आठ नवंबर तक खेला जाएगा जिसमें रायबाकिना शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, अमांडा अनिसिमोवा, मैडिसन कीज, जेसिका पेगुला और जैस्मीन पाओलिनी के साथ शामिल होंगी।

## फुटबॉल : मेसी ने हासिल की गोल्डन बूट ट्रॉफी

एजेंसी



फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में सर्वाधिक गोल करने के लिए गोल्डन बूट ट्रॉफी हासिल करने के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जेंटीना के इस दिग्गज स्ट्राइकर ने दो गोल किए जिससे उनकी टीम इंटर मियामी में नैशविले एससी पर 3-1 से जीत के साथ मेजर लीग सॉकर प्लेऑफ़ में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। मेसी ने पहले हाफ में डाइविंग हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की और फिर 96वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इंटर मियामी ने गुरुवार को मेसी का तीन साल का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की थी। वहीं दूसरी ओर अर्जेंटीना फुटबॉल टीम और स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी अगले महीने केरल का दौरा नहीं करेंगे। इस दौरे के प्रायोजक ने शनिवार को यह घोषणा की। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने अब अपने फेसबुक पेज पर घोषणा की कि यह मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा, फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए।

### दिल्ली ने बनाये चार विकेट पर 306 रन

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान, अर्पित राणा और उप-कप्तान यश धुल के अलग अंदाज में बनाए गए अर्धशतकों से दिल्ली ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 306 रन बना लिए।

## बांग्लादेश और भारत आज आमने- सामने

एजेंसी

नवी मुंबई। कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका भारत इस महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम लीग मैच में अपनी कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा। इंदौर में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मुकाबले का विजेता अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा और 30 अक्टूबर को यहां सेमीफाइनल में भारत से भिड़ेगा।



बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने पर भी भारत चौथे स्थान पर ही रहेगा। भारत बांग्लादेश पर जीत से अधिकतम आठ अंक तक पहुंच सकता है, लेकिन वह इंग्लैंड से पीछे रहेगा, जो नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और यदि वह रविवार को न्यूजीलैंड को हरा देता है तो उसके अंकों की संख्या 11 हो जाएगी। भारतीय टीम पर एक समय सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उसने पिछले मैच में न्यूजीलैंड की चुनौती को विफल करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी और वर्षा से प्रभावित मुकाबले में 53 रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया। यह मुकाबला हालांकि उनकी पूरी तरह से परीक्षा नहीं ले पाया।

भारत ने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के शतकों की मदद से 49 ओवरों में तीन विकेट पर 340 रन बनाए। जेमिमा रोड्रिग्स ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 76 रन की पारी खेलकर टीम को जरूरी गति प्रदान की।

बारिश के कारण न्यूजीलैंड के सामने 44 ओवर में 325 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरू में दो विकेट लेकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। रविवार को भी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। ऐसे में भारत अगर पहले बल्लेबाजी करता है तो वह बड़ा स्कोर बनाना चाहेगा तथा उसके बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना चाहेंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और वह सेमीफाइनल से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए उत्सुक होगी।

### ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

इंदौर। लेग स्पिनर अलाना किंग की करिश्माई गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा अंदाज में सात विकेट से हराकर शनिवार को यहां लीग चरण का समापन तालिका में शीर्ष स्थान पक्का करते हुए किया। ऑस्ट्रेलिया के सामने अब 30 अक्टूबर को नवी मुंबई में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भारत की चुनौती होगी क्योकि भारत रविवार को अपने अंतिम लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज कर भी तालिका में चौथे स्थान से ऊपर नहीं बढ़ सकता है। किंग ने अपनी फिरकी का जादू बिखेरते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की टीम 24 ओवर में महज 97 रन पर आउट हो गयी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने इसके बाद 199 गेंद शेष रहते आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। किंग ने अपनी फिरकी की जादू से एक बार फिर साबित किया कि वह मौजूदा दौर में कलाई की सबसे कुशल स्पिनरों में से एक हैं। उन्होंने महिला वनडे में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया के किसी गेंदबाज के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ विश्व कप मैच में किसी गेंदबाज द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है।

# भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ी

## भारत में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 11 वर्ष में 387 से बढ़कर 819 हुई: नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 वर्ष में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 819 हो गई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 50वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि इसी तरह स्नातक मेडिकल सीट की संख्या 51,000 से बढ़कर 1.29 लाख और स्नातकोत्तर सीट की संख्या 31,000 से बढ़कर 78,000 हो गई है।

उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 75,000 अतिरिक्त सीट जुड़ने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्नातक छात्रों को बधाई दी और देश में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 75,000 अतिरिक्त सीट जोड़े जाने की



उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्नातक छात्रों को बधाई दी और देश में चिकित्सा विज्ञान, शिक्षा और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में एम्स के अद्वितीय योगदान की सराहना की।

उन्होंने युवा चिकित्सकों से लोगों की सहानुभूतिपूर्वक सेवा करने, नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और देश की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवाचार का उपयोग करने का आह्वान किया। नड्डा ने यह भी कहा कि देश ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नमूना पंजीकरण सर्वेक्षण (एसआरएस) के आंकड़ों के अनुसार, मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 130 से घटकर 88 और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 39 से घटकर 27 हो गई है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) और नवजात शिशु मृत्यु दर (एनएमआर) में भी क्रमशः 42 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है, जो वैश्विक औसत से अधिक है। नड्डा ने कहा कि भारत में टीबी के मामलों में 17.7 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# दिल्ली : जल मंत्री ने छठ से पहले यमुना साफ करने का किया दावा

नयी दिल्ली। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि छठ से पहले यमुना नदी के पानी की गुणवत्ता पिछले साल से बेहतर है। वर्मा ने पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ संयुक्त रूप से संवाददाताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की। आप नेता छठ पर्व के दौरान यमुना प्रदूषण को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साध रहे हैं। वर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने नौ और 20 अक्टूबर को पल्ला, वजीराबाद बैराज, ओखला बैराज, आईटीओ और यमुना नहर सहित आठ स्थानों से यमुना नदी के पानी के नमूने एकत्र किए। उन्होंने बताया कि इस साल निजामुद्दीन में यमुना में फेकल



कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की सांद्रता घटकर 7,900 यूनिट प्रति 100 मिलीलीटर रह गई है जबकि पिछले साल यह 11 लाख यूनिट प्रति 100 मिलीलीटर थी। वर्मा ने कहा कि इसी तरह पल्ला में यह संख्या 920 से घटकर 600, वजीराबाद में 16,000 से घटकर 800 और आईटीओ में 35,000 से घटकर 7,000 रह गई। मंत्री ने कहा, वे (विपक्ष) हैरान हैं क्योंकि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली हमारी सरकार बहुत काम कर रही है और महिलाएं छठ के उत्सव की तैयारियों की प्रशंसा कर रही हैं। वर्मा ने बताया कि आईएसबीटी से एकत्र किए गए पानी के नमूनों में भी सुधार देखा गया है और इस साल बैक्टीरिया की संख्या घटकर 8,000 रह गई है।

## संक्षेप

### भारत-ब्रिटेन संबंधों पर आधारित किताब का लंदन में विमोचन

लंदन। पिछले सात दशकों में भारत के प्रमुख सहयोगियों में से एक ब्रिटेन के साथ बदलते संबंधों की पृष्ठभूमि में विश्व मंच पर भारत की प्रगति को दर्शाने वाली एक किताब का यहां विशेष कार्यक्रम में विमोचन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार अशोक टंडन द्वारा लिखित पुस्तक द रिवर्स स्विंग: कोलोनियलिज्म टू कोऑपरेशन में अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से लेकर वर्तमान समय तक भारत-ब्रिटेन संबंधों का वर्णन किया गया है, जिसमें हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से व्यापार और आर्थिक सहयोग को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की संभावना है। ब्रिटेन में भारतीय पत्रकार संघ (आईजेए) द्वारा शुक्रवार शाम को आयोजित पुस्तक लोकार्पण और परिचर्चा में उन महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर विचार किया गया, जिन्होंने दोनों देशों के बीच आज की घनिष्ठ साझेदारी को आकार दिया है। टंडन आईजेए के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। टंडन ने कहा, यह पुस्तक पिछले सात दशकों में भारत-ब्रिटेन के राजनीतिक संबंधों का विश्लेषण है, जो उन परिस्थितियों और घटनाक्रमों पर प्रकाश डालती है।

# तनाव कम करने के लिए वार्ता करेंगे पाक व अफगानिस्तान

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अधिकारी सीमा पर जारी तनाव का बातचीत के जरिये समाधान निकालने के लिए शनिवार को तुर्किये में दूसरे दौर की बातचीत करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कतर की राजधानी दोहा में 19 अक्टूबर को पहले दौर की वार्ता के बाद पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर अस्थायी रूप से शांति बहाल होने के बाद यह वार्ता हो रही है। इस वार्ता की मेजबानी कतर और तुर्किये ने की थी और दोनों पक्ष आपसी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर को इस्तांबुल में फिर से मुलाकात करने पर सहमत हुए थे।

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने शुक्रवार को एक बयान में पुष्टि की कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगामी वार्ता होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्तांबुल में तुर्किये की मेजबानी में होने वाली अगली बैठक में एक ठोस निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने की उम्मीद करता है।

# रूस के हमले में यूक्रेन में चार की मौत

एजेंसी

कीव, 25 अक्टूबर (एपी) यूक्रेन में बीती रात रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 16 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि राजधानी कीव में शनिवार तड़के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में दो व्यक्तियों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। आपातकालीन सेवा ने टेलीग्राम पर लिखा कि एक स्थान पर एक गैर-आवासीय इमारत में आग लग



गई, जबकि दूसरे स्थान पर मिसाइलों का मलबा खुले क्षेत्र में गिर गया, जिससे आस-पास की इमारतों की खिड़कियों को नुकसान पहुंचा।

मेयर विटाली क्लिट्स्को ने हमले के दौरान टेलीग्राम पर लिखा, राजधानी में विस्फोट। शहर बैलिस्टिक हमले की चपेट में है। द्निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर व्लादिस्लाव हैवानेंको ने बताया कि क्षेत्र में रूसी हमलों में दो लोग मारे गए और सात अन्य घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि हमलों में इमारतें, निजी घर, एक दुकान और कम से कम एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने नौ मिसाइलें और 62 ड्रोन दागे, जिनमें से वायु रक्षा प्रणाली ने चार मिसाइलों और 50 ड्रोन को नष्ट कर दिया। रूस में, देश के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रात भर में रूस के ऊपर यूक्रेन के 121 ड्रोन मार गिराए।

# कहां है 12 हजार ट्रेनें, डबल इंजन सरकार के दावे खोखले : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने त्योहारों के मौसम में कई रेलगाड़ियों में यात्रियों की भीड़ होने को लेकर शनिवार को केंद्र और बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकारों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि फेल डबल इंजन सरकार के दावे खोखले साबित हुए हैं। गांधी ने यह सवाल भी किया कि 12,000 स्पेशल ट्रेनै कहां हैं?

रेल मंत्रालय ने एक अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 तक निर्धारित 12,011 रेल यात्राओं (रेलगाड़ियों के फेरों) की सूची पिछले दिनों जारी की थी। इसमें बताया गया था कि त्योहारों के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए देश के विभिन्न स्थानों से प्रतिदिन औसतन 196 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। अब तक एक दिन में संचालित विशेष रेलगाड़ियों की सबसे अधिक संख्या 18 अक्टूबर को लगभग 280 थी, जबकि सबसे कम आठ अक्टूबर को लगभग 166 थी। राहुल गांधी ने कुछ रेलगाड़ियों में यात्रियों की भीड़ से जुड़े वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, त्योहारों का महीना है - दिवाली, भाईदूज, छठ। बिहार में इन त्यौहारों का मतलब सिर्फ आस्था नहीं, घर लौटने की लालसा है - मिट्टी की खुशबू, परिवार का स्नेह, गांव का अपनापन। लेकिन यह लालसा अब एक संघर्ष बन चुकी है। राहुल



गांधी ने कहा, बिहार जाने वाली ट्रेनें ठसाठस भरी हैं, टिकट मिलना असंभव है और सफर अमानवीय हो गया है। कई ट्रेनों में क्षमता से 200 प्रतिशत तक यात्री सवार हैं - लोग दरवाजों और छतों तक लटके हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फेल डबल इंजन सरकारै के दावे खोखले हैं। कांग्रेस नेता गांधी ने सवाल किया, कहां हैं 12,000 स्पेशल ट्रेनें? क्यों हालात हर साल और बदतर ही होते जाते हैं। क्यों बिहार के लोग हर साल ऐसे अपमानजनक हालात में घर लौटने को मजबूर हैं? राहुल गांधी ने कहा कि अगर राज्य में रोजगार और सम्मानजनक जीवन मिलता, तो उन्हें हज़ारों किलोमीटर दूर भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने दावा किया, ये सिर्फ मजबूर यात्री नहीं, राजग की धोखेबाज नीतियों और नियत का जीता-जागता सबूत हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा सुरक्षित और सम्मानजनक हो यह अधिकार है।

# फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को अग्रणी राज्य बनायेंगे : तेजस्वी

एजेंसी

खगड़िया/भोजपुर। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि यदि गठबंधन की सरकार बनी, तो निवेश आकर्षित कर और फैक्ट्रियां स्थापित कर बिहार को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगे। खगड़िया जिले के परबत्ता और अलौली, तथा भोजपुर जिले के शाहपुर में लगातार सभाओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनकी लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने की नहीं, बल्कि राज्य के समग्र विकास की है। तेजस्वी ने कहा, हमें बिहार को नंबर-वन बनाना है, जिसके लिए निवेश लाना होगा, शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना होगा। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा यह कहकर बहाने बनाती है कि बिहार में भूमि की कमी है, इसलिए उद्योग नहीं लग सकते। तेजस्वी ने दावा किया कि उनकी सरकार राज्य में उद्योग



स्थापित करेगी और बिहार को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने केंद्र में रहते हुए बिहार में सुई बनाने की फैक्टरी तक नहीं लगाई। फैक्ट्रियां गुजरात में लगती हैं और वोट मांगने बिहार आ जाते हैं। यहां केवल लोगों को छलने आते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति को दिखावटी बताते हुए तेजस्वी ने आरोप लगाया शराब अमीरों के घर तक प्रशासन पहुंचा रहा है, जबकि गरीबों और महिलाओं को रात-रात भर छापों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने तंज किया कि पुलिस थानों में जब्त शराब चूहों द्वारा पी ली जाती है और गायब हो जाती है। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने नीतीश कुमार को हाइजैक कर लिया है, और अब वे बिहार का नेतृत्व करने में सक्षम नहीं रह गए हैं। उन्होंने कहा कि बदलाव का समय आ गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 20 दिन के भीतर ऐसा कानून लाया जाएगा, जिससे हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले, और 20 महीनों में नियुक्तियां पूरी कर दी जाएंगी। तेजस्वी ने कहा, डिग्रीधारी बेरोजगारों का दर्द अब देखा नहीं जाता। जो लोग पूछते हैं कि नौकरियों के लिए पैसा कहां से आएगा, मैं जल्द ही अपनी विस्तृत योजना सामने रखूंगा। खगड़िया में हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जुलाई से दिसंबर तक क्षेत्र जलभराव से जूझता रहता है, लेकिन किसी सरकार ने इस दिशा में ठोस प्रयास नहीं किए।

## इंटरटेनमेंट...

# परेश रावल ने 'दृश्यम 3' का रोल ठुकराया

**मुंबई।** एक्टर परेश रावल ने बताया कि उन्हें अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' में रोल ऑफर किया गया था, लेकिन उन्होंने यह रोल ठुकरा दिया। परेश ने कहा कि स्क्रिप्ट बहुत अच्छी थी, लेकिन जो किरदार उन्हें मिला, वह उन्हें पसंद नहीं आया। बॉलीवुड हंगामा से बात करते हुए परेश ने कहा, 'हां, प्रोड्यूसर्स ने मुझसे संपर्क किया था, लेकिन मुझे नहीं लगा कि यह रोल मेरे लिए सही है। मेरे रोल के बारे में पढ़कर मजा नहीं आया। स्क्रिप्ट वाकई




बहुत अच्छी है, लेकिन किसी भी अच्छी स्क्रिप्ट में आपको ऐसा रोल चाहिए जो आपको उत्साहित करे, वर्ना मजा नहीं आएगा।' 'दृश्यम 3' के हिंदी वर्जन में अजय देवगन और श्रिया सरन लीड रोल में होंगे। फिल्म को अभिषेक पाठक डायरेक्ट और कुमार मंगत प्रोड्यूस करेंगे। दृश्यम का पहला पार्ट 2015 और दूसरा पार्ट 2022 में रिलीज हुआ था। वहीं, 'दृश्यम 3' की रिलीज डेट 2 अक्टूबर 2026 तय की गई है। बता दें कि बॉलीवुड फिल्में 'दृश्यम 1' और 'दृश्यम 2' दोनों ही मलयालम फिल्मों का हिंदी रीमेक थीं। पहली 'दृश्यम' (2013) मलयालम फिल्म का रीमेक थी। वहीं, 'दृश्यम 2' (2022) 2021 की मलयालम फिल्म 'दृश्यम 2' का रीमेक थी। दोनों ही मलयालम फिल्मों में मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। हिंदी वर्जन में मूल कहानी के सार को बनाए रखते हुए कुछ बदलाव किए, जैसे नए किरदारों को जोड़ना। वहीं, एक ओर जहां मोहनलाल ने मलयालम फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग शुरू कर दी है, वहीं अजय देवगन की फिल्म की शूटिंग भी जल्द ही शुरू होने वाली है।

# एक्टर सतीश शाह का निधन

**मुंबई।** सतीश शाह का जन्म 25 जून 1951 को एक गुजराती परिवार में हुआ था। एक्टर सतीश शाह का शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। वे 74 साल के थे। उनके मैनेजर ने बताया कि शाह का पार्थिव शरीर अस्पताल में ही रखा गया है।

अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। वे लंबे समय से किडनी से जुड़ी परेशानी से जूझ रहे थे और हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। सतीश शाह टीवी शो साराभाई वर्सेज साराभाई से फेमस हुए थे। उन्होंने मैं हूं ना (2004), कल हो ना हो (2003), फना (2006) और ओम शांति ओम (2007) जैसी कई मशहूर फिल्मों में काम किया था। साल 2008 में उन्होंने अर्चना पूरन सिंह के साथ टीवी शो कॉमेडी सर्कस में बतौर जज काम किया था। साल 2015 में सतीश शाह



को फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की सोसाइटी का सदस्य भी बनाया गया था। कॉमेडियन जॉनी लीवर ने सतीश शाह के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि वे उनके करीब 40 साल पुराने दोस्त थे। सतीश किडनी से पीड़ित थे।

उनका ट्रांसप्लांट कोलकाता में हो चुका था। डेढ़ महीने वहां रहकर वे पूरी तरह ठीक होकर वापस आए थे। अचानक आज खाना खाने के बाद वे गिर पड़े और उनका निधन हो गया।

# बॉलीवुड गायक सचिन सांघवी यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार

मुंबई। बॉलीवुड गायक और संगीतकार सचिन सांघवी को एक युवती को संगीत एल्बम में मौका देने और शादी का वादा करके कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि स्त्री 2 और भेड़िया के हिट गानों के लिए मशहूर सांघवी को बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने दावा किया कि वह फरवरी 2024 में सांघवी के संपर्क में आई थी और गायक ने इंस्टाग्राम पर



उसे एक संदेश भेजा था। अधिकारी ने बताया कि गायक-संगीतकार ने कथित तौर पर उसे अपने संगीत एल्बम में मौका देने का वादा किया था और दोनों ने एकदूसरे को अपने फोन नंबर दिए थे। उन्होंने बताया कि युवती ने आरोप लगाया है।

# बिग बॉस 19 : शो में हो सकता है डबल एलिमिनेशन

**मुंबई।** टीवी शो 'बिग बॉस 19' के शनिवार वाले 'वीकेंड का वार' एपिसोड में सलमान खान नीलम, नेहाल और बसीर को जमकर फटकार लगाएंगे। प्रोमो में सलमान कहते हैं, 'नीलम, दोस्त दोस्त न रहा, प्यार प्यार न रहा। तान्या की नई पार्टनर हैं फरहाना भट्ट। जब ये दोनों साथ घूमने लगे तो पूरा घर क्यों हिल

**नेहल-बसीर को सलमान ने लगाई फटकार, तान्या मित्तल से भी पूछे सवाल**

गया? बसीर और नेहाल आप दोनों को इतनी आग क्यों लगी? हमें पता है कि आप दोनों ने एक-दूसरे के बारे में क्या-क्या बातें की थीं। इसके बाद सलमान मृदुल से कहते हैं, 'तान्या ने आपको जो वीकेंड का ज्ञान वीक डे पर दिया था, वो क्या था? अब तान्या खुद बताएगी कि उसने वो बात किस इरादे से कही थी। जब वो बताएगी तो सबको तुरंत



समझ आ जाएगा। इस बार शो में हर हफ्ते एलिमिनेशन नहीं हो रहे हैं। कभी मेकर्स का फैसला बदल जाता है, तो कभी दीवाली वीक के कारण एविक्शन टल जाता है, लेकिन इस हफ्ते एलिमिनेशन पक्का है, वो भी एक नहीं, दो लोगों का। पिछले हफ्ते जिन चार कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट किया गया था, उनमें गौरव खन्ना, प्रणित मोरे, नेहल चुडासमा और बसीर अली के नाम शामिल हैं।

इस हफ्ते दो दिन तक वीकेंड का वार दिखाया जाएगा और इसी दौरान सलमान यह खुलासा करेंगे कि इस बार डबल एलिमिनेशन होगा। बिग बॉस से जुड़े अपडेट्स देने वाले पेजेज के मुताबिक, सबसे कम वोट नेहल को मिले हैं, इसलिए उनका जाना तय माना जा रहा है। अगर डबल एलिमिनेशन होता है तो बसीर भी बाहर होंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K